शर्मा হাৰ্ডৱেৰ
SHARMA HARDWARE
Sharma Gali, SJ Road
Athgaon, Guwahati-01
98648-02947
70025-06581

E-Paper : www.goodluckpublications.com, • www.vbslive.in

हिंदी दैनिक

गुवाहाटी, नई दिल्ली, शिमला और जम्मू से एकसाथ प्रकाशित

राष्ट्र निर्माण में प्रयत्नशील

# विकसित भारत समाचार

वर्ष : 10 | अंक : 144 | गुवाहाटी | बुधवार, 20 दिसंबर, 2023 | मूल्य : 10 रुपए | पृष्ठ : 8 | VIKSIT BHARAT SAMACHAR | Regd. RNI No. ASSHIN/2014/56526

लोस में कांग्रेस के राहुल-सोनिया समेत नौ सांसद बचे, दहाई के आंकड़े ... पेज 2

मंत्री अशोक सिंघल, अजंता नेउग, संजय किसान सहित कई विधायक शामिल पेज 3

हरियाणा में चार लाख 35 हजार युवाओं को रोजगार का इंतजार पेज 5

चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना-नेपोली में मुकाबला... पेज 7

## जनता के मन में खरा उतरने वाले ही पाएंगे लोकसभा का टिकट : पीएम



**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार सत्ता में आने के लिए अपनी चुनावी बिसात बिछा रही भाजपा एक-एक मोहरा पूरी तरह जांच-परखकर उतारेगी। इस दिशा में पार्टी ने कदम आगे बढ़ा दिया है। नमो एप पर शुरू किए गए जनमन सर्वे के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद जनता का मन टटोलने जा रहे हैं। इसके स्पष्ट संकेत हैं कि आमजन के मन में खरे उतरने वाले ही इस बार लोकसभा का टिकट पाएंगे। सर्वे में पूछे गए प्रश्नों के आधार पर केंद्र सरकार और प्रत्येक सांसद का रिपोर्ट कार्ड भी बनाया जाना है। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने नमो (नरेंद्र मोदी) एप पर शुरू हुए सर्वे को एक्स पर पोस्ट करते हुए जनता से आग्रह किया कि वे सरकारी योजनाओं और अपने क्षेत्र में हो रहे विकास आदि पर अपने विचार रखें। विकास आधारित राजनीति का दावा करने वाली भाजपा इस बार बारीकी से काम के आकलन के साथ ही चुनाव में जनता के बीच जाने का मन बना चुकी है। सरकार आंख मूंदकर अपनी पीठ थपथपाने के बजाय जनता से ही पूछने चली है कि उसके मन में सरकार किन-किन मानकों पर खरी उतरी है। दरअसल, भाजपा ने नमो एप पर जनमन सर्वे -शेष पृष्ठ दो पर

## ममता ने खड़गे को पीएम फेस बनाने का रखा प्रस्ताव, केजरीवाल ने किया समर्थन

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक को लेकर सूत्रों के हवाले से एक बड़ी खबर आई है। जानकारी के मुताबिक ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पीएम उम्मीदवार बनाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, खड़गे ने कहा कि इस पर चुनाव के बाद ही फैसला किया जाएगा। वहीं अरविंद केजरीवाल ने भी ममता बनर्जी के प्रस्ताव को स्वीकार किया। यह इंडिया ब्लॉक की चौथी बैठक के बाद आया है, जहां विपक्षी नेताओं ने सीट-बंटवारे, संयुक्त अभियान खाका और 2024 के लोकसभा चुनावों में भाजपा से मुकाबला करने की रणनीति बनाने सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। खड़गे ने कहा कि हमें पीएम नहीं, बल्कि एमपी के बारे में सोचना चाहिए। अगर हमारे पास एमपी नहीं रहेंगे -शेष पृष्ठ दो पर



### नीतीश-लालू नाराज गठबंधन की प्रेस कांफ्रेंस से पहले ही निकले बाहर

**नई दिल्ली/पटना।** इंडी गठबंधन की चौथी बैठक के बाद बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू यादव नाराज हो गए हैं। पीएम उम्मीदवारी को लेकर मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम सामने आया है। वहीं, संयोजक के तौर पर भी नीतीश के नाम पर कोई फैसला नहीं हुआ है। दरअसल, नीतीश कुमार और लालू यादव नाराज हैं; इसका अंदाजा इसी बात लगाया जा सकता है कि दोनों ही नेता बैठक -शेष पृष्ठ दो पर

পূৰ্বাঞ্চল কেশৰী
(অসমীয়া দৈনিক)
PURVANCHAL KESARI
(ASSAMESE DAILY)
GOOD LUCK PUBLICATIONS
House No. 30, D. Neog Path,
ABC, Guwahati - 781005
Mob: 94350 14771, 97070 14771

door graph
Premium Quality Hinges
S.S. Traders
Suppliers in : All kinds of Door Fittings Modular Kitchen & Accessories, etc.
D. Neog Path,
Near Dona Planet
ABC, G.S. Road,
Guwahati - 05
97079-99344

## किशोरावस्था में गर्भधारण की संख्या में गिरावट आई : सीएम



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि बाल विवाह के खिलाफ कार्रवाई के बाद राज्य में किशोरावस्था में गर्भधारण के मामलों में काफी गिरावट आई है और इस साल ऐसे मामलों की संख्या पिछले साल की 1,05942 की तुलना में 40,012 रह गई है। मुख्यमंत्री ने *एक्स* पर लिखा कि बाल विवाह और किशोरावस्था में गर्भधारण के खिलाफ हमारे अथक प्रयासों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। 2023-24 में किशोरावस्था में गर्भधारण के पंजीकृत मामलों की संख्या में काफी गिरावट के साथ 40,012 रह गई है, जो 2022-23 में 1,05,942 थी। मुख्यमंत्री द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के अनुसार धुबरी और दक्षिण सलमारा जिलों में पिछले वर्ष किशोरावस्था गर्भधारण के सबसे अधिक 14,769 मामले सामने आए थे, जो इस वर्ष यह घटकर 5,482 रह गए। इसके अलावा नगांव में ऐसे मामलों की संख्या 12,107 से घटकर 4,578 जबकि बरपेटा और बजाली जिलों में यह घटकर क्रमशः 11,449 से घटकर 4,000 रह गई।

### भाजपा-कांग्रेस ने उत्तरी कछार हिल्स परिषद चुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित की

**गुवाहाटी।** सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस ने मंगलवार को उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद (एनसीएचएसी) की सभी 28 सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसके लिए मतदान अगले साल 8 जनवरी को होगा। यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, राज्य के वित्त मंत्री अजंता नेओग ने कहा कि सूची दीमा हसाओ जिले में परिषद के प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र के वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तृत परामर्श के बाद तैयार की -शेष पृष्ठ दो पर

## मुख्यमंत्री ने की राहुल गांधी की तीखी आलोचना



**गुवाहाटी (हि.स.)।** मुख्यमंत्री डॉ हिमंत विश्व शर्मा ने आज संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान राज्यसभा अध्यक्ष तथा उपराष्ट्रपति की नकल करने के लिए विपक्षी नेता और टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी की तीखी आलोचना की। अपने एक्स पर उन्होंने आज लिखा कि कितनी शर्मनाक स्थिति है! देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के कर्ता-धर्ता, जो कभी दशकों तक सत्ता में रहे, इतने निचले स्तर तक गिर गए हैं। यह इस बात का जीवंत उदाहरण है कि हताशा किसी को कितना नीचे गिरा सकती है। अपमान! मिमिक्री की पूरी हरकत आश्चर्यजनक रूप से कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने मोबाइल से रिकॉर्ड की। राज्यसभा के अध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने संसद परिसर में प्रदर्शन के दौरान तृणमूल कांग्रेस के निलंबित सांसद कल्याण बनर्जी द्वारा उनका मजाक उड़ाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की और इसे *हास्यास्पद* और *अस्वीकार्य* बताया। संसद के मकर द्वार पर प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस -शेष पृष्ठ दो पर

## संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को समर्थन चिंताजनक : पीएम मोदी

**नई दिल्ली।** संसद की सुरक्षा में सेंध को विपक्षी नेताओं के मूक और परोक्ष समर्थन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गहरी चिंता जताई है। भाजपा संसदीय दल को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि हाल के चुनावों में मिली हार की हताशा में विपक्ष पूरे घटना को राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। ध्यान देने की बात है कि राहुल गांधी ने संसद की सुरक्षा में सेंध की असली वजह बेरोजगारी और महंगाई को बताया था। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि उनका एक मात्र उद्देश्य भाजपा की सरकार को हटाना है, जबकि हमारा उद्देश्य एक बेहतर भारत का निर्माण करना है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र में भरोसा



करने वाला कोई भी व्यक्ति संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने की घटना को स्वीकार नहीं कर सकता है। इस घटना की सिर्फ निंदा की जा सकती है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि चुनाव में हार की हताशा में विपक्ष इसे राजनीतिक रंग देने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष पूरी घटना को मूक और परोक्ष समर्थन दे रहा है, जो चिंता का विषय है और इसकी निंदा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सांसदों को गांव-गांव जाकर लोगों को विपक्ष की इस हरकत के बारे में बताना चाहिए। हमले को धार देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि विपक्ष के क्रियाकलापों से साफ है कि उसने विपक्ष में ही रहने का मन बना लिया है। साथ ही देश ने भी उन्हें विपक्ष में ही रखने का मन बना लिया है। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर

### सुप्रभात

*गरीब धन की इच्छा करता है, पशु बोलने योग्य होने की, आदमी स्वर्ग की इच्छा करते हैं और धार्मिक लोग मोक्ष की।*

**- आचार्य चाणक्य**

### न्यूज गैलरी

#### संवाद, बहस और चर्चा भारतीय संसदीय लोकतंत्र का आधार : बिरला

**नई दिल्ली (हि.स.)।** यूरोपीय संसद के भारत प्रकोष्ठ प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष मोर्टेन लोककेगार्ड तथा सुरक्षा एवं रक्षा उपसमिति की अध्यक्ष नथाली लोइसो के नेतृत्व में यूरोपीय संसद के एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ मंगलवार को संसद भवन में बैठक की। भारतीय लोकतंत्र के मंदिर में प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए बिरला ने कहा कि भारत विश्व का सबसे विशाल एवं जीवंत -शेष पृष्ठ दो पर

#### थाइलैंड में सेना के साथ मुठभेड़ में 15 ड्रग तस्करों की मौत

**बैंकॉक (हि.स.)।** थाइलैंड ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 15 ड्रग तस्करों को मार गिराया है। थाइलैंड की सेना ने नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यांमार सीमा पर यह कार्रवा की है। सेना ने तस्करों के पास से मादक पदार्थ मेथामफेटामाइन की 20 लाख गोलियां जब्त की। नारकोटिक्स कंट्रोल बोर्ड (एनसीबी) के अनुसार, सेना को चियांग प्रांत में सीमा के पास तस्करी की गुप्त सूचना -शेष पृष्ठ दो पर

## चुराचांदपुर में धारा 144 लागू स्थिति अभी भी तनावपूर्ण



**चुराचांदपुर (मणिपुर)।** मणिपुर सरकार ने नए सिरे से हिंसा के बाद चुराचांदपुर जिले में दो महीने के लिए दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा आदेश लागू किया है। एक आधिकारिक आदेश में यह जानकारी दी गई है। इस पूर्वोत्तर राज्य के विभिन्न हिस्सों में इस साल मई के बाद से जातीय संघर्ष जारी है। चुराचांदपुर जिले में सोमवार को खासतौर पर थिंगकांगफई गांव में कई स्थानों पर हिंसा की छिटपुट घटनाएं दर्ज की गईं। जिला मजिस्ट्रेट ने एक आदेश में कहा कि लोगों के दो समूहों के बीच टकराव के कारण शांति भंग -शेष पृष्ठ दो पर

## चीन में भूकंप से तबाही, 116 लोगों ने तोड़ा दम, 400 घायल



**बीजिंग।** उत्तर पश्चिमी चीन के सुदूर पर्वतीय क्षेत्र में मध्य रात्रि को आए शक्तिशाली, 6.2 तीव्रता के भूकंप में अब तक कम से कम 116 लोगों की मौत हो गई और करीब 400 अन्य घायल हो गए हैं। चीन भूकंप नेटवर्क केंद्र ने मंगलवार को बताया कि सोमवार रात 11 बजकर 59 मिनट पर गांसू और किनघई प्रांतों में हल्का भूकंप आया और इसका केंद्र जमीन में 10 किलोमीटर की गहरायी में था। विशेषज्ञों ने बताया कि हल्के भूकंप से बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान होता है। भूकंप का केंद्र लियुगोऊ शहर में था जो गांसू में जिशिशान काउंटी से करीब आठ किलोमीटर दूर है। किनघई प्रांत हिमालय के तिब्बत क्षेत्र से सटा है जहां महाद्वीपीय प्लेटों के टकराने से आए दिन भूकंप आते रहते हैं। इसके कुछ घंटों बाद -शेष पृष्ठ दो पर

## ढाका में अज्ञात लोगों ने ट्रेन को लगाई आग, चार मरे



**ढाका।** बांग्लादेश में अगले साल सात जनवरी को होने वाले चुनाव को लेकर जारी राजनीतिक उथल-पुथल के बीच अज्ञात लोगों ने मंगलवार को राजधानी ढाका में एक यात्री ट्रेन में आग लगा दी, जिससे एक महिला और उसके नाबालिग बेटे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। यह हमला, देश की मुख्य विपक्षी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) द्वारा चुनावों का बहिष्कार करने और चुनाव आयोग द्वारा घोषित चुनाव कार्यक्रम के खिलाफ औपचारिक विरोध शुरू करने के लिए -शेष पृष्ठ दो पर

## ज्ञानवापी मामले को 6 माह में निपटाने का निर्णय स्वागतयोग्य : विहिप



**नई दिल्ली (हि.स.)।** वाराणसी स्थित ज्ञानवापी-काशी विश्वनाथ मंदिर मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले का स्वागत करते हुए विश्व हिन्दू परिषद के अंतर्राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष और वरिष्ठ अधिवक्ता आलोक कुमार ने कहा कि यह हमारे लिए समाधान की बात है कि काशी विश्वनाथ की पुण्यभूमि को पुन: प्राप्त करने के मुकदमे को विलंबित और लंबा करने के सभी हथकंडे ध्वस्त हो रहे हैं। आज इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला जज के निर्णय की पुष्टि करते हुए कहा कि उक्त वाद किसी भी कानून द्वारा वर्जित नहीं है। आलोक कुमार के अनुसार मुकदमे में अनेक महत्वपूर्ण बिंदु उभरे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा है कि मुकदमों के फैसले में देरी से दो समुदायों के बीच तनाव बढ़ सकता है। उच्च न्यायालय ने ठीक ही कहा है कि मुकदमों का निपटारा 6 महीने के भीतर किया जाए। विश्व हिंदू परिषद इस फैसले का स्वागत करती है। हम चाहेंगे कि मुस्लिम पक्ष अब अति-तकनीकी आपत्तियां उठाने से बचे और मामले को गुण-दोष के आधार पर लड़े। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है, जिसके द्वारा 6 महीने की नियत समय सीमा के भीतर मुकदमे का फैसला किया जा -शेष पृष्ठ दो पर

## आईपीएल निलामी : ऑस्ट्रेलिया के पेट कमिंस बना इतिहास का सबसे महंगा प्लेयर



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2024 ऑक्शन का आगाज हो चुका है। जहां क्रिकेटरों की धुआंधार बोली लग रही है वहीं ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पैट कमिंस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने। पैट कमिंस, सनराइजर्स हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए में खरीदा उनका बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था। कमिंस पर पहली बोली चेन्नई सुपर किंग्स ने लगाई। इसके बाद मुंबई इंडियंस ने बोली लगानी शुरू की और दोनों केबीच 4.80 करोड़ रुपए तक बोली लगी। इसके बाद आरसीबी गेम में आ गई और चेन्नई 7.60 करोड़ रुपए तक बोली में रही। इसके बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने एंट्री की और अंत में सनराइजर्स हैदराबाद ने बाजी मार ली। इस तरह कमिंस आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने और उन्हें हैदराबाद ने 20.50 करोड़ रुपए में खरीद लिया। इसके अलावा भारतीय खिलाड़ी हर्षल पटेल का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था और उन पर पहली बोली गुजरात टाइटंस ने लगाई इसके बाद लखनऊ सुपर जायंट्स ने भी बोली लगानी शुरू कर दी और अंत में पंजाब किंग्स ने बाजी मारते हुए -शेष पृष्ठ दो पर

**CLASSIFIED**

For all kinds of classified advertisements please contact

**97070-14771**
**86382-00107**

**MURTI AVAILABLE**

Available all kinds of Marble & White Metal Murties, Ganesh Laxmi, Radha Krishna, Bishnu-Laxmi, Hanuman, Maa Durga, Saraswati, Shivling, Nandi etc.
**ARTCLE WORLD,** S-29, 2nd Floor, Shoppers Point, Fancy Bazar, Guwahati-01,
**Ph. : 94350-48866, 94018-06952**

# लोस में कांग्रेस के राहुल-सोनिया समेत नौ सांसद बचे, दहाई के आंकड़े पर सिमटा विपक्ष



**नई दिल्ली।** लोकसभा में लगातार निलंबन के बाद, इंडी गठबंधन ने शीतकालीन सत्र की अवधि के लिए अपनी दो-तिहाई से अधिक ताकत खो दी है। पूर्व पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित प्रमुख विपक्षी कांग्रेस के केवल नौ सांसद ही सदन में बचे हैं। मंगलवार को, कार्यवाही में बाधा डालने के लिए 49 विपक्षी सांसदों को बचे हुए सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया, जिससे लोकसभा में निलंबित सांसदों की कुल संख्या 95 हो गई। लोकसभा में इंडी गठबंधन पार्टियों की ताकत 138 थी, जिनमें से 43 सांसद अब सदन में बचे हुए हैं। आम आदमी पार्टी के एकमात्र लोकसभा सांसद सुशील कुमार रिंकू को भी निलंबित कर दिया गया है। अन्य इंडी गठबंधन पार्टियों में, विपक्ष का समर्थन कर रहे चार में से फ्लोर लीडर सुप्रिया सुले सहित शरद पवार गुट से संबंधित तीन राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। नेशनल कांफ्रेंस से फारूक अब्दुल्ला समेत तीन में से दो सांसदों को निलंबित कर दिया गया। शिवसेना (यूबीटी) के छह सांसदों में से किसी को भी निलंबित नहीं किया गया है। 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा उल्लंघन पर गृह मंत्री अमित शाह के बयान के लिए दबाव बनाने के लिए विपक्षी गठबंधन के सांसद सदन में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के सभी तीन सांसद, वीसीके और आरएसपी के अकेले सांसद, डिंपल यादव सहित समाजवादी पार्टी के तीन में से दो सांसद, सीपीआई (एम) के तीन में से दो सांसद और सीपीआई के दो में से एक सांसद को निलंबित कर दिया गया है। निचले सदन से निलंबित होने वाले सांसदों में दानिश अली भी शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में बसपा से निलंबित किया गया था।

## साले संग फरार हुई युवती, परिजनों ने जीजा की पिटा

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के हावेरी जिले के रानीबेन्नूर तालुक के चलागेरी गांव में युवक के एक युवती के साथ फरार हो जाने पर परिजनों ने उसके बहनोई का कथित तौर पर अपहरण कर जमकर पिटाई की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युवती के परिवार ने उसकी मर्जी के खिलाफ शादी तय कर दी थी जो 22 दिसंबर को होनी थी। पुलिस के अनुसार युवक और उसके परिजन शादी का प्रस्ताव लेकर युवती के घर गए, लेकिन वे इस पर सहमत नहीं हुए। उन्होंने बताया कि इसके बाद दोनों 15 दिसंबर को घर से फरार हो गए। उन्होंने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की पहचान प्रशांत के तौर पर की गई है। घटना के बाद युवती के परिवार को संदेह हुआ कि युवक के माता-पिता और रिश्तेदार उसका समर्थन कर रहे हैं।

## प्रधानमंत्री ने की नेतन्याहू से बात, हमास संघर्ष पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से बात की और इस दौरान मानवीय सहायता और बातचीत व कूटनीति के जरिए इजराइल-हमास संघर्ष के समाधान की जरूरत दोहराई। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक नेतन्याहू ने प्रधानमंत्री से टेलीफोन पर बात की और उन्हें इजरायल-हमास संघर्ष में हाल के घटनाक्रमों के बारे में जानकारी दी। बातचीत के दौरान दोनों नेताओं ने समुद्री यातायात की सुरक्षा के संबंध में चिंताओं को साझा किया। पीएमओ के अनुसार कि प्रधानमंत्री ने प्रभावित आबादी के लिए मानवीय सहायता जारी रखने की आवश्यकता को दोहराया और बातचीत तथा कूटनीति के माध्यम से सभी बंधकों की रिहाई सहित संघर्ष के शीघ्र और शांतिपूर्ण समाधान पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई। बाद में मोदी ने *एक्स* पर एक पोस्ट में कहा कि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ चल रहे इजरायल-हमास संघर्ष पर विचारों का सार्थक आदान-प्रदान हुआ, जिसमें समुद्री यातायात की सुरक्षा पर साझा चिंताएं भी शामिल थीं। उन्होंने कहा कि प्रभावितों के लिए निरंतर मानवीय सहायता के साथ क्षेत्र में शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के पक्ष में भारत के निरंतर रुख पर प्रकाश डाला। हमास की ओर से सात अक्तूबर को इजराइल पर किए गए भीषण हमले के बाद से इजराइल ने जवाबी हमले शुरू किए, जिसमें अब तक करीब 20,000 फलस्तीनियों की मौत हो चुकी है जबकि लगभग 19 लाख लोग विस्थापित हुए हैं।

## पुनर्वासित बंगाली लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने के लिए आयोग ने राज्यों से मांगी रिपोर्ट

**नई दिल्ली (हि.स.)।** पुनर्वासित बंगाली समाज के नमःशुद्र, पौंड्र व राजवंशी उपजाति को अनुसूचित जाति का दर्जा दिलाने के लिए राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने संज्ञान लिया है। इस संबंध में आयोग ने अध्यक्ष अरुण हालदार के निर्देशानुसार संबंधित राज्यों को जांच के आदेश दिए हैं और रिपोर्ट मांगी है। इस संबंध में अरूण हालदार ने कहा कि साल 1947 में पूर्वी पाकिस्तान से आए लोगों को साल 1960 से भारत सरकार द्वारा 18 राज्यों में पुनर्वासित किया गया था। इनमें से नमःशुद्र, पौंड्र व राजवंशी उपजातियों को अनुसूचित जाति का दर्जा मिला लेकिन दिल्ली, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, उत्तराखंड, झारखंड व कर्नाटक में इन्हें आज तक अनुसूचित जाति का दर्जा नहीं मिल सका है।

## रोहिंग्या प्रवासियों को शरण देने वाले चार लोग गिरफ्तार, कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

**जम्मू (हि.स.)।** जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में अवैध रूप से बसे रोहिंग्या प्रवासियों को शरण देने वालों की पहचान करने के लिए पुलिस ने बड़ा अभियान चलाया है। इसी के तहत मंगलवार को चार लोगों को गिरफ्तार करने के अलावा कई अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस के अनुसार पुंछ में तीन और राजौरी से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि डोडा में 10 अन्य लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इसके अलावा जम्मू के विभिन्न पुलिस स्टेशनों में सात प्राथमिकी दर्ज की गईं, जहां पुलिस दलों ने सात पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में लगभग 30 स्थानों पर रोहिंग्या बस्तियों में छापा मारा और घर-घर जाकर की तलाशी ली है। जम्मू-सांबा-कठुआ रेंज के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) शक्ति पाठक ने जम्मू में रोहिंग्या बस्ती के बाहर संवाददाताओं से कहा कि कुछ स्थानीय लोगों ने बाहरी अप्रवासियों को बसाने के लिए अपनी ?मीन उपलब्ध कराई है। कार्रवाई की निगरानी कर रहे पाठक ने कहा कि जम्मू शहर में सात पुलिस स्टेशनों के अधिकार क्षेत्र में लगभग 30 स्थानों की तलाशी ली गई। विदेशी प्रवासियों को आश्रय देने वाले लोगों के खिलाफ सतवारी, त्रिकुटा नगर, बाग-ए-बाहु, छन्नी हिम्मत, नोवाबाद, दोमाना और नगरोटा पुलिस स्टेशनों में सात एफआईआर दर्ज की गईं हैं। अधिकारी ने कहा कि मजिस्ट्रेटों की मौजूदगी में तलाशी अलग-अलग स्थानों पर की गई, जहां गैर-नागरिकों को ठहराया गया है। आवासीय स्थानों पर तलाशी के दौरान अवैध रूप से हासिल किए गए भारतीय दस्तावेजों जैसे पैन कार्ड, आधार कार्ड और बैंक दस्तावेज और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। अधिकारियों ने बताया कि पुंछ जिले के धारग्लून गांव में रोहिंग्या का फर्जी आधार कार्ड और राशन कार्ड बनाने के आरोप में नजीर अहमद गुज्जर, मोहम्मद सयाफ और वसीम अकरम नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने कहा कि गुज्जर ने 2016 में अपनी बेटी फरजाना कोसेर की शादी रोहिंग्या मोहम्मद नुमान से की थी। गुज्जर ने अपने दामाद के लिए फर्जी आधार कार्ड और राशन कार्ड का प्रबंध किया था। उन्होंने बताया कि नुमान को 30 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। अधिकारी ने कहा कि एक अन्य सूत्रधार लाल दीन को हलीमा नामक म्यांमार की महिला की गिरफ्तारी के बाद अक्तूबर में दर्ज एक मामले की जांच के बाद राजौरी जिले में उसके लाम-नौशेरा निवास से गिरफ्तार किया गया था, जो वर्तमान में जमानत पर है।

## शरणार्थी शिविर पर इजरायली हमले में दस मरे, यूएन ने जताई नाराजगी

**संरा।** संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मंगलवार को गाजा के अस्पतालों की स्थिति के बारे में नाराजगी अविश्वास व्यक्त किया, जहां घायल लोगों के पास बुनियादी आपूर्ति नहीं है और चल रहे संघर्ष में अंग-भंग से उबर रहे बच्चे मारे जा रहे हैं। गाजा के अधिकांश अस्पताल अब हमलों में क्षति, इजरायली छापे और ईंधन और कर्मचारियों की कमी के कारण काम नहीं कर रहे हैं। जो अभी भी खुले हैं उन पर हड़तालों और बीमार एवं घायल मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण दबाव बढ़ रहा है। इजराइल ने मंगलवार को टूटी हुई गाजा पट्टी पर बमबारी जारी रखी, जबकि यमन के फिलिस्तीन समर्थक हौथी आंदोलन ने अमेरिका के नेतृत्व वाले नौसैनिक मिशन की अवहेलना करने और लाल सागर में इजराइली ठिकानों को निशाना बनाने की कसम खाई। यमन का ईरान-गठबंधन हौथी समूह मिसाइलों और ड्रोन के साथ जहाजों पर हमला कर रहा है, जिसने क्षेत्र में वाणिज्य की रक्षा के लिए एक बहुराष्ट्रीय नौसैनिक अभियान के निर्माण को प्रेरित किया है, लेकिन हौथिस ने कहा कि वे वैसे भी जारी रखेंगे। तुर्की ने कहा कि उसने उस कंपनी की वित्तीय गतिविधियों की समीक्षा की थी जिसके शेयरधारकों पर हमास को सहायता प्रदान करने के आधार पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा प्रतिबंध लगाया गया था और पाया गया कि उसकी वित्तीय प्रणाली का कोई दुरुपयोग नहीं हुआ था। संयुक्त राज्य अमेरिका ने 27 अक्तूबर को फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास के उद्देश्य से प्रतिबंध जारी किए, जिनमें तुर्की रियल एस्टेट निवेश फंड ट्रेंड जीवाईओ के तीन प्राथमिक शेयरधारक शामिल थे, जिनमें इसके अध्यक्ष और एक बोर्ड सदस्य भी शामिल थे।

## स्टार सीमेंट बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023 में बिहार में निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हुआ

**पटना।** *बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023* एक वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन जो हाल ही मे पटना में संपन्न हुआ। *बिहार बिजनेस कनेक्ट 2023* एक ऐसा मंच है जहां प्रमुख व्यावसायिक घराने, संभावित निवेशक, शिक्षाविद, उद्यमी, निर्णय-निर्माता, नीति-निर्माता, उद्योग संघ और व्यापार निकाय एक साथ मिलते हैं जिससे वे व्यावसायिक विचारों पर चर्चा और विचार-विमर्श कर सकें। इस कार्यक्रम में 302 से अधिक घरेलू और विदेशी कंपनियों ने भाग लिया। शिखर सम्मेलन में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा और उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ उपस्थित थे। स्टार सीमेंट लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) प्रदीप पुरोहित ने शिखर सम्मेलन में भाग लिया और उन्होंने बिहार में स्टार सीमेंट लिमिटेड की ओर से निवेश करने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की। बिहार सरकार ने एकल खिड़की निकासी (सिंगल विंडो क्लीयरेंस) और औद्योगिक नीति समर्थन सहित सभी प्रकार की सहायता देने पर सहमति व्यक्त की। व्यवसाय शिखर सम्मेलन में बोलते हुए पुरोहित ने कहा कि हम बिहार सरकार के साथ इस रणनीतिक सहयोग से उत्साहित हैं, हम राज्य सरकार के लिए परिवर्तनकारी समाधान बनाने के लिए तत्पर हैं।

# पृष्ठ एक का शेष

### जनता के मन ...

शुरू किया है। इस सर्वे में कोई भी व्यक्ति अपना नाम, मोबाइल नंबर, शहर और संसदीय क्षेत्र आदि का ब्योरा भरकर पंजीयन करा सकता है। इस ऑनलाइन सर्वे में कुल 14 प्रश्न पूछे गए हैं। इसमें सबसे पहला प्रश्न सरकार को लेकर ही है कि मोदी सरकार के समग्र प्रदर्शन से आप कितने संतुष्ट हैं? जनता का मन इस पर टटोला जा रहा है कि पिछली सरकारों के समय की तुलना में अब उसकी आशाएं कितनी मजबूत हुई हैं। विश्व में भारत की बढ़ती साख पर जनता की राय ली जा रही है। आधारभूत सुविधाओं के विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार के अवसर, किसानों की संपन्नता, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, महिला सशक्तीकरण और राष्ट्रीय सुरक्षा सहित 11 बिंदुओं पर यह जानने का प्रयास किया जा रहा है कि इन मानकों पर मोदी सरकार को लेकर जनता का क्या आकलन है। सिर्फ सरकार ही नहीं, इस सर्वे के माध्यम से एक-एक सांसद के प्रदर्शन का लेखाजोखा तैयार किया जाना है। सांसद के प्रदर्शन और उपलब्धता पर क्षेत्र के नागरिकों का फीडबैक लेने के साथ ही ये बिंदु भी शामिल किए गए हैं कि क्या आप अपने सांसद द्वारा की गई पहलों से वाकिफ हैं? क्या आप अपने सांसद के काम से संतुष्ट हैं और क्या आपके सांसद क्षेत्र में लोकप्रिय हैं? विकास के प्रति सांसद कितने सक्रिय रहे हैं, इसका आकलन करने के लिए क्षेत्र के निवासियों से सड़क, पेयजल, शिक्षा, बिजली, स्वास्थ्य आदि पर पूछा है कि वे कितने संतुष्ट हैं? ये बिंदु मौजूदा सांसदों का रिपोर्ट कार्ड तैयार करेंगे। अंकों के आधार पर तय किया जाएगा कि उन्हें दोबारा चुनाव मैदान में उतारा जाए या नहीं। इतना ही नहीं, इस सर्वे के माध्यम से भाजपा नए संभावित प्रत्याशियों की तलाश भी करना चाहती है। यह बहुत महत्वपूर्ण है कि जनता से क्षेत्र के तीन सबसे लोकप्रिय भाजपा नेताओं के नाम भी पूछे गए हैं। उल्लेखनीय है कि नमो एप की निगरानी सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय द्वारा की जाती है। इस एप के माध्यम से सरकार और संगठन से जुड़ी गतिविधियों पर प्रधानमंत्री मोदी की भी नजर रहती है। माना जा रहा है कि नमो एप के इस सर्वे में मिलने वाले फीडबैक से प्रधानमंत्री खुद अपने मौजूदा सांसदों की कॉपी जांचने वाले हैं। सरकार और सांसदों के प्रदर्शन का आकलन करने के साथ ही इन 14 प्रश्नों में यह प्रश्न भी शामिल है कि क्या आप 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट देना चाहेंगे? इसके पहले यह प्रश्न भी पूछा गया है कि आपके लिए महत्वपूर्ण मुद्दा क्या है। इसमें विकास संबंधी कार्यों के साथ ही प्रधानमंत्री पद के प्रत्याशी, राजनीतिक दल और राष्ट्रवाद के भी विकल्प दिए गए हैं।

### ममता ने खड़गे को ...

तो हम प्रधानमंत्री चेहरा होकर क्या करेंगे। इसलिए हमें मिलकर सबसे पहले चुनाव जीतना है। उसके बाद हम प्रधानमंत्री पद को लेकर फैसला लेंगे। इंडिया ब्लॉक की बैठक पहले 6 दिसंबर को होनी थी, लेकिन ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल जैसे कई प्रमुख नेताओं के यह कहने के बाद इसे स्थगित करना पड़ा कि वे इसमें शामिल नहीं हो पाएंगे। चौथी बैठक 13 दिसंबर की लोकसभा सुरक्षा उल्लंघन पर विरोध प्रदर्शन करने और नारे लगाने के लिए विभिन्न विपक्षी दलों के 141 सांसदों को सदन से निलंबित किए जाने की पृष्ठभूमि में हो रही है, जो एक सत्र में सबसे अधिक है। इंडिया एलायंस की बैठक पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बैठक अच्छी रही। प्रचार, सीट बंटवारा और सब कुछ जल्द ही शुरू होगा। नहीं (संयोजक का चयन नहीं किया गया है) अभी तक। सांसद वाइको कहते हैं कि पीएम चेहरे के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे के उस सुझाव का कोई विरोध नहीं हुआ। अखिलेश यादव ने कहा कि जल्द ही टिकट वितरण के बाद सभी पार्टियां मैदान में उतरने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कि मैंने पहले दिन से कहा है कि इंडिया अलायंस की रणनीति पीडीए होगी। हम भाजपा को हराएंगे...यूपी में 80 हराओ और लोकतंत्र बचाओ।

### नीतीश-लालू नाराज ...

के बाद होने वाली प्रेस कांफ्रेंस में नजर नहीं आए। जानकारी यह भी मिली है कि दोनों ही नेता बैठक खत्म होने से पहले ही बाहर निकल गए थे। इस बात को लेकर भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने भी निशाना साधा है। बैठक खत्म होने के बाद सबसे पहले झामुमो की सांसद महुआ माजी ने मीडिया से बात की थी। उन्होंने बैठक को सार्थक बताया था। इसके बाद राजद सांसद मनोज झा भी सामने आए। उन्होंने भी बैठक के बाद कहा कि अगले 20 दिन में सब शुरू हो जाएगा। हालांकि, गठबंधन का संयोजक बनाने और प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवारी को लेकर उन्होंने कहा कि इस पर कोई बात नहीं हुई। इंडी गठबंधन की बैठक के बाद हुई प्रेस कांफ्रेंस में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने तय हुई बातों की जानकारी मीडिया के साथ साझा की। उन्होंने कहा कि गठबंधन में सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय कर लिया गया है। उन्होंने बंगाल की सीएम ममता बनर्जी और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की ओर से अपना नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाए जाने को लेकर भी रुख स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि मैं वंचितों के लिए काम करता हूं। गठबंधन का पहला लक्ष्य चुनाव जीतना और बहुमत हासिल करना होगा। इसके बाद सांसद लोकतांत्रिक तरीके से इसका फैसला करेंगे। बता दें कि लालू यादव बैठक से पहले खूब बोले थे। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए सब अच्छा होने की बात कही थी। यहां तक कि पीएम मोदी को लेकर पूछे गए सवाल पर वह उखड़ गए थे। उन्होंने उल्टा मीडिया से ही सवाल कर दिया था कि कौन मोदी?

### भाजपा-कांग्रेस ने उत्तरी...

गई है। केंद्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी गतिविधियों के कारण डिमा हसाउ में भाजपा के पक्ष में सकारात्मक लहर चल रही है। हम सभी सीटें जीतेंगे और विपक्ष को कुछ नहीं मिलेगा। एनसीएचएसी के मुख्य कार्यकारी सदस्य देबोलाल गोरलोसा अपने वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र देहांगी से चुनाव लड़ेंगे, जबकि एक अन्य प्रमुख नेता और परिषद के कार्यकारी सदस्य हेन सैमुअल चांगसन दीगर से फिर से चुनाव लड़ेंगे। इस बीच, असम कांग्रेस के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा ने आगामी चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवारों की सूची को मंजूरी देते हुए कहा कि युवाओं और महिलाओं को अधिक महत्व दिया गया है। 28 सीटों में से, हमने 25-35 वर्ष की आयु के 18 लोगों को नामांकित किया है और चार महिला कार्यकर्ताओं को टिकट दिया है। असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष (मीडिया विभाग) बेदाब्रत बोरा ने कहा कि हमें परिषद में प्रशासन बनाने की उम्मीद है। एनसीएचएसी का मतदान अगले साल 8 जनवरी को मतपत्रों के जरिये होगा। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 दिसंबर तय की गई है और अगले दिन आवेदनों की जांच की जाएगी। उम्मीदवारी वापस लेने की अंतिम तिथि 22 दिसंबर है और वैध उम्मीदवारों की सूची उसी दिन प्रकाशित की जाएगी।

### मुख्यमंत्री ने की ...

प्रमुख राहुल गांधी को अपने स्मार्टफोन से तृणमूल कांग्रेस सांसद का वीडियो बनाते देखा गया, जबकि कल्याण बनर्जी अन्य निलंबित सांसदों के साथ उपराष्ट्रपति की नकल करते दिखे। सभा की कार्रवाई स्थगित होने के बाद दोपहर में जैसे ही सदन दोबारा शुरू हुआ, धनखड़ ने घटना पर ध्यान दिया और कहा कि राज्यसभा के अध्यक्ष का कार्यालय और सभापति का कार्यालय बहुत अलग है। राजनीतिक दलों की अपनी-अपनी धाराएं होंगी, और उनके बीच आदान-प्रदान होगा, लेकिन कल्पना कीजिए कि आपकी पार्टी का एक वरिष्ठ नेता किसी अन्य पार्टी के किसी अन्य सदस्य की वीडियोग्राफी कर रहा है। सभापति की नकल, अध्यक्ष की नकल। कितना हास्यास्पद, कितना शर्मनाक, कितना अस्वीकार्य।

### संसद की सुरक्षा...

कहा कि हो सकता है कि आगामी लोकसभा चुनाव में विपक्ष को मौजूदा संख्या बल से भी हाथ धोना पड़े। उन्होंने विपक्ष पर हमले के दौरान भाजपा सांसदों को लोकतांत्रिक मर्यादाओं का ध्यान में रखने और संयत बरतने की सलाह दी। वहीं यह इशारा भी किया कि अगली बार भाजपा और बड़ी जीत के साथ आएगी। उन्होंने कहा- मुझे आशा है कि 2024 में पूरा ब्लाक भरा होगा। संसद को नहीं चलने देने की विपक्ष की जिद की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कोई संसद की कार्यवाही में हिस्सा ले या नहीं, हमें जरूर हिस्सा लेना चाहिए। भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम से जुड़े तीन विधेयकों की इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में संसद के भीतर अहम विधेयकों पर चर्चा होगी और उसे जरूर सुनना चाहिए। उन्होंने कहा कि यदि विपक्ष भी इस चर्चा में हिस्सा लेता तो अच्छा होता, लेकिन शायद विपक्ष की किस्मत में अच्छा काम लिखा ही नहीं है। पिछले 10 सालों के दौरान संसदीय दल की लगभग सभी बैठकों हिस्सा लेने को अपना सौभाग्य बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि उनके भीतर का कार्यकर्ता अभी तक जीवित है। उन्होंने पिछले दो दिनों में बनारस में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान जनता के साथ जुड़ाव, काशी तमिल संगमम के दौरान भाषिणी एप की मदद से लगभग रियल टाइम में हिंदी के साथ तमित में संबोधन और सूरत में डायमंड बोर्स के उद्घाटन के दौरान बदलते और विकसित होते भारत के अनुभवों को साझा किया। प्रधानमंत्री ने सांसदों को याद दिलाया कि आगामी लोकसभा चुनाव में पहली बार वोट डालने वाला युवा 2014 में महज आठ साल का होगा। इन युवाओं में सिर्फ देश का विकास होते देखा है, उन्हें संप्रग सरकार के दौरान के भ्रष्टाचार, महंगाई, नीतिगत जड़ता के बारे में जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इन युवाओं को 2014 के पहले की स्थितियों के बारे में बताना होगा। उन्होंने मतदाता दिवस पर युवा मतदाताओं से संपर्क का अभियान चलाने की सलाह दी। प्रधानमंत्री ने सभी सांसदों को विकसित भारत संकल्प यात्रा को सफल बनाने के लिए काम करने को कहा।

### चुराचांदपुर में धारा ...

होने की आशंका अब भी हैज्और स्थिति अभी तनावपूर्ण है। निषेधाज्ञा आदेश सोमवार को लागू किया गया और यह 18 फरवरी 2024 तक लागू रहेगा। इसके तहत पांच और उससे अधिक लोगों के एकत्रित होने तथा हथियार रखने पर मनाही है। जिला मजिस्ट्रेट धारुन कुमार एस. ने कहा कि कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रभावित इलाकों में शांति बनाए रखने के लिए सभी प्रयास किए हैं। मणिपुर में अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मेइती समुदाय की मांग के विरोध में पर्वतीय जिलों में तीन मई को आयोजित *आदिवासी एकजुटता मार्च* के बाद जातीय हिंसा भड़क गई थी, जिसमें 180 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। मणिपुर की आबादी में मैतेई लोगों की संख्या लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इम्फाल घाटी में रहते हैं, जबकि आदिवासी जिनमें नागा और कुकी शामिल हैं, वे 40 प्रतिशत हैं और मुख्य रूप से पहाड़ी जिलों में रहते हैं।

### चीन में भूकंप ...

मंगलवार को सुबह नौ बजकर 46 मिनट पर पड़ोसी शिनजियांग उइगर स्वायत्त क्षेत्र में दूसरा भूकंप आया। खबरों के अनुसार, भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर की गहरायी में था। गांसू और किनघई में भी भूकंप के बाद के झटके भी महसूस किए गए। स्थानीय मीडिया में आई खबरों के अनुसार, गांसू में भूकंप से 105 लोगों की मौत हुई जबकि किनघई में 11 लोगों की मौत हुई। अधिकारियों ने बताया कि अभी तक भूकंप प्रभावित इलाकों में 397 लोगों के घायल होने की खबर है। भूकंप से जिशिशान में 6,381 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। प्रांतीय आपात प्रबंधन विभाग के प्रवक्ता हान शुजुन ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अभी तक भूकंप के बाद के 32 झटके महसूस किए गए हैं, जिनमें से सबसे ज्यादा तीव्रता 4.0 रही। भूकंप से कुछ ग्रामीण सड़कें नष्ट हो गईं जिससे बिजली गुल हो गई और दूरसंचार सेवाएं ठप हो गई। परिवहन मंत्रालय ने मंगलवार को सुबह बताया कि भूकंप के कारण *पीली नदी* पर बने एक पुल में दरार आ गई है। स्थानीय मौसम विज्ञान प्राधिकारियों के अनुसार, जिशिशान में मंगलवार को पारा शून्य से 10 डिग्री सेल्सियस तक गिरने की आशंका है। प्रांतीय दमकल एवं बचाव विभाग ने आपदाग्रस्त क्षेत्र में 580 बचावकर्मियों, 12 खोजी कुत्तों और 10,000 से अधिक उपकरण भेजे हैं। रेलवे प्राधिकरण ने भूकंप प्रभावित क्षेत्र में यात्री और मालवाहक ट्रेन निलंबित कर दी है और रेलवे की पटरियों की सुरक्षा जांच का आदेश दिया है। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने भूकंप के बाद हताहतों की संख्या कम करने के लिए हरसंभव प्रयास करने का आदेश दिया है। शी ने स्थानीय प्राधिकारियों से घायलों को शीघ्र उपचार उपलब्ध कराने और भूकंप तथा मौसम की स्थिति पर करीबी नजर रखने को कहा है।

### ढाका में अज्ञात...

चल रहे अभियान के तहत बुलाए गए राष्ट्रव्यापी बंद के दौरान हुआ। पिछले कुछ महीनों में ट्रेन में आगजनी की यह पांचवी घटना है। इस बार चार लोगों की इसमें जान चली गई। पुलिस और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि राजधानी के प्रवेश बिंदु पर हवाईअड्डा रेलवे स्टेशन से, ढाका जाने वाली अंतर-जिला मोहनगंज एक्सप्रेस खुलने के तुरंत बाद उपद्रवियों ने सुबह ट्रेन के तीन डिब्बों में आग लगा दी। तेजगांव पुलिस थाने के प्रभारी मोहम्मद मोहसिन ने कहा कि हवाईअड्डा स्टेशन से ट्रेन खुलने के बाद यात्रियों ने आग देखी, जिसके बाद इसे अगले पड़ाव तेजगांव स्टेशन पर रोक दिया गया। बीएनपी द्वारा आहूत हड़ताल के बीच ट्रेन में आग लगाए जाने से एक महिला और उसके बच्चे समेत कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। मोहसिन ने कहा कि एक अन्य नाबालिग लड़का लापता है, और उसकी मां जले हुए डिब्बे के सामने उसका इंतजार कर रही थी, क्योंकि अग्निशमन सेवा के बचाव दल अंदर तलाशी ले रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि लोकोमोटिव मास्टर ने तेजगांव में ट्रेन रोकी, जहां अग्निशमन सेवा के बचावकर्मियों ने आग बुझाई और चार शव निकाले। दो मृतकों की पहचान नहीं हो पाई।

### ज्ञानवापी मामले को ...

सकता है। उल्लेखनीय है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने आज मुस्लिम पक्ष के द्वारा मस्जिद परिसर के सर्वे और वजूखाने के सर्वे सहित अनेक मामलों पर आपत्तियां उठाई थीं, जिसे खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने कहा कि निचली अदालत छह माह में वाद तय करे। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने सिविल वाद को पोषणीय अर्थात मुकदमा चलाए जाने योग्य माना है और कहा है कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 से यह सिविल वाद बाधित नहीं है। आदेश 7 नियम 11सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत सिविल वाद निरस्त नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से दाखिल याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा यह सिविल वाद राष्ट्रीय महत्व का है। दो व्यक्तिगत पक्षों के बीच विवाद नहीं है। यह दो बड़े समुदायों को प्रभावित करता है। कोर्ट ने कहा 32 साल से सिविल वाद लंबित है। पिछले 25 साल तक अंतरिम आदेश के कारण सुनवाई रुकी रही। कोर्ट ने कहा राष्ट्र हित में सिविल वाद यथाशीघ्र तय होना चाहिए। दोनों पक्ष सुनवाई में देरी के बगैर सुनवाई में सहयोग करें। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को यथासंभव छह माह में वाद तय करने का निर्देश दिया है और कहा है कि सुनवाई अनावश्यक रूप से स्थगित न की जाए। ऐसी दशा में पक्ष पर भारी हर्जाना लगाया जाए। कोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को साइंटिफिक सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश करने का निर्देश दिया और कहा कि जरूरी होने पर सर्वे जारी रखा जाए। अधीनस्थ अदालत आदेश जारी करें। कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी याचिकाएं खारिज कर दी हैं। कोर्ट ने कहा कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991मे धार्मिक चरित्र परिभाषित नहीं किया गया है, केवल पूजा स्थल व बदलाव को परिभाषित किया गया है। किसी स्थान का धार्मिक चरित्र क्या है यह दोनों पक्षों के दावे प्रतिदावे व पेश सबूतों के आधार पर सक्षम अदालत तय कर सकती है। विवादित मुद्दा तथ्य व कानून का है। कोर्ट ने कहा ज्ञानवापी परिसर का हिंदू धार्मिक चरित्र है या मुस्लिम धार्मिक चरित्र, साक्ष्यों के आधार पर प्रारंभिक कानूनी मुद्दे नियत कर अदालत तय कर सकती हैं। कोर्ट ने कहा 1991 का कानून पूजा स्थल में 15 अगस्त, 1947 की स्थिति में बदलाव को प्रतिबंधित करता है। किंतु कानून में पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र तय करने की प्रक्रिया नहीं दी गई है।

### आईपीएल निलामी : ऑस्ट्रेलिया...

हर्षल पटेल को 11.75 करोड़ रुपए में खरीद लिया। वहीं, दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर गेराल्ड कोएट्जी का बेस प्राइस 2 करोड़ रुपए था और उन्हें मुंबई इंडियंस ने 5 करोड़ रुपए में खरीदा। भारत के स्टार ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर को चेन्नई सुपर किंग्स ने 4 करोड़ रुपए में खरीदा. शार्दुल का बेस प्राइज 2 करोड़ रुपए था। वहीं अफगानिस्तान के ऑलराउंडर अजमतुल्लाह उमरजई 50 लाख में बिके। उन्हें गुजरात टाइटंस ने खरीदा।

### संवाद, बहस और...

लोकतंत्र है। बिरला ने इस तथ्य की सराहना की कि संवाद, बहस और चर्चा भारतीय संसदीय लोकतंत्र का आधार हैं। देश की संघीय लोकतांत्रिक संरचना के सन्दर्भ में, उन्होंने उल्लेख किया कि भारत की संवैधानिक प्रणाली में राज्य व्यवस्था के तीनों अंग नियंत्रण और संतुलन की पारदर्शी प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सद्भाव से कार्य करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के दृढ़ संकल्प के साथ एक मजबूत अर्थव्यवस्था के रूप में तेजी से उभर रहा है। दोनों पक्षों ने भारत और यूरोपीय संसद के साझा लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी चर्चा की और वैश्विक स्तर पर लोकतंत्र और विविधता को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। यूरोपीय संसद के सदस्यों ने जी-20 में भारत के नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने आतंकवाद और अन्य वैश्विक चुनौतियों के खिलाफ भारत की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने दोनों संसदों के बीच संसदीय सहयोग बढ़ाने के महत्व को भी रेखांकित किया।

### थाइलैंड में सेना ...

मिली थी। छापेमारी के दौरान सेना के अधिकारियों को इलाके में 20 लोग पीठ पर बैग लाद कर ले जाते हुए दिखे। जब अधिकारियों ने उन्हें पहचान बताने और बैग का निरीक्षण करने के लिए कहा तो तस्करों ने सेना पर गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने जवाबी गोलीबारी में 15 तस्करों को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी में मारे गए 15 तस्करों की पहचान अभी नहीं हुई है। मादक पदार्थों के स्त्रोत का पता लगाने में एनसीबी जुटी है। इससे पूर्व बुधवार को म्यांमार सीमा के पास से ही मेथामफेटामाइन की पांच करोड़ गोलियां जब्त की गई थीं।

## राज्य के दस शहरों के विकास को लेकर जनता भवन में बैठक
# मंत्री अशोक सिंघल, अजंता नेउग, संजय किसान सहित कई विधायक शामिल

**गुवाहाटी (हिंस)।** आवास और शहरी मामलों के विभाग द्वारा एक विशेष कदम के रूप में शुरू की गई *दस शहर विकास अवधारणा* (दो शहर, एक रूपायन) के कार्यान्वयन की रूपरेखा तैयार करने के लिए आज जनता भवन में मंत्री अशोक सिंघल के कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। शहरी क्षेत्रों के सुनियोजित एवं तीव्र विकास की दिशा में आयोजित बैठक में वित्त मंत्री अजंता नेउग, श्रम और रोजगार मंत्री संजय किसान और विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करने वाले आठ विधायकों ने भाग लिया। इन शहरों में सिलचर, डिब्रूगढ़, नगांव, बंगाईगांव, बिश्वनाथ चरियाली, करीमगंज, तिनसुकिया, गोलाघाट, जोरहाट, तेजपुर, शिवसागर और उत्तर लखीमपुर शामिल हैं। प्रतिभागियों ने इन शहरों में उचित शहरी नियोजन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, स्वच्छ और नियमित जल आपूर्ति, सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, यातायात प्रबंधन, स्ट्रीट लाइट और खुले स्थानों, पार्कों और जल निकायों जैसे हरे-नीले तत्वों के कार्यान्वयन पर अपने विचार व्यक्त किए। आवास एवं शहरी कार्य विभाग की आयुक्त एवं सचिव कविता पद्मनाभन ने एक प्रस्तुति के दौरान *दो शहर, एक रूपायन* की अवधारणा के बारे में विस्तार से बताया। जनशक्ति युक्तिकरण और क्षमता निर्माण, नगरपालिका सेवाओं को ऑनलाइन या डिजिटल रूप से वितरित करने और विशिष्ट शहरों में वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। प्रस्तावित कस्बों में विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार किए जाने की योजना है। सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट फंड (सीआईडीएफ) के तहत पहल में एक कांफ्रेंस हॉल, सिटी ब्यूटीफिकेशन, ओपन-एयर थिएटर, मंडप, ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम, कन्वेंशन सेंटर, मार्केट कांप्लैक्स, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की स्थापना और जल निकायों की



वृद्धि शामिल है। असम सरकार का शहरी बुनियादी ढांचा विकास कोष (यूआईडीएफ) कन्वेंशन सेंटर, टाउन हॉल, पार्क सह ओपन स्पेस, आईएसबीटी और सार्वजनिक क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण पर केंद्रित है। नगरपालिका प्रशासन निदेशालय स्ट्रीट लाइट और पेवर ब्लॉक सड़कों की देखरेख करेगा। कायाकल्प और शहरी परिवर्तन (अमृत) और एसओपीडी के लिए अटल मिशन के तहत, जल आपूर्ति, जल निकायों के कायाकल्प और पार्कों के विकास पर जोर दिया गया है। इसी तरह, स्वच्छ भारत मिशन में घर-घर जाकर ठोस अपशिष्ट संग्रह, अपशिष्ट प्रसंस्करण और डंपिंग ग्राउंड पर अपशिष्ट निपटान आदि जैसी पहल शामिल हैं। बैठक में विधायक हितेंद्र नाथ गोस्वामी (जोरहाट), फणी भूषण चौधरी (बंगाईगांव), प्रशांत फुकन (डिब्रूगढ़), प्रमोद बरठाकुर (बिश्वनाथ), पृथ्वीराज राभा (तेजपुर), रूपक शर्मा (नगांव), मानव डेका (लखीपुर) और दीपायन चक्रवर्ती (सिलचर), तथा बंगाईगांव, बिश्वनाथ चारियाली, करीमगंज, नगांव, तिनसुकिया, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, शिवसागर और उत्तर लखीमपुर नगर बोर्ड के अध्यक्ष या उपाध्यक्ष ने भाग लिया। बैठक में आवास और शहरी मामलों के विभाग, नगरपालिका प्रशासन निदेशालय, अमृत, स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), टाउन एंड कंट्री प्लानिंग निदेशालय आदि के शीर्ष अधिकारियों ने भी भाग लिया।

## भाजपा में सांसद और विधायक पद खाली नहीं : पीयूष हजारिका



**गुवाहाटी (हिंस)।** राज्य के सूचना एवं प्रसारण आदि मामलों के मंत्री पीयूष हजारिका ने कहा है कि भाजपा में सांसद या विधायक का कोई पद खाली नहीं है। सभी सीटों पर पार्टी के सांसद और विधायक के उम्मीदवार मौजूद हैं। यही वजह है कि दूसरे दलों के टिकट के प्रार्थियों के लिए भाजपा में कोई स्थान नहीं है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कांग्रेस समेत कई राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ उनकी बातचीत होती है। यदि कोई भी नेता भाजपा में आकर देश के लिए और राज्य के लिए काम करना चाहते हैं तो उनका पार्टी में स्वागत है। लेकिन, दूसरी पार्टियों में टिकट नहीं मिलने को लेकर भाजपा में टिकट के लिए आने वालों को निराशा ही हाथ लगेगी। उन्होंने कहा कि पार्टी में आकर देश और राज्य के लिए काम करने वाले लगातार पार्टी में शामिल हो रहे हैं। लोकसभा चुनाव करीब आने के साथ ही बड़ी संख्या में दूसरे दलों के नेता भाजपा में शामिल होने वाले हैं। मंत्री पीयूष आज मीडिया से यहां बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उनके साथ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री केशव महंत भी मौजूद थे। मंत्री पीयूष ने कहा कि मध्य असम के स्वाभिमान का प्रतीक कलंग नदी फिर से जीवंत हो उठेगा। इसके लिए सरकार ने बड़ी कार्य योजना तैयार की है।

## *कांग्रेस फॉर करप्शन* : भवेश कलिता

**गुवाहाटी (हिंस)।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भवेश कलिता ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का प्रतीक है। उन्होंने आज मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि सी फॉर कांग्रेस फॉर करप्शन। पत्रकारों द्वारा इंडी एलायंस से संबंधित पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद कांग्रेस बिग जीरो होकर उभरेगी। उन्होंने कहा कि इंडी एलाइंस नाम की कोई चीज नहीं है। इसमें से ज्यादातर कांग्रेस से ही अलग होकर एनसीपी, तृणमूल कांग्रेस और भी कितने राजनीतिक दल के नाम से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एलाइंस घोटालेबाजों का एलाइंस है। जबकि, नरेंद्र मोदी विकास के प्रतीक हैं। नरेंद्र मोदी के शासनकाल में जहां देश बहुमुखी विकास कर रहा है। वहीं, कांग्रेस के कार्यकाल में यूरिया घोटाला, चीनी घोटाला, कोयला घोटाला से लेकर एक से बढ़कर एक घोटाले हुए हैं। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने देख लिया है कि कांग्रेस की सरकार किस तरह घोटाले करके देश को खोखला करती है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी



14 लोकसभा सीटों पर चुनाव जीतने की तैयारी में भाजपा लगी हुई है। इसके कार्यकर्ता सक्रियतापूर्वक कार्य कर रहे हैं, ताकि सभी सीटें जीती जा सके। उन्होंने कहा कि 2024 के चुनाव में तीसरी बार चुनाव जीतकर नरेंद्र मोदी पहले से अधिक सीटें लेकर तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे।

## दो ठग गिरफ्तार

**कामरूप (हिंस)।** कामरूप (ग्रामीण) जिले की रंगिया पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से दो ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बरपेटा, बंगाईगांव, नलबाड़ी और रंगिया में सोना, चांदी साफ करने के नाम पर महिलाओं का रहना चुराने के आरोप में दो ठगों को स्थानीय लोगों की मदद से आज गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिहार के साधू साह और धर्मेंद्र साह के रूप में की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों के पास से पुलिस ने सोना, चांदी साफ करने के लिए व्यवहार की जाने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्री के अलावा एक बाइक (डब्लू बी-74जेड-8729) जब्त की है।

## कांग्रेस की टिकट के लिए 47 उम्मीदवारों ने दिए आवेदन

**गुवाहाटी (हिंस)।** लोकसभा चुनाव में असम प्रदेश कांग्रेस की टिकट के लिए अबतक कुल मिलाकर 47 उम्मीदवारों ने आवेदन किये हैं। इनमें कई महिला अभ्यर्थी भी शामिल हैं। हालांकि, पार्टी के तीन मौजूदा सांसदों में से कोई भी इनमें शामिल नहीं है। असम में लोकसभा की 14 सीटें हैं। 2024 लोकसभा चुनाव में टिकट के लिए पार्टी सदस्यों से आवेदन स्वीकार करने की समय सीमा मंगलवार को समाप्त हो जाएगी। आवेदन प्राप्त करने की समय सीमा बढ़ाई भी जा सकती है। चूंकि संसद सत्र चल रहा है, सांसद व्यस्त हैं। इस महीने की शुरुआत में असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (एपीसीसी) द्वारा जारी एक आदेश




के अनुसार भरे हुए फॉर्म स्वीकार करने की प्रक्रिया 11 दिसंबर को शुरू हुई। प्रत्येक आवेदक को एक लाख रुपए का शुल्क जमा करना आवश्यक है। पार्टी ने कहा कि राज्य में 15 सदस्यीय विपक्षी मंच का साझीदार होने के नाते कांग्रेस का लक्ष्य 2024 का लोकसभा चुनाव एक साथ लड़ने का है, इसलिए उसे कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उम्मीदवार खड़ा करने से बचना होगा। आदेश में कहा गया है कि ऐसे निर्वाचन क्षेत्रों के लिए आवेदन जमा करने वाले उम्मीदवारों की फीस वापस कर दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि 15-पार्टी संयुक्त विपक्षी फोरम असम (यूओएफए) का गठन भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (इंडी एलायंस) के अनुरूप किया गया है। यूओएफए गठबंधन में एजेपी, रायजर दल, सीपीआई (एम), सीपीआई, जातीय दल-असम, एनसीपी, राजद, जनता दल (यू), टीएमसी, सीपीआई (एमएल) और आप शामिल हैं। इस गठबंधन ने हाल ही में लोकसभा चुनावों के लिए रणनीति तय करने के लिए दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया था।

# मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर में भारी मात्रा में हथियार और गोला बारूद बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार मणिपुर के इंफाल पूर्व, बिष्णुपुर, काकचिंग और चुराचांदपुर जिले के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान छह सिग्नल बम, चार स्टन स्मोक ग्रेनेड, छह इंसास एलएमजी खाली मैगजीन, एक इंसास राइफल खाली मैगजीन, एक 7.62 एलजीएम खाली मैगजीन, एक एसएलआर राइफल खाली मैगजीन, पांच ट्यूब लांचिंग पाइप, आठ वॉकी-टॉकी चार्जर, आठ .303 राइफल



खाली केस, पांच .303 लाइव राउंड, एक ब्रीच ब्लॉक, एक .303 राइफल बोल्ट, सात डेटोनेटर, एक नोकिया मोबाइल फोन, छह कैमोफ्लाज ड्रेस, अठारह खाकी शर्ट के साथ 13 लंबी पैंट, तीन हरी डांगरी शर्ट और एक लंबी पैंट, एक .303 एलएमजी बैरल, दो बीपी बनियान काले रंग में, एक बीपी बनियान, छह छलावरण मैगजीन पाउच, चार मैगजीन पाउच काले रंग में काकचिंग जिले से बरामद की गईं। चुराचांदपुर जिले से एक एसएमजी कार्बाइन गन, तीन खाली कार्बाइन मैगजीन, 9 मिमी गोला बारूद के पांच राउंड बरामद की गईं।


## दो ट्रक से 47 मवेशी बरामद, चार गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी की खेत्री पुलिस ने पशु तस्करी में शामिल दो तस्करों को 28 मवेशियों के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थानाक्षेत्र के डिमोरिया कालेज के पास चलाए गए एक अभियान के दौरान ट्रक (एनएल-01एडी-1142) को जब्त किया गया। ट्रक से कुल 28 मवेशियों को बरामद किया गया है। बरामद किए गए सभी मवेशियों को मेघालय के पशु बाजार तक ले जाया जा रहा था। इस मामले में चालक सहित दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार पशु तस्करों की पहचान असगर अली (26, शिलापथार) और अतताफ अली (20, शिलापथार) के रूप में की गई। वहीं, अन्य एक अभियान के दौरान सोनापुर पुलिस ने टाटा अल्ट्रा वाहन (एएस-01क्यूसी-0994) से 19 मवेशियों को बरामद किया है। डिगारू प्वाइंट पर पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर चलाए गए अभियान के दौरान मोहम्मद इफ्तिखार हुसैन (26) और मोहम्मद सूरज अली (50) को 19 मवेशियों के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार



दोनों आरोपी मोरीगांव जिले के रहने वाले बताए गए हैं। बरामद किए गए सभी मवेशियों को बड़े ही क्रूर तरीके से ले जाया जा रहा था। पुलिस इस संबंध में पशु तस्करी अधिनियम के तहत अलग-अलग प्राथमिक की दर्ज कर मामलों की जांच कर रही है। ज्ञात हो कि राज्य में सख्त पशु कानून लागू है, इसके बावजूद पशुओं की तस्करी जारी है।

## मणिपुर पुलिस ने 295 लोगों को लिया हिरासत में



**इंफाल (हिंस)।** मणिपुर पुलिस ने राज्य के विभिन्न जिलों में कानून उल्लंघन के सिलसिले में 295 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आज बताया कि आवश्यक वस्तुओं के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर 142 तथा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 37 पर 213 वाहनों की आवाजाही सुनिश्चित की गई है। वाहनों की स्वतंत्र और सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए सभी संवेदनशील स्थानों पर कड़े सुरक्षा उपाय किए गए हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा बलों को व्यापक पैमाने पर तैनात किया गया है। पुलिस ने बताया कि पहाड़ी और घाटी दोनों में मणिपुर के विभिन्न जिलों में 145 नाके और जांच चौकियां स्थापित की गई हैं।

## नगरबेड़ा वन विभाग के छापे में पुठीमारी कलही नदी से अवैध रेत खनन मशीनें जब्त

**नगरबेड़ा (विभास)।** पश्चिम कामरूप वन प्रमंडल के नगरबेड़ा नदी रिजर्व वन कार्यालय के एक हिस्से में अत्याधुनिक मशीनें लगाई गई थीं, लेकिन वन विभाग ने आज एक अभियान में अवैध रेत खनन मशीन को जब्त करने में कामयाबी हासिल की। यह पता चला है कि नगरबेरा नदी आरक्षीत वन रेंज वन अधिकारी शिबाशीष चांडिल्य के नेतृत्व में वन कर्मियों की एक टीम कार्यालय के अधीन पुठिमारी में कल्ही नदी में छापेमारी कर बालू खनन में इस्तेमाल होने वाली अवैध बालू खनन मशीन को जब्त किया गया। जब्त मशीन को नगरबेड़ा में वन विभाग के कार्यालय में लाया गया है, लेकिन अवैध रेत खनन में शामिल किसी को भी



गिरफ्तार नहीं किया जा सका। विदित हो कि नगरबेड़ा नदी आरक्षित वन कार्यालय के विभिन्न हिस्सों में लंबे समय से लकड़ी का अवैध व्यापार, लकड़ी मिल, बालू खनन का धंधा चल रहा है। प्रकृति प्रेमी लोगों ने पश्चिम कामरूप वन प्रभाग की डीएफओ डिंपी बोरा से इस तरह के अवैध कारोबार को रोकने के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## तीन संदिग्ध अल्फा (स्वा) कैडर गिरफ्तार

**गुवाहाटी (हिंस)।** गुवाहाटी के मालीगांव से आज तीन संदिग्ध अल्फा (स्व) कैडरों को गिरफ्तार किया गया। जानकारी के अनुसार तीनों सदस्य मालीगांव के बीबीसी कॉलोनी में छिपे हुए थे। गिरफ्तार किए गए संदिग्ध उल्फाइयों की पहचान असीम अधिकारी, रूपज्योति दास और मून देवनाथ के रूप में की गई है। जोरहाट में ग्रेनेड हमले के बाद डीजीपी ने कहा था कि इसमें शामिल व्यक्ति को छोड़ा नहीं जाएगा।

## आर्यिका परीक्षाश्री व प्रेक्षाश्री माताजी का रंगिया में मंगल प्रवेश



**गुवाहाटी।** आचार्य श्री प्रमुख सागर महाराज ने पूरे पूर्वोत्तर में धर्म प्रभावना करने के लिए अपने संग की दो आर्यिका को रंगिया, खारुपेटिया, तेजपुर आदि की ओर प्रस्थान कराया है। जिसके तहत आज मंगलवार को कमलपुर स्थित प्रवीण गुप्ता व नीरज जैन की पेपर मिल से प्रात: 6 बजे मगंल विहार कर 13 कि.मी. की दूरी तय कर प्रातत:10 बजे रंगिया की पुण्य धरा पर अवस्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर मे भव्याति -भव्य मंगल प्रवेश हुआ। कहते हैं कि जब समय सौभाग्य को जागृत करता है तब किसी न किसी साधु -साध्वियों के पावन चरण अपने आप उस ओर बढ़ने लगते हैं। उसी सौभाग्य के अंश में आज रंगिया समाज को पूज्य द्वय माताजी का अकल्पनीय मंगल प्रवेश कराने का स्वर्णिम अवसर प्राप्त हुआ। प्रचार प्रसार के मुख्य संयोजक ओमप्रकाश सेठी ने बताया कि रंगीया जैन समाज ने अपनी आध्यात्मिक ऊर्जा और साधना के परमाणुओं से अपनी आत्मा को परमात्मभक्ति की ओर अग्रसर करते हुए इन द्वय माता जी के सान्निध्य से अपने जीवन कल्याण को सुनिश्चित किया। यह जानकारी समाज के प्रचार प्रसार सहसंयोजक सुनील कुमार सेठी द्वारा गई है।

## पांच खूंखार डकैत गिरफ्तार

**नगांव (हिंस)।** नगांव जिले के रुपहीहाट इलाके में पुलिस ने अभियान चलाकर पांच खूंखार डकैतों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कोलियाबर महकमा पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम ने अभियान चलाकर एक बोलेरो पिकअप के साथ छह डकैतों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार डकैतों की पहचान मिराजुल इस्लाम, केशव महंत, बिजय दास, अनवर हुसैन और सुजीत सूत्रधार के रूप में की गई है। गिरफ्तार आरोपियों के पास से डकैती के लिए व्यवहार किए जा रहे कई धारदार हथियार बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार सभी आरोपी इलाके में डकैती की योजना बना रहे थे, जिस दौरान पुलिस ने सभी डकैतों को गिरफ्तार किया। पुलिस इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार सभी डकैतों से सघन पूछताछ कर रही है।

# जेसीआई अचीवर्स की नई कार्यकारिणी गठित
## सुमित पोद्दार बने अध्यक्ष

**गुवाहाटी (विभास)।** जेसीआई गुवाहाटी अचीवर्स की नई कार्यकारिणी का शपथ विधि समारोह आज आयोजित किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जेएफएस अंकुर झुनझुनवाला, विशिष्ट अतिथि के रूप में जोन अध्यक्ष (निर्वाचित) शुभम अग्रवाला, विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जोन-25 की उपाध्यक्ष ईशा गंगवाल उपस्थित थी। आगाज नामक आयोजित शपथ विधि समारोह में आगामी सत्र 2024 के लिए अध्यक्ष के रूप में सुमित पोद्दार को पद एवं गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि झुनझुनवाला ने दिया। वहीं नए सत्र से सचिव के तौर पर करण अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जयकिशन अजितसरिया सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्यों को भी शपथ पाठ कराया गया। नव




नियुक्त अध्यक्ष श्री पोद्दार ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्था के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपने कार्यकाल के दौरान क्लब को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरपूर प्रयास करेंगे, जिसमें उन्हें सभी सदस्यों का पूर्ण रूप से सहयोग चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ जेसीआई अचीवर्स के अध्यक्ष मृदुल डेका ने सभी का स्वागत कर किया। इस दौरान उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग हेतु सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सदस्यों को मोमेंटो प्रदान किया। आगाज नामक शपथविधि समारोह को सफल बनाने में जेसीआई अचीवर्स के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

संपादकीया

# पाक की तिलमिलाहट

**पाक** की तिलमिलाहट सुप्रीम कोर्ट से अनुच्छेद 370 पर पैसला और राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के पाक अधिवृत कश्मीर पर दावा दोहराने के बाद पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ का मुजफ्फराबाद जाकर पीओके की असेम्बली में विधवा विलाप तथा जनरल मुनीर का अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन से मिलना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान की तिलमिलाहट अब भारत-पाक रिश्ते में बहुत बड़ा तनाव पैदा करने वाली है। ओके की असेम्बली में काकड़ ने कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक शासक, सेना और इंटेलीजेंस सभी एक मत से कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा मानते हैं। किंतु सच तो यह है कि पाकिस्तान के यह सभी इदारे पीओके की जमीन तो चाहते हैं किंतु वहां की जनता को पसंद नहीं करते। आज की तारीख में पीओके के मूल निवासी वहां से या तो पलायन कर चुके हैं अथवा वहां पर ज्यादा से ज्यादा पंजाब के लोगों को बसा दिया गया है। पीओके में कश्मीरी भाषा तो विलुप्त हो चुकी है। पाकिस्तान की एक बात की तो तारीफ करनी चाहिए कि वह ठन-ठन गोपाल होने के बावजूद बातें ऐसी करता है, जैसे शक्ति संपन्न एवं संसाधन संपन्न देशों के लोग बोलते हैं। काकड़ जानते हैं कि आज की तारीख में वह भारतीय हिस्से कश्मीर तो दूर अपने कब्जे वाले कश्मीर को भी बचाने की स्थिति में नहीं हैं। पंजाब को छोड़कर पाकिस्तान का हर राज्य अंतर्वलह से ग्रस्त है। हर राज्य में सेना को गोली चलानी पड़ती है और जान गंवानी पड़ती है किंतु उसका शौक है कि वुछ लच्छेदार भाषा में भारतीय कश्मीर के बारे में जरूर बोले। हैरानी की बात तो यह है कि पाकिस्तान के बुद्धिजीवी और पत्रकार खुलेआम अपनी सेना और सरकार की इस बात के लिए आलोचना करते हैं कि वह अपना देश और अपने हिस्से वाले कश्मीर को खाद्य सामग्री, जल और बिजली उपलब्ध कराने में असमर्थ है। देश की मुद्रास्फीति दर 29.8 प्रतिशत है। लेकिन जनता को खुश करने के लिए पहले भारत के कश्मीर पर दावा ठोकता था और अब पीओके को अपना हिस्सा बताता है। असल में गृहमंत्री अमित शाह ने दो विधेयक संसद में पेश किया। इनमें से एक था जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन विधेयक जबकि दूसरा था जम्मू-कश्मीर आरक्षण संशोधन विधेयक और इनके पेश होने के बाद शुरू हुईं चर्चा के दौरान हस्तक्षेप करते हुए गृहमंत्री ने दो टूक कहा कि पीओके पर पाकिस्तान का कब्जा अवैध है क्योंकि उसने उक्त क्षेत्र को छल-बल से हासिल किया है। पीओके पूरा का पूरा भारत का अभिन्न अंग है। इसलिए वहां की जनता भी हमारी है और जिस जमीन पर वे रह रहे हैं वह भी भारत की है। यही बात वुछ दिन पहले रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भी कश्मीर में कहा था कि पीओके की जनता हमारी है और हम अपनी जनता पर किसी तरह का अत्याचार होते सहन नहीं करेंगे। रक्षामंत्री के इस बयान से ही पाकिस्तान के तत्कालीन प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ डर गए थे और उन्होंने सेना प्रमुख से बात करके कहा था कि पीओके पाकिस्तान से कोई छीन नहीं सकता। अब जब गृहमंत्री ने राज्यसभा में पीओके लेने का दृढ़ संकल्प व्यक्त किया तो पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री ने वहीं संकल्प दोहराया कि पीओके को कोई छीन नहीं सकता। पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों और सेना के जनरलों को अपनी जनता से दो टूक शब्दों में कहना चाहिए कि वे भारत से कश्मीर को अलग करने में जितने भी षडांत्र रचे, सभी असफल हुए इसलिए उन्हें क्षमा करें अब जम्मू-कश्मीर को भूल जाएं। साथ ही वह इस बात को स्वीकार करें कि पीओके में जो भारत के पक्ष में हवा चल रही है उसके रुख को पहचान कर एहसास करें कि वह दिन दूर नहीं जब पीओके और सीओके यानि चीन अधिवृत कश्मीर को भारत अपने साथ लाने के लिए रणनीतिक प्रयास करेगा तो भारत के साथ पाकिस्तान के संबंध तो और अधिक खराब होंगे ही चीन से भी शत्रुता बढ़ने की संभावना है।

> सुप्रीम कोर्ट से अनुच्छेद 370 पर पैसला और राज्यसभा में गृहमंत्री अमित शाह के पाक अधिवृत कश्मीर पर दावा दोहराने के बाद पाकिस्तान के कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकड़ का मुजफ्फराबाद जाकर पीओके की असेम्बली में विधवा विलाप तथा जनरल मुनीर का अमेरिकी विदेश मंत्री टोनी ब्लिंकन से मिलना, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पाकिस्तान की तिलमिलाहट अब भारत-पाक रिश्ते में बहुत बड़ा तनाव पैदा करने वाली है। ओके की असेम्बली में काकड़ ने कहा कि पाकिस्तान में राजनीतिक शासक, सेना और इंटेलीजेंस सभी एक मत से कश्मीर को पाकिस्तान का हिस्सा मानते हैं। किंतु सच तो यह है कि पाकिस्तान के यह सभी इदारे पीओके की जमीन तो चाहते हैं किंतु वहां की जनता को पसंद नहीं करते। आज की तारीख में पीओके के मूल निवासी वहां से या तो पलायन कर चुके हैं अथवा वहां पर ज्यादा से ज्यादा पंजाब के लोगों को बसा दिया गया है। पीओके में कश्मीरी भाषा तो विलुप्त हो चुकी है। पाकिस्तान की एक बात की तो तारीफ करनी चाहिए कि वह ठन-ठन गोपाल होने के बावजूद बातें ऐसी करता है, जैसे शक्ति संपन्न एवं संसाधन संपन्न देशों के लोग बोलते हैं। काकड़ जानते हैं कि आज की तारीख में वह भारतीय हिस्से कश्मीर तो दूर अपने कब्जे वाले कश्मीर को भी बचाने की स्थिति में नहीं हैं। पंजाब को छोड़कर पाकिस्तान का हर राज्य अंतर्वलह से ग्रस्त है।

## सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और सविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं

# संसद में धन लेकर सवाल पूछने की सजा

प्रमोद भार्गव

> भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए, संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे, किंतु इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए ।यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल के लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को साझा किए। इस तथ्य को स्वयं मोइत्रा ने भी स्वीकारा और आचार समिति की जांच में ये तथ्य प्रमाणित भी हुए हैं ।इन साक्ष्यों को पुख्ता सबूत मानते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसी प्रकृति के पुराने मामलों में दिए दंडों की परिपाटी का अनुकरण करते हुए निष्कासन कर दिया।

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को पैसे के बदले प्रश्न पूछने के मामले में अनैतिक और अशोभनीय आचरण के लिए सत्रहवीं लोकसभा की सदस्यता से निष्काषित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने मोइत्रा के निष्कासन का प्रस्ताव प्रस्तुत किया, जिसे ध्वनिमत से मंजूरी दे दी गई ।निष्कासन की सिफारिश संसद की आचार समिति ने जांच के बाद की थी ।बीते कुछ समय से इस बात पर बहस हो रही थी कि मोइत्रा पर लगे आरोपों में कितनी सच्चाई है और इस आधार पर उनकी सदस्यता को रद्द किया जा सकता है अथवा नहीं ?दरअसल धन लेकर सवाल पूछने के आरोप भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने मोइत्रा पर लगाते हुए, संसद में कहा था कि उन्होंने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी और उनकी कंपनियों को कठघरे में खड़ा करने के नजरिए से संसद में निरंतर 40 से ज्यादा प्रश्न पूछे,किंतु इसके बदले मोइत्रा ने घूस और कीमती उपहार लिए ।यही नहीं उन्होंने लोकसभा पोर्टल के लॉग इन आईडी और पासवर्ड भी दुबई में रहने वाले भारतीय कारोबारी दर्शन हीरानंदानी को साझा किए। इस तथ्य को स्वयं मोइत्रा ने भी स्वीकारा और आचार समिति की जांच में ये तथ्य प्रमाणित भी हुए हैं ।इन साक्ष्यों को पुख्ता सबूत मानते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इसी प्रकृति के पुराने मामलों में दिए दंडों की परिपाटी का अनुकरण करते हुए निष्कासन कर दिया। इस परिप्रेक्ष्य में बिरला ने विपक्ष द्वारा मोइत्रा को सदन में अपना पक्ष रखने की मांग की भी अनुमति नहीं दी ।मोइत्रा ने इस निष्कासन की तुलना 'कंगारू न्यायालय' से करते हुए,इस सजा को सत्तारूढ़ भाजपा की मनमानी बताया। सांसदों के असंसदीय आचरण संसद और सविधान की संप्रभुता को कैसे खिलवाड़ कर रहे हैं, इनके कारनामे पहले भी देखने में आते रहे हैं। नोट के बदले वोट देने से लेकर संसद में पैसे लेकर सवाल पूछने के स्टिंग ऑपरेशन भी हुए हैं। 1991 के आम चुनाव में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरकर आई थी ।इसके साथ कई क्षेत्रीय दलों के समर्थन से कांग्रेस ने पीवी नरसिंह राव के नेतृत्व में सरकार बना ली थी ।जुलाई 1993 में इस



जोड़तोड़ की सरकार के विरुद्ध मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने सदन में अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, लेकिन यह प्रस्ताव आखिर में 14 मतों के अंतर से खारिज हो गया ।इसके बाद 1996 में सीबीआई को एक शिकायत मिली ,जिसमें आरोप लगाया गया था कि राव की सरकार को जीवनदान देने के बदले में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कुछ सांसदों और जनता दल के अजीत सिंह गुट को रिश्वत दी गई थी ।इस मामले में झामुमो प्रमुख शिवू सोरेन और उनकी पार्टी के चार सांसदों पर नोट लेकर वोट देने का आरोप लगा था ।इन सांसदों के बैंक खातों में मिली धनराशि से भी यह पुष्टि हो गई थी कि नोट के बदले वोट देने की कालावधि में ही यह राशि जमा हुई थी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन की सरकार की नैतिक शुचिता पर आंच 22 जुलाई 2008 को तब आई थी,जब उसने लोकसभा में विश्वास मत हासिल किया था। यह स्थिति अमेरिका के साथ गैर-सैन्य परमाणु सहयोग समझौते के विरोध में वामपंथी दलों द्वारा मनमोहन सिंह सरकार से समर्थन वापिसी के कारण निर्मित हुई थी। वामदलों के अलग हो जाने के बावजूद सरकार का वजूद कायम रहा, क्योंकि उसने बड़े पैमाने पर नोट के बदले सांसदों के वोट खरीदे थे। इस मामले में संजीव सक्सेना और सुहैल हिन्दुस्तानी को हिरासत में लिया गया था ।इनकी गिरफ्तारी के बाद आए बयानों से जाहिर हुआ था कि सरकार बचाने के लिए वोटों को खरीदने का इशारा शीर्ष नेतृत्व की ओर से हुआ था। क्योंकि सुहैल ने समाजवादी पार्टी के मौजूदा राज्यसभा के सांसद अमरसिंह के साथ सोनिया के राजनीतिक सचिव अहमद पटेल का भी नाम लिया था ।वोट के बदले इस नोट कांड में अमर सिंह के खिलाफ चार्जशीट भी दाखिल हुई थी। यही नहीं इस मामले में अमर सिंह और सुधीर कुलकर्णी को प्रमुख षड्यंत्रकारी आरोपित किया गया था। इस मामले में इन लोगों ने संजीव सक्सेना और भाजपा कार्यकर्ता सुहैल हिन्दुस्तानी के साथ 22 जुलाई 2008 को लोकसभा में विश्वास मत के दौरान भाजपा सांसद अशोक अर्गगल, फग्गन सिंह कुलस्ते और महावीर सिंह भगोरा को वोट के बदले घूस दी थी। जिसका लोकसभा में इन सांसदों ने नोटों की गड्डियां लहराकर पर्दाफास किया था। संसदीय परम्परा और नैतिकता की दुहाई देने वाले प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार बचाने के लिए यह षड्यंत्र अमर सिंह ने रचा था ।मनमोहन सिंह पर कठपुतली प्रधानमंत्री, अमेरिका का पिट्ठू, विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के हित साधक के आरोप भले ही लगते रहे हों, किंतु उनकी व्यक्तिगत ईमानदारी पर अंगुली कभी नहीं उठी। पर 22 जुलाई 2008 को नेपथ्य में रहकर जिस तरह से उन्होंने राजनीति के अग्रिम मोर्चे पर शिखण्डी और बृहन्नलाओं को खड़ा करके विश्वास मत पर विजय हासिल की उससे कांग्रेस की सत्ता में बने रहने की ऐसी विवशता सामने आई थी, जिसने संविधान में स्थापित पवित्रता, मर्यादा और गरिमा की सभी चूलें हिलाकर रख दी थीं। हमारे निर्वाचित सांसदों में से अनेक ने घूस के लालच में नैतिकता की सभी सीमाएं लांघने का काम स्टिंग ऑपरेशन के जरिए की गई बातचीत में भी किया है। इन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा की भी परवाह नहीं की थी ? 50 हजार जैसी छोटी रिश्वत के लिए भी वे फर्जी विदेशी तेल कंपनी को बिना कोई सोच-विचार किए, भारत-भूमि पर उतारने के लिए तैयार हो गए थे। बिना यह शंका किए कि इस तथाकथित कंपनी का स्वदेशी कंपनियों पर क्या असर पड़ेगा ? अलबत्ता, रोड़ा दूर करने की दृष्टि से पेट्रोलियम मंत्रालय को सिफारिशी पत्र भी लिख दिए थे। लालच और लापरवाही की यह बैखौफ स्थिति एक स्टिंग ऑपरेशन के जरिए सामने आई थी। कई प्रमुख दलों के 11 सांसद रिश्वत का लेन-देन करते हुए गोपनीय कैमरे की आंख में कैद हो गए थे। यह स्टिंग ऑपरेशन वेबसाइट कोबरा पोस्ट के प्रमुख अनिरुद्ध बहल ने किया था। 6 सांसदों ने तो पैसे लेकर चिट्ठी भी लिख दी थीं ।राष्ट्र के प्रतीक चिन्ह वाले शीर्षपत्रों पर लिखी ये चिट्ठियां समाचार चैनलों पर दिखाई भी गईं थीं। चिट्ठी लिखने की कीमत सांसदों ने महज 50 से 75 हजार रुपए तक ली थी। इस दौरान किसी भी सांसद ने कंपनी की सच्चाई तक जानने की कोशिश तक नहीं की थी। बल्कि इनमें से कई सांसदों ने तो कंपनी की लॉबिंग के लिए संविधान के पवित्र माने जाने वाले मंदिर, संसद में हुंकार लगाने तक की हामी भर दी थी ।इन सांसदों में कांग्रेस, भाजपा, बसपा और अन्नाद्रमुक के सांसद शामिल थे। साफ है, भृष्टाचार की कोई दलीय सीमा नहीं है। कोई वैचारिक विभाजन नहीं है। चोर-चोर मौसेरे भाई हैं। इसके पहले भी कोबरा पोस्ट ने ही इसी प्रकृति के एक और स्टिंग ऑपरेशन को अंजाम दिया था। जिसमें 11 सांसदों पर पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने का आरोप लगा था। तब इन सभी सांसदों को संसद ने बर्खास्त कर दिया था। इस ऑपरेशन की गिरफ्त में भाजपा के दिलीप सिंह जू देव, भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बंगारु लक्ष्मण, जया जेटली और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी भी भ्रष्टाचार व अनैतिकता बरतने को तैयार होते हुए कैमरे में कैद कर लिए गए थे।

दृष्टि कोण

# युवा शक्ति में बढ़ता तनाव

**किसी** भी देश के लिए उनके युवावस्था वर्ग के लोग बहुमूल्य मानव संसाधन का निर्माण करते हैं। भारत में वर्तमान में जनसंख्या के मामले में चीन को पछाडक़र प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। भारत वर्तमान में सबसे युवा देश है। जनसंख्या का लगभग 65 फीसदी हिस्से के लोग 35 वर्ष की आयु से नीचे हैं। हालांकि युवावस्था तथा किशोर अवस्था को आम तौर पर जीवन का स्वस्थ समय माना जाता है। परंतु वर्तमान के रहन-सहन के तौर तरीकों ने उनके जीवन को तनावपूर्ण बना दिया है। एक नवीनतम अध्ययन के अनुसार कम वजन, सेल फोन की लत का खतरा, मानसिक कमजोरी इत्यादि युवाओं में शीर्ष स्वास्थ्य समस्याएं हैं। इस अलौकिक युवा जीवन के दौरान उन्हें अनेक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है जिसमें मानसिक तनाव एक मुख्य कारक है। वर्तमान में शैक्षिक दबाव भी युवाओं में बहुत देखने को मिलता है। पढ़ाई के प्रचंड प्रतिस्पर्धा में आत्मविश्वास की कमी तथा शिक्षा में विद्यार्थियों के बीच सामाजिक तुलनात्मकता भी बहुत बढ़ गई है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर तुलनात्मक जीवन भी युवाओं के मानसिक तनाव का प्रमुख कारक है। सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग युवाओं में अनिद्रा, अनियमितता और स्वार्थपरता बढ़ा रहा है। युवाओं में आत्मनिर्भरता की कमी के कारण आत्मविश्वास में बेहद गिरावट आई है। इसके अलावा सही पोषण की कमी और नशे का सेवन भी मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है। आज का युवा पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव के कारण अपने खानपान को पूर्ण रूप से परिवर्तित कर चुका है जिसके कारण उसे अनेकों अनावश्यक बीमारियों से जूझना पड़ रहा है। युवा तेजी से बदलती जीवन शैली के कारण सही और पौष्टिक आहार की कमी से जूझ रहा है। जंक फूड का अधिक सेवन उनमें थकान, कमजोरी और मानसिक तनाव को बढ़ा रहा है। युवा अक्सर मानसिक तनाव का सामना करने के लिए शराब और नशीले पदार्थों का सहारा लेते हैं। इसके कारण स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं का सामना करते हैं, जोकि मानसिक तनाव को और भी बढ़ा देता है। इसके अलावा आज का युवा बहुत जल्दी से कैरियर की ऊंचाइयों पर पहुंचना चाहता है। अनियंत्रित प्रतिस्पर्धा की यह दौड़ युवाओं के समक्ष अनेक समस्याएं पैदा कर रही है। अभिभावकों का प्रभाव तथा श्रेष्ठतम परिणाम पाने की लालसा आज के युवाओं में उतावलेपन की प्रवृत्ति को बढ़ा रही है। अक्सर समाचार पत्रों में हर दूसरे-तीसरे दिन किसी न किसी छात्र की सुसाइड करने की खबर सुर्खियों में रहती है। आज का युवा पढ़ाई के दबाव के कारण प्रारंभ में अपना बचपन खो देता है। जब वह युवा अवस्था में होता है तो करियर का यह दबाव उसके जीवन को तबाह कर रहा है। नौजवान युवाओं को मानसिक तनाव से निपटने के लिए अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की बेहद आवश्यकता है। योग व नियमित व्यायाम से मानसिक तनाव को दूर करने में मदद मिलती है। यह ऊर्जा को व्यक्ति में बनाए रखने में मदद करता है और उनके जीवन को भी सुधारता है। पर्याप्त नींद, व्यायाम और पौष्टिक आहार का संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण है। समाज में शैक्षणिक रोजगार और सामाजिक स्तर पर सुधार लाने के लिए संगठनात्मक रूप से प्रयासों की भी जरूरत है। देश का युवा देश की अनमोल पूंजी है। उसे यूं ही बर्बाद हो जाने और दर-दर की ठोकरें खाने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता, बल्कि उसे साथ लेकर चलने, उसकी भावनाओं के प्रति संवेदनशील होने की महती आवश्यकता है। उसे जीवन का मोल समझाने की जरूरत है, और यह महसूस करवाने की जरूरत है कि उसके पास यदि स्वस्थ जीवन रहा तो वह भी अमूल्य रत्न है, जिसके सहारे वह कोई भी गतिविधि करके अपने जीवन को सार्थक कर सकता है। यदि युवा सही मार्ग पर चल पड़ा तो भारत को श्रेष्ठतम राष्ट्र बनने से कोई नहीं रोक सकता।

कुछ अलग

# सरकार बड़ी या गोबर

**मित्रो** सवाल है सरकार बड़ी या गोबर। प्रतिस्पर्धा कड़ी है। इधर प्रदेश सरकारों में होड़ है। उधर केन्द्र सरकार की स्पर्धा स्वयम्से है। वह इस दौड़ में अकेली है। लिहाज़ा आगे रहे या पीछे, जीतेगी वही। उसने भी लोगों को निराश नहीं किया है। नए संसद भवन में उठता धुआं इस बात का गवाह है। अंधभक्तों की उम्मीदों पर खरा उतरते हुए वह अपने आपको राष्ट्रीय ही नहीं अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर गोबर सिद्ध करने में सफल रही है। प्रधानमंत्री के विदेश प्रवास के दौरान मुफ्त हवाई टिकटों और खाने के मार्फत जुटाए भाड़े के प्रशंसक इस बात की पुष्टि करते हुए दिख जाते हैं। पर उनका अभिनय इतना घटिया होता है कि कोई फिल्म निर्माता शायद ही उन्हें अपनी पिक्चर में एक्सट्रा कलाकारों की भीड़ में शामिल करना पसन्द करे। भारतीय पौराणिक इतिहास में याज्ञवलक्यस्मृति और मनुस्मृति में गाय की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया है कि पूजा-पाठ में इस्तेमाल होने वाला 'पंचगव्य' गोमूत्र, गोबर, दूध, दही और घी का मिश्रण है। एक कथा के अनुसार गाय की पवित्रता के कारण धन की देवी लक्ष्मी ने गाय से अनुरोध किया कि वह उसे अपने शरीर में वास करने दें। लेकिन गाय ने भाव खाते हुए कहा कि चूंकि लक्ष्मी चंचला हैं, वह उन्हें अपने शरीर में रहने की अनुमति नहीं दे सकती। लक्ष्मी ने उससे प्रार्थना कि अगर वह उसे अपने शरीर में रहने नहीं देगी तो लोग उनका उपहास उड़ाएंगे। गाय ने उन पर तरस खाते हुए उन्हें अपने गोमयम् और गोमूत्र में रहने की अनुमति दे दी। तब से लेकर आज तक लोग लक्ष्मी को सम्मान देते हुए गोबर और गोमूत्र को पवित्र मानते चले आ रहे हैं। तब शायद गाय और लक्ष्मी ने कभी यह नहीं सोचा होगा कि आज़ादी के अमृत काल में जब भारत विश्व गुरू बनने के लिए उठक-बैठक कर रहा होगा तब कत्र्तव्य काल में ऐसा गोबरवाद जन्म लेगा कि लोगों द्वारा गोबर और गोमूत्र के सेवन के अलावा उनके दिमाग़ में भी गोबर भर जाएगा। प्रधानमंत्री ने कुछ समय पहले गोबर धन योजना आरम्भ की थी। उनकी अन्य योजनाओं की तरह यह योजना भी प्रचार तक सीमित रही। लेकिन उनकी पार्टी ने गोबर के मामले में सालों पहले अन्य दलों को उस वक्त मात दे दी थी, जब मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री उमा भारती ने गोबर ख़रीद योजना आरम्भ की थी। छत्तीसगढ़ में सरकार ने देखा-देखी में गोबर में गुलाटी मारते हुए दो रुपए किलो के हिसाब से इसे तीन साल पहले ख़रीदना शुरू किया था। लाखों किसानों ने ख़ूब गोबर और गोमूत्र बेचा। पर लोग इतने नाशुक्रे निकले कि उन्होंने गोबर ख़रीदने वाली सरकार को चुनावों के दौरान उसी गोबर के नीचे दबाने से गुरेज़ नहीं किया। अब हिमाचल सरकार अपनी चुनावी गारंटी के तहत पशुपालकों से नए साल में पहली जनवरी से दो रुपए प्रति किलो की दर से गोबर खरीदने जा रही है। पर नए साल के संकल्प कितने मजबूत और स्थाई होते हैं, यह मेरे जैसे वे सभी लोग जानते हैं, जो पिछले साल की आखिरी रात या नए साल के पहले दिन राम की तरह समन्दर को सुखाने का संकल्प करते हैं। पर दूसरा हफ्ता आते-आते ख़ुद ही समन्दर में समा जाते हैं। अब देखना है कि जीतता कौन है, हिमाचल सरकार या लोग। विधानसभा चुनाव चार साल बाद हैं। पर लोकसभा चुनाव सिर पर हैं। गोबर ख़रीद ने छत्तीसगढ़ की निवर्तमान सरकार को कोई लाभ नहीं दिया। पर केन्द्र सरकार ने काला धन, बीस करोड़ नौकरियां, अच्छे दिन, जीएसटी, नोटबंदी, तालाबंदी, हिंदू-मुस्लिम विवाद, राष्ट्रवाद, एनआरसी, सीएए वग़ैरह के गोबर को ढिढाई के साथ राष्ट्रीय गजरेला घोषित करने के बाद उसका भरपूर लाभ उठाया है।

देश दुनीया से

# ड्रैगन की ओर इशारा करता स्मोक अटैक

> पाकिस्तान की सीमा से पैलाये जाने वाले आतंक पर लगाम कसने के कारण अब चीन को खुद ही मोर्चा सम्हालना पड रहा है। वामपंथी विचारधारा को हथियार बनाकर सन् 2024 के चुनावों के पहले गृहयुद्ध का वातावरण तैयार किया जाने लगा है जिनमें विचारधारा के कथित संघर्ष की पटकथा पर काम हो चुका है। अब तो केवल मंचन हेतु कलाकारों का प्रशिक्षण चल रहा है। दुनिया में भारत की बढती धाक से बौखलाये शी जिनपिग ने अपने सुरक्षित भविष्य के लिए भितरघातियों सव्रिय करना शुरू कर दिया है। वुछ राजनैतिक दलों के मुखिया चीन की इस विचारधारा को देश के अंदर हमेशा से ही संरक्षित करते रहे है।

**पाकिस्तान** के खस्ताहाल होने के बाद उसके आका ने भारत के विरुद्ध भितरघातियों की पीठ पर हाथ रखकर चालें चलना शुरू कर दीं है। संसद में स्मोक अटैक के लिए स्वयंभू बुद्धिजीवियों के गिरोहों के माध्यम से नईं तरह के नक्सलियों को मैदान में उतार दिया गया है। पाकिस्तान की सीमा से पैलाये जाने वाले आतंक पर लगाम कसने के कारण अब चीन को खुद ही मोर्चा सम्हालना पड रहा है। वामपंथी विचारधारा को हथियार बनाकर 2024 के चुनावों के पहले गृहयुद्ध का वातावरण तैयार किया जाने लगा है जिनमें विचारधारा के कथित संघर्ष की पटकथा पर काम हो चुका है। अब तो केवल मंचन हेतु कलाकारों का प्रशिक्षण चल रहा है। दुनिया में भारत की बढती धाक से बौखलाये शी जिनपिग ने अपने सुरक्षित भविष्य के लिए भितरघातियों सव्रिय करना शुरू कर दिया है। वुछ राजनैतिक दलों के मुखिया चीन की इस विचारधारा को देश के अंदर हमेशा से ही संरक्षित करते रहे है। लाल सलाम करने वालों ने कभी जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय में देश के टुकड़े-टुकड़े करने वाले मंसूबों को पैलाने हेत छात्रों का उपयोग किया तो कभी सड़कों पर तानाशाही के साथ किसानों के वेश में अपने कार्यंकर्ता उतारे। कभी न्याय की मांग के साथ



अधिकारों को नारा बुलंद करवाया तो कभी हक की लड़ाईं के नाम पर अराजकता पैलाईं। अनेक रिपोट्र्स में चीन के द्वारा वित्तीय सहायता पाने वाले राजनैतिक दलों का खुलासा होने के बाद भी आरोपी सपेदपोशों की बेशमा चरम सीमा की ओर बढ़ने लगी है। नईं संसद में की गईं आतंकी वारदात में विधायिका को ही दोषी ठहराया जा रहा है जबकि इस पूरे घटनाव्रम में केवल और केवल कार्यंपालिका ही दोषी है। सरकारी अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाहियों, मनमानियों और अनियमितताओं के इस जीते जागते उदाहरण के बाद भी सत्ता सुख के लोलुपों द्वारा सरकार को ही उत्तरदायी ठहराया जा रहा है। विपक्ष के द्वारा इस्तीपे की मांग का अर्थ निाय ही मंत्रियों के द्वारा खुद सुरक्षा की गेट-डियूटी देने में की गईं कर्तव्यहीनता ही प्रतीत होती है। शायद ही कोईं ऐसी सरकार होगी जो लोकतंत्र के मंदिर को ही नेस्तनाबूद करने के लिए सहयोगी की भूमिका में उतरी हो। संवैधानिक व्यवस्थाओं की जटिलताओं की जानकारी कार्यंपालिका की तुलना में विधायिका को उसी अनुपात में होना संभव नहीं है। सेवाकाल के लम्बे सोपान और अनेक सरकारों के साथ काम करने का अनुभव रखने वाले अधिकारियों के हाथों में लगभग सभी राजनैतिक दलों को कद्दावर नेताओं की दुःखती नस होती है जिसका वे समयसम य पर उपयोग करके अपनी मंशा पूरी करते रहते हैं। देश के संविधान में खुलेआम हत्या करने वाले को सजा देने के लिए भी हत्याकाण्ड के प्रमाणों की आवश्यकता होती है। दोषी भले ही बच जाये परन्तु निदरेष को सजा नहीं होना चाहिए, इसी आदर्श वाक्य को कानूनी भाषा में प्रस्तुत करके अनेक आपोपियों को बचाया जाता रहा है। राष्ट्रद्रोहियों को फांसी के पंदे से बचाने के लिए रात में भी न्यायालय के दरवाजे खोलने पडते हैं जबकि राष्ट्रभाषा में आवेदन देने वाले को उच्च और उच्चतम न्यायायल की चौखट से ही भगा दिया जाता है। गोरों की गोद में बैठकर लिखे गये संविधान ने जहां देश की सांस्वृतिक विरासत को पलीदा लगाया है वहीं अपराधियों की सुरक्षा हेतु अनेक दरवाजे खुले छोड़ दिये हैं। इन्हीं अव्यवस्थाओं का फायदा उठाकर कभी आंतकवादियों पर कसने वाले शिवंजे को मानवाधिकार का उल्लंघन बताया जाता है तो कभी समाज में जहर पैलाने वालों को अभिव्यत्ति की आजादी का कवच पहना दिया जाता है। दूर-दराज के पिछडे इलाकों को चिन्हित करके चीन की शह पर वहां नक्सलियों की फौज सव्रिय हो जाती है। कथित बुद्धिजीवियों के गिरोह डेरा डालकर स्थानीय लोगों को कट्टरता का पाठ पढ़ाने लगते हैं और फिर निरीहों के वंधों पर बारूद रखकर सुलगा दी जाती है। इस बार तो राष्ट्रभत्तों के नाम का उपयोग करके आतंक की एक नईं विधा परोसी गईं है। वायरस की खेती करने वाला ड्रैगन अब दुनिया को लाल करने में जुट गया है। अनेक मोर्चो पर भारत से पछाड़ खाने के बाद चीन ने भारत की वर्तमान सरकार को उखाड पैंकने के लिए राष्ट्रप्रेम की चासनी में लपेट कर जहरीले वैप्सूल खिलाने शुरू कर दिये हैं। इन वैप्सूल्स की खेपों को बंगाल सहित पूवरेत्तर राज्यों से निरंतर भेजा जा रहा है।

आप का नजरीया

# हर विधायक निवेश ढूंढे

**एक** बार फिर नई उम्मीदों के साथ करीब डेढ़ सौ निवेशकों की ओर हिमाचल ने हाथ बढ़ाया है। दुबई में बसे हिमाचली प्रवासियों के साथ मुख्यमंत्री की मुलाकात के परिणाम जनवरी के सम्मेलन में तय होंगे, लेकिन निवेश का नजरिया जरूर बदल रहा है और साधन संपन्न प्रवासी देश-प्रदेश को कुछ आर्थिक सहयोग लौटाने का जज्बा लिए हाजिर हैं। जाहिर तौर पर पर्यटन, ऊर्जा, फिल्म सिटी, मीडिया जैसे अनेक क्षेत्रों में निवेश के मायने रोजगार व प्रदेश की आर्थिकी को मजबूत करेंगे। निवेश की इच्छा, संभावना व परिकल्पना अपनी जगह सही है, लेकिन इसके लिए वातावरण, संवेदना, सुविधा तथा सरल प्रक्रिया की जरूरत सदैव रहती है। यह केवल सरकार का पक्ष नहीं, बल्कि विपक्ष तथा सामाजिक, दृष्टि का संयोग होना चाहिए। उदाहरण के लिए पिछले तमाम संकल्प खंगालने होंगे ताकि पता चले कि निवेशक का उत्साह क्यों शिथिल होता रहा। अब तक की निवेश परियोजना में कुल्लू का स्की विलेज राजनीति के कारण अपनी सारी संभावनाएं खो बैठा। आश्चर्य यह कि तब फोर्ड जैसी कंपनी तीव्रता से सारी औपचारिकताएं पूरी करने जा रही थी, लेकिन बीच में देव संस्कृति का हौआ खड़ा कर दिया गया। प्रदेश आज तक एक भी एसईजेड यानी विशेष आर्थिक जोन विकसित नहीं कर पाया तो इसलिए कि सियासत के खंभे हर जगह पहरेदारी कर रहे हैं। धूमल सरकार एविएशन क्षेत्र में ऊना में विशेष आर्थिक जोन विकसित करना चाहती थी, लेकिन वहां इसके खिलाफ दूसरा पक्ष खड़ा हो गया। जाहिर तौर पर हिमाचल में अवैध कब्जों के तहत सरकारी जमीन को खुर्दबुर्द करने का एक वोट बैंक रहा है जो ऐसी परियोजनाओं के खिलाफ इस्तेमाल होता है। कुछ वर्ष पहले एमिटी विश्वविद्यालय ने धर्मशाला में पांव रखा, लेकिन तत्कालीन विधायक किशन कपूर इसके विपरीत दिखाई दिए। दूसरी ओर यही किशन कपूर जब 'अक्षर धाम' के निर्माण से एक बहुत बड़ा निवेश धर्मशाला ला रहे थे, तो उनकी परियोजना के खिलाफ अपनी ही सत्ता का रसूख खड़ा हो गया। अगर हर विधायक को निजी निवेश का राजदूत बना दिया जाए, तो हर विधानसभा क्षेत्र में कुछ तो परिवर्तन आएगा, बशर्ते सरकार व व्यवस्था पूर्ण सहयोग करे, वरना इसकी फाइल-उसकी फाइल पर भारी पड़ जाएगी या राजनीति हावी हो जाएगी। इस दिशा में उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के उस प्रयास की सराहना होनी चाहिए जहां वह हर पटवार सर्किल में लैंड बैंक की स्थापना पर जोर देते हैं। पाठक इस बात के गवाह हैं कि हमने हमेशा इस विषय को लेकर गांव से शहर तक हर स्थानीय निकाय के स्तर पर भूमि बैंक बनाने तथा नगर नियोजन के तहत विकास योजनाएं बनाने की सदा तरफदारी की है। इतना ही नहीं हिमाचल में निजी निवेश की सबसे बड़ी अड़चन वन एवं पर्यावरण संरक्षण अधिनियम है जिसके तहत हिमाचल अपनी सत्तर फीसदी जमीन गंवा चुका है। ऐसे में महज तीस फीसदी भूमि पर हमें साग का खेत और सेब का बागीचा उगाना है, तो गांव से शहर तक भी बसाना है।

# हरियाणा में चार लाख 35 हजार युवाओं को रोजगार का इंतजार

## सीएम ने सदन में पेश की एचकेआरएन की रिपोर्ट

**चंडीगढ़ (हिंस)।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र में रोजाना बेरोजगारी के मुद्दे पर हो रही बहस के बीच प्रदेश सरकार ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम को लेकर सदन में रिपोर्ट सार्वजनिक कर दी। विपक्ष लगातार एचकेआरएनएल के मुद्दे पर सरकार को घेर रहा है। नेता प्रतिपक्ष यह ऐलान कर चुके हैं कि सत्ता में आते ही वह एचकेआरएनएल को भंग करेंगे। हम से निर्दलीय विधायक बलराज कुंडु ने मंगलवार को सदन में यह मुद्दा उठाते हुए सरकार से पूछा कि सरकार ने किन कारणों के चलते एचकेआरएनएल की स्थापना की, वहां पंजीकृत बेरोजगार युवाओं की संख्या और सरकार के माध्यम से कितने युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है। कुंडु का यह सवाल अतारांकित श्रेणी में जाने के कारण इस पर चर्चा तो नहीं हो सकी लेकिन मुख्यमंत्री की तरफ से उन्हें जवाब दे दिया गया। जिसमें कहा गया कि 13 अक्तूबर 2021 में एचकेआरएनएल की स्थापना की गई थी। जिसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित उम्मीदवारों की कौशल निपुणता बढ़ाते हुए पूर्व निर्धारित मापदंडों के अनुसार नियुक्तियों को करना है। इसके अलावा सरकारी व निजी संस्थानों में स्कील्ड और सेमी स्कील्ड श्रमशक्ति को मांग के आधार पर प्रबंधित करना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थापना से लेकर अब तक एचकेआरएनएल में चार लाख 35 हजार 897 युवाओं ने पंजीकरण करवाया है। सरकार द्वारा अब तक एक लाख 18 हजार 600 युवाओं को रोजगार प्रदान किया जा चुका है। जिसके तहत अंबाला में 5705, भिवानी में 5993, दादरी में 2826, फरीदाबाद में 3114, फतेहाबाद में 3943, गुरुग्राम में 5263, हिसार में दस हजार 433, झज्जर में 4216, जींद में 6621, कैथल में 5197, करनाल में 6392, कुरुक्षेत्र में 5240, महेंद्रगढ़ में 4460, नूंह में 3180, पलवल 4209, पंचकूला में 8951, पानीपत में 3268, रेवाड़ी में 4149, रोहतक में 7267, सिरसा में 6161, सोनीपत में 7108 तथा यमुनानगर में 4904 युवाओं को रोजगार प्रदान किया गया है।

## 16वीं राजस्थान विधानसभा का सत्र आज से

**जयपुर (हिंस)।** सोलहवीं विधानसभा का प्रथम सत्र 20 दिसंबर 2023 से प्रारंभ होगा। राज्यपाल कलराज मिश्र ने मंगलवार को सोलहवीं विधानसभा के प्रथम सत्र को आहूत करने की स्वीकृति प्रदान की है। राज्यपाल मिश्र ने बताया कि इस सत्र में प्रोटेम स्पीकर कालीचरण सराफ द्वारा 20 दिसंबर को नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलवाई जाएगी। दूसरे दिन 21 दिसंबर को शेष रहे विधायकों की शपथ और राजस्थान विधानसभा के स्पीकर का चुनाव होगा। इससे पूर्व सोमवार को राज्यपाल मिश्र ने राजभवन में पूर्व मंत्री और वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ को प्रोटेम स्पीकर की शपथ दिलाई थी। राज्यपाल मिश्र ने सराफ के साथ सहयोग के लिए तीन सदस्यीय पैनल भी बनाया है। इसमें वरिष्ठ विधायक दयाराम परमार, प्रताप सिंह सिंघवी

# गोगामेड़ी हत्याकांड के सात आरोपी हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर में शिफ्ट

**अजमेर (हिंस)।** राजस्थान के सनसनीखेज हाई प्रोफाइल अपराध सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड में शामिल सात बदमाशों को सोमवार देर रात कड़ी सुरक्षा में प्रदेश की सबसे सुरक्षित हाई सिक्योरिटी जेल अजमेर में शिफ्ट किया गया है। सभी आरोपियों को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम देर रात कड़ी सुरक्षा में अजमेर जेल लेकर पहुंची थी। बता दें कि 2 जनवरी तक कोर्ट ने सभी को जेल भेज दिया है। एनआईएन ने कोर्ट के आदेश पर पांच दिन पहले ही इस हत्याकांड से जुड़ी केस डायरी और आरोपियों को अपने कब्जे में लिया था। हाई सिक्योरिटी जेल अधीक्षक पारस जांगिड़ ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के गिरफ्तार आरोपी रामवीर पुत्र सत्यवीर, उधम सिंह पुत्र राजकुमार, रोहित राठौर पुत्र गिरधारी सिंह राठौड़, नितिन पुत्र कृष्ण कुमार, भवानी सिंह उर्फ रोनी पुत्र बजरंग सिंह, राहुल पुत्र वीरेंद्र सिंह, संदीप उर्फ वीरेंद्र पुत्र नरेश को रात एनआईए की टीम अजमेर लेकर पहुंची थी। सभी आरोपियों को जेल में शिफ्ट किया गया है। सभी को कड़ी सुरक्षा में जेल में रखा गया है। बता दे की प्रदेश की सबसे सुरक्षित हाई सिक्योरिटी जेल में 200 से ज्यादा हार्डकोर अपराधी सजा काट रहे हैं। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई, आनंदपाल सहित विभिन्न गैंग के बदमाश बंद है। इसके साथ ही अब सुखदेव सिंह गोगेमेड़ी हत्याकांड में शामिल आरोपियों को भी यहां रखा गया है। इस हत्याकांड के शूटरों तक हथियार पहुंचाने वाला कोटा के गुमानपुरा निवासी हिस्ट्रीशीटर महेंद्र उर्फ समीर हथियार लेकर फरार हो गया। जिसे पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस को अंदेशा है कि महेंद्र के पास एके-47 भी हो सकती है, क्योंकि उसकी पत्नी पूजा सैनी के पास से पुलिस को एक फोटो मिली हैं, जिसमें उसके फ्लैट पर एके-47 रखी हुई है। यह एके-47 राजू ठेहट हत्याकांड के लिए मंगवाई गई थी। महेंद्र ने हत्याकांड के लिए हथियार और पैसे की व्यवस्था की थी। महेन्द्र ने परिचित युवती के बैंक खाते में चंडीगढ़ से किसी के जरिए 6 लाख रुपए मंगवाए थे। पुलिस ने महेंद्र पर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा है। उल्लेखनीय है कि पांच दिसंबर को दोपहर करीब एक बजे दो बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाईं, फिर भाग निकले थे।

### फूड पॉयजनिंग से एक दर्जन बच्चे बीमार

# अज्ञात व्यक्ति ने पताशे और मखाने वितरित करवाए थे

**बीकानेर (हिंस)।** जिले के श्रीडूंगरगढ़ के एक प्राइवेट स्कूल में पुरानी सामग्री खाने से बच्चों की तबीयत बिगढ़ गई। करीब एक दर्जन बच्चों को उल्टी दस्त के साथ बेहोशी आने लगी। इन सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। कुछ बच्चों को भर्ती करके इलाज किया जा रहा है। श्रीडूंगरगढ़ के धनेरू गांव में स्थित निजी स्कूल में अचानक चौथी कक्षा के बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। कुछ बच्चे बेहोश होने लगे तो स्कूल टीचर्स में हडकंप मच गया। किसी ने स्कूल में पताशे आदि बच्चों को वितरित किए थे। ये सामग्री एक बच्चे को दी गई थी, जिसने पूरी क्लास में वितरित किया। इसके कुछ देर बाद बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। स्कूल प्रशासन ने गांव के लोगों को भी इसकी सूचना दी। गांव में हड़कंप सा मच गया। स्कूल की छुट्टी कर दी गई व बीमार हुए बच्चों को स्कूल बस से तुरंत बीदासर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। यहां 11 बच्चों को भर्ती कर लिया गया है व दो बच्चों की स्थिति गंभीर होने के कारण उन्हें सुजानगढ़ रेफर कर दिया गया है। आदर्श सरस्वती शिक्षण संस्थान की चौथी कक्षा में पढ़ने वाली एक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति ने मखाने व पताशे दिए थे। सभी बच्चों में बांट देने की बात कही। बच्ची ने अपनी क्लास में सभी को ये सामग्री वितरित की व अनेक बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। प्रथम दृष्टया डॉक्टरों ने मामला फूड पॉइजनिंग का बताया है। शिक्षकों के साथ कुछ बच्चों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए है। वहीं सरपंच मोहन स्वामी लगातार बच्चों के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ले रहें है।



# ब्रिटिश संसद परिसर में हर्षोल्लास के साथ मना महान गीता जयंती उत्सव

**झज्जर (हिंस)।** लंदन स्थित ब्रिटिश संसद परिसर में सोमवार को गीता जयंती उत्सव का महान आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। इंग्लैंड के सांसदों ने संपूर्ण कार्यक्रम को पूर्ण एकाग्रता से देखा। कार्यक्रम सटन फ्रेंड्स कम्युनिटी द्वारा आयोजित किया। लंदन में रह रहे सेक्टर-6 बहादुरगढ़ के निवासी इंग्लैंड में नगर पार्षद रोहित अहलावत ने बताया कि गीता के संदेश से न केवल वहां के सांसद बल्कि तमाम दर्शक बहुत प्रभावित हुए। अहलावत ने बताया कि शाम के सत्र में आयोजित नाटक में भगवद गीता की मुख्य शिक्षाओं को जीवंत रूप से प्रस्तुत किया गया। इससे इस उत्सव को एक सृजनात्मक और कलात्मक आयाम भी प्राप्त हुआ। नाटक से लोगों को गीता के शाश्वत संदेशों की जानकारी मिली। ब्रिटिश संसद में गीता जयंती उत्सव के आयोजन से न केवल सांस्कृतिक आदान-प्रदान हुआ बल्कि भारत व इंग्लैंड के लोगों में सहयोग की भावना भी जागी। वहां के सांसदों ने माना कि पवित्र हिंदू महान शास्त्र गीता शाश्वत ज्ञान देता है और सच्चा मार्गदर्शन करता है। कार्षाल्टन से सांसद एलियट कोलबर्न ने अपनी मौजूदगी से इस अवसर को समृद्धि और समुदायों के बीच समझ व सद्भावना बढ़ाने वाला बना दिया। इंग्लैंड में रोहतक मूल की आवाज लायकागोल्ड आरजे रवि शर्मा ने भगवद् गीता की सांस्कृतिक महत्ता पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। रीडिंग से पार्षद रोहित आहलवत ने कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विभिन्न समुदायों के लोगों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर को ब्रिटिश संसद जैसे प्रतिष्ठान्वित मंच पर गीता जयंती उत्सव का सफल आयोजन होने पर प्रमुख आयोजक प्रवीण कुमार व रोहित अहलावत आदि भारतीय मूल के सभी लोग हर्ष से भर गए।

# श्रमिक, समाज व निगम हित में फैसले को तुरंत वापस लें अधिकारी

**फतेहाबाद (हिंस)।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ ने समाज हित व निगम हित को देखते हुए आरडीएस फीडरों को ठेके पर न देने की मांग की है। इसको लेकर मंगलवार को संघ का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को भूना के प्रधान सुनील झाझड़ा के नेतृत्व में भूना में दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के एसडीओ से मिलने पहुंचा। उनकी अनुपस्थिति में एसडीसी जगदीश को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संघ के जिला सचिव बजिन्द्र मेडल विशेष तौर पर मौजूद रहे। इनके अलावा अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ भुना के सचिव धर्मवीर, जयबीर शर्मा, सुनील कुमार, प्रशोतम जागड़ा भी उपस्थित थे। अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ के जिला सचिव बजिन्द्र मेडल ने कहा कि सर्कल हिसार के अंतर्गत आरडीसी फीडरों को हाई लॉस के चलते ठेकेदार को दिया गया है, जबकि सरकार द्वारा हरियाणा कौशल रोजगार निगम का गठन ठेकाप्रथा समाप्ति व श्रम कानूनों की पालना के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों द्वारा श्रमिकों के शोषण के साथ-साथ श्रम कानूनों की अवहेलना भी की जाती रही है। इसके अलावा विभाग पर भी अतिरिक्त खर्च आता है।



# अब जयपुर में भी होगी रोबोटिक सर्जरी

**जयपुर (हिंस)।** राजधानी जयपुर में भी अब रोबोटिक सर्जरी शुरू हो गई है। पहले राजस्थान एवं आसपास राज्यों के लोगों को रोबोटिक सर्जरी के लिए दिल्ली-मुंबई जैसे बड़े शहरों में जाना पड़ता था। अब यह सुविधा जयपुर के मानसरोवर स्थित मंगलम प्लस मेडिसिटी हॉस्पिटल में आमजन के लिए उपलब्ध है। जयपुर में अब रोबोटिक सर्जरी करवाने के लिए राजस्थान के अलावा पंजाब, हरियाणा, बंगाल, मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों से भी लोग आ रहे हैं। हॉस्पिटल के सीनियर रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. एसएस खत्री ने बताया है कि आधुनिक लाइफ स्टाइल के कारण अब कम उम्र में घुटने के जोड़ों की समस्या बढ़ गई हैं जिसके कारण नी रिप्लेसमेंट सर्जरी की संख्या में तेजी से बढ़ोत्तरी देखने को मिल रही है। जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के परिणाम रोबोटिक सर्जरी से कहीं अधिक बेहतर हो गए हैं। यह प्रणाली सर्जन को 100 प्रतिशत सटीकता के साथ प्रत्यारोपण करने में मदद करती है। सबसे बड़ा फायदा यह है कि इसमें हड्डी कम काटनी पड़ती है। रोबोटिक हाथ स्वचलित रूप से कार्टिलेज की सही मात्रा को अपनी जगह से हटा देता है। वहीं रोबोटिक्स यह भी सुनिश्चित करता है कि इस प्रक्रिया के दौरान कम से कम मात्रा में लिगामेंट रिलीज हो, जिससे मरीज के कृत्रिम घुटने भी प्राकृतिक घुटने की तरह लगते हैं। रोबोटिक्स के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि यह टोटल, पार्शियल दोनों नी रिप्लेसमेंट के लिए उपलब्ध है। हॉस्पिटल की डायरेक्टर नेहा गुप्ता ने कहा कि रोबोट सर्जरी एक नई इनोवेशन है, जिसने आर्थोपेडिक्स के क्षेत्र में काफी बड़ा बदलाव किया है।



# ज्ञानवापी-विश्वनाथ मंदिर विवाद का निस्तारण जरूरी : हाईकोर्ट

## हाईकोर्ट ने छह माह में वाद तय करने का दिया निर्देश

**प्रयागराज (हिंस)।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ज्ञानवापी परिसर के स्वामित्व विवाद को लेकर महत्वपूर्ण फैसला दिया है। हाईकोर्ट ने सिविल वाद को पोषणीय माना है और कहा है कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991 से सिविल वाद बाधित नहीं है। आदेश 7 नियम 11सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत सिविल वाद निरस्त नहीं किया जा सकता। यह आदेश न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की तरफ से दाखिल याचिकाओं को खारिज करते हुए दिया है। कोर्ट ने कहा यह सिविल वाद राष्ट्रीय महत्व का है। दो व्यक्तिगत पक्षों के बीच विवाद नहीं है। यह दो बड़े समुदायों को प्रभावित करता है। कोर्ट ने कहा



32 साल से सिविल वाद लंबित है। पिछले 25 साल तक अंतरिम आदेश के कारण सुनवाई रुकी रही। कोर्ट ने कहा राष्ट्र हित में सिविल वाद यथाशीघ्र तय होना चाहिए। दोनों पक्ष सुनवाई में देरी के बगैर सुनवाई में सहयोग करें। कोर्ट ने अधीनस्थ अदालत को यथासंभव छः माह में वाद तय करने का निर्देश दिया है और कहा है कि सुनवाई अनावश्यक रूप से स्थगित न की जाय। ऐसी दशा में पक्ष पर भारी हर्जाना लगाया जाय। कोर्ट ने ए एस आई को साइंटिफिक सर्वे रिपोर्ट अदालत में पेश करने का निर्देश दिया और कहा कि जरूरी होने पर सर्वे जारी रखा जाय। अधीनस्थ अदालत आदेश जारी करें। कोर्ट ने अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी व सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की सभी याचिकाएं खारिज कर दी है । हाईकोर्ट का यह फैसला ज्ञानवापी स्थित स्वयंभू भगवान विश्वेश्वर नाथ मंदिर के जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। ए एस आई सर्वे रिपोर्ट के आधार पर ज्ञानवापी परिसर के स्वामित्व विवाद का हल निकल सकेगा। करोड़ों हिंदुओं की आस्था जीवंत हो उठेगी। कोर्ट ने सभी अंतरिम आदेश भी समाप्त कर दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि प्लेसेस आफ वर्शिप एक्ट 1991मे धार्मिक चरित्र परिभाषित नहीं किया गया है केवल पूजा स्थल व बदलाव को परिभाषित किया गया है। किसी स्थान का धार्मिक चरित्र क्या है यह दोनों पक्षों के दावे प्रतिदावे व पेश सबूतों के आधार पर सक्षम अदालत तय कर सकती है। विवादित मुद्दा तथ्य व कानून का है। कोर्ट ने कहा ज्ञानवापी परिसर का हिंदू धार्मिक चरित्र है या मुस्लिम धार्मिक चरित्र, साक्ष्यों के आधार पर प्रारंभिक कानूनी मुद्दे नियत कर अदालत तय कर सकती हैं। कोर्ट ने कहा 1991का कानून पूजा स्थल में 15 अगस्त 1947की स्थिति में बदलाव को प्रतिबंधित करता है। किंतु कानून में पूजा स्थल का धार्मिक चरित्र तय करने की प्रक्रिया नहीं दी गई है। कोर्ट ने कहा 1991 में दाखिल सिविल वाद 32 साल से लंबित है। जिसका राष्ट्रीय हित में निस्तारण होना जरूरी है।

# अध्यात्म की ओर जाने वाला संत और समय को पहचान कर कार्य को अंजाम देने वाला कर्मवीर : बालसंत हरिदास महाराज

**अररिया (हिंस)।** ऋषिकेश से पधारे बालसंत हरिदास महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिन मंगलवार को ज्ञान, भक्ति और वैराग्य के महत्व पर प्रकाश डाला। अपने वाचन में उन्होंने कहा कि मानव जीवन में सबसे बलवान अगर कुछ है तो वह समय है। जिसने समय को समय रहते पहचान कर उसका सदुपयोग किया, वह व्यक्ति जीवन में सफल हो जाता है। आध्यात्म की ओर जाने वाला संत बन जाता है उसी प्रकार समय को पहचानने वाला और उस अनुरूप कार्य करने वाला व्यक्ति अपने यथा कर्म धर्म, राजनीति, व्यवसाय, समाज सेवा, खेल, उद्योग आदि में सफलता अर्जित कर शिखर पर पहुंच जाता है। समय देकर धन या पद अर्जित किया जा सकता है लेकिन धन और पद देकर बीते हुए समय को वापस प्राप्त नहीं कर सकते हैं। इसलिए समय को पहचानना और उसी अनुरूप आचरण करना मानव के लिए जरूरी है। उल्लेखनीय है कि नगर परिषद फारबिसगंज के वार्ड नंबर 16 स्थित स्वर्गीय तपेश्वर गुप्ता के प्रांगण में भागकोहलिया निवासी सीता देवी, जय प्रकाश अग्रवाल और वार्ड नंबर 17 निवासी उषा देवी, हेमू बोथरा के संयुक्त यजमानी में आठ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस कथा यज्ञ में प्रदीप बोथरा, प्रेम जैन, अनिल बोथरा, संजय गुप्ता, ललित अग्रवाल, आजातशत्रु अग्रवाल, मदन मोहन कनौजिया, मनोज सिंह, पंकज अग्रवाल, महावीर अग्रवाल, विक्रम अग्रवाल, मांगी लाल गोल्यान, रानू चैनवाला, लोकेश जैन, पप्पू फिटकरी वाला, नवीन झुनझुनवाला, संजय केशरी, पप्पू चौधरी, काव्या बोथरा, भूमि जैन, प्रियंका अग्रवाल, फूल कुमारी देवी, बेला जैन, पूजा अग्रवाल, अनिता अग्रवाल, राजू लखोटिया, संजय अग्रवाल पवन गौतम, शिव कुमार फिटकरी वाला पवन अग्रवाल, कुलदीप अग्रवाल, राजेश जी, दीपक कुमार सहयोग कर रहे हैं। गीता प्रेस गोरखपुर की धार्मिक पुस्तकें भी यहां पर मूल्य में विशेष छूट के साथ उपलब्ध होने की जानकारी देते हुए महाराज हरिदासजी ने अपने पूज्य संत रामसुखदास जी महाराज के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुए उन्होंने उनकी किसी भी प्रकार से फोटो ग्राफी ना करने और न ही किसी भी प्रकार का चढ़ावा चढ़ाने की अपील भी जनसमूह से की।

# विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए किताब के जैसा, उसको पढ़ना होगा : प्रशांत किशोर

**पटना (हिंस)।** विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए के लोकसभा चुनाव-2024 पर पड़ने वाले प्रभाव पर जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने मंगलवार को पटना में कहा कि इस गठबंधन का कितना असर होगा ये इस पर निर्भर करता है कि गठबंधन कितना बढ़िया बनता है और कितना बढ़िया चलाया जाता है। आप कोई किताब खरीदकर घर लेकर आइए लेकिन उसे बिना पढ़े आप परीक्षा तो पास नहीं हो जाएंगे। आईएनडीआईए भी वैसे ही है, जैसे आपने किताब जमा कर लिया है लेकिन उसको पढ़ना भी तो होगा। भाजपा के वोट बढ़ने से जुड़े सवाल का जवाब देते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि भाजपा बीते दिनों में 15 राज्यों में चुनाव कैसे हारी है। भाजपा जीत वहां रही है, जहां पर कांग्रेस कमजोर है। भाजपा का ज्यादातर जगहों पर मुकाबला कांग्रेस से है। भाजपा अपनी ताकत से जीतने के बजाय कांग्रेस की कमजोरी से ज्यादा जीत रही है। पिछली बार जो साल 2019 में चुनाव हुआ उसमें भाजपा को पूरे देश में 38 प्रतिशत वोट मिला। उन्होंने कहा कि यदि 100 लोग जो वोट देने गए उसमें 62 आदमी तो भाजपा के साथ नहीं हैं। अब जो 62 लोग भाजपा के साथ नहीं थे उसे एकजुट करने वाला कोई व्यक्ति या राजनीतिक ताकत नहीं है। इसलिए भाजपा आपको मजबूत दिख रही है। जब वो ताकत कोई बना लेगा, तो भाजपा को तो कोई ऐसा तो नहीं है कि 50 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिलता है। भाजपा के पास हिंदु-मुस्लिम की जो ताकत है, वो नई नहीं है।

# एनआईए जांच में खुलासा, भाकपा माओवादी संगठन को मजबूत करने में जुटा था विजय आर्य

**रांची (हिंस)।** भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य विजय आर्य संगठन को मजबूत करने में जुटा था। वह भाकपा माओवादी संगठन के पूर्व कैडर को भी जोड़ रहा था। यह खुलासा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में हुआ है। एनआईए ने रांची की विशेष अदालत के समक्ष दो नक्सलियों विजय कुमार आर्य और आनंद पासवान के खिलाफ मंगलवार को दूसरी पूरक चार्जशीट दाखिल की है। जांच से पता चला है कि विजय कुमार आर्य भाकपा माओवादी का केंद्रीय समिति सदस्य था जबकि आनंद पासवान प्रतिबंधित संगठन का एक प्रमुख समर्थक और पूर्व कैडर था। विजय को पूर्व कैडरों को प्रेरित करने में शामिल पाया गया था। विजय संगठन के कार्यकर्ताओं और झारखंड-बिहार में माओवादी के मगध क्षेत्र के अन्य हितधारकों के बीच एक माध्यम के रूप में भी काम कर रहा था। आनंदी पासवान बीते 23 जून को गिरफ्तार हुआ था जबकि विजय कुमार आर्य को बिहार पुलिस ने रोहतास थाना क्षेत्र से 14 अप्रैल, 2022 को गिरफ्तार किया था। इसके बाद से वह पटना के बेउर जेल में बंद था। उल्लेखनीय है कि हजारीबाग पुलिस ने 20 अगस्त, 2021 को प्रद्युम्न शर्मा को गिरफ्तार किया था। इसके बाद इस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए 30 दिसंबर, 2021 को एनआईए की रांची ब्रांच ने इस केस को टेकओवर कर लिया था। जांच के क्रम में ही एनआईए को यह जानकारी मिली कि विजय आर्य टेरर फंडिंग का पैसा प्रद्युम्न शर्मा और उसके सहयोगियों तक पहुंचता था।

# झारखंड विधानसभा में 8111.77 करोड़ का अनुपूरक बजट ध्वनिमत से पारित

**रांची (हिंस)।** झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन मंगलवार को ध्वनिमत से 8111.77 करोड़ का द्वितीय अनुपूरक बजट पारित हो गया। हालांकि, इस दौरान भाजपा विधायक सदन में अनुपस्थित थे। उन्होंने दो बजे सत्र शुरू होने से पूर्व ही बहिर्गमन कर दिया था। विधायक लंबोदर महतो के कटौती प्रस्ताव को दरकिनार कर दिया गया। इसके बाद सदन की कार्रवाई बुधवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। अनुपूरक बजट की जरूरतों को वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने सदन में रखा। उन्होंने कहा कि लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए इसकी अनिवार्यता है। अभी झारखंड उन राज्यों में है जिसने राजकोषीय घाटा कम करने में सफलता हासिल की है। सरकार हर बेघर को आवास देने को अबुआ आवास स्कीम लेकर आयी है। बच्चियों के लिए सावित्री बाई फुले योजना उपयोगी साबित हो रही है। महिलाओं, लड़कियों की सामाजिक स्थिति से भी किसी समाज की पहचान होती है।

# तत्परता दिखाकर रोकी दुर्घटना, रेलवे ने दिया सम्मान

**बरेली (हिंस)।** पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने अपने दो कर्मचारियों को पुरस्कार राशि के साथ प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनका हौंसला बढ़ाया। बीते 16 दिसंबर को रामपुर-रुद्रपुर सिटी स्टेशनों के बीच चमरूआ रेलवे स्टेशन पर रात्रि में पैट्रोलिंग के दौरान पैट्रोलमैन सुबोध कुमार के द्वारा देखा गया कि रेलपथ बीट संख्या-2 पर किमी संख्या 6/1-10/1 के बीच स्विच एक्सपेंशन ज्वाइंट (एसइजे) संख्या-2 की बांयी तरफ की स्टाक रेल टूट गई है। सुबोध ने तत्काल स्थानीय स्टेशन मास्टर एवं अपने सीनियर सेक्शन इंजीनियर (रेलपथ), रूद्रपुर सिटी को इसकी सूचना दी इसके बाद रेल यातायात का सुचारु रूप से संचालन सुनिश्चित किया।

# ढाका में 25 फरवरी को होगा 151 कन्याओ का सामूहिक विवाहःविधायक

**पूर्वी चंपारण (हिंस)।** जिले के सिकरहना अनुमंडल मुख्यालय ढाका में अगामी 25 फरवरी 2024 को पांचवीं बार 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह एक विवाह ऐसा भी का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी मंगलवार को पत्रकारो को देते हुए ढाका विधायक पवन जायसवाल ने बताया कि 2010 में निर्दलीय विधायक बनने के बाद मेरे मन में जिज्ञासा था कि समाज सेवा के क्षेत्र में कुछ अलग करना चाहिए। इसी परिपेक्ष्य में हमने राज्य में पहली बार सामूहिक विवाह का आयोजन ढाका से शुरू किया। तबसे हमने 2011-2015 के बीच चार आयोजनों में 375 कन्याओं की शादी कराकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत देने का एक छोटा सा प्रयास किया है। जिसके बाद कोरोना के कारण इस पुनीत कार्य में ब्रेक लगा। ऐसे में तीन वर्षों की संख्या का ख्याल करते इस बार 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। विधायक जायसवाल ने कहा कि सामूहिक विवाह हेतु आवेदन फार्म ढाका, घोडासहन के साथ मोतिहारी में निर्धारित स्थलों पर उपलब्ध है। इसमे निबंधन कराने वाले इच्छुक लोग मोबाइल नंबर 9955963663 पर संपर्क कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2024 तक निर्धारित है। वर-वधू का चयन पहले आओ -पहले पाओ के तर्ज़ पर किया जाना है। उन्होने कहा कि असहाय परिवारो के सुविधा हेतु सामूहिक विवाह के आवेदन फार्म को पूर्वी चम्पारण, सीतामढ़ी, पश्चिमी चम्पारण, शिवहर जिला के सभी मुखिया, प्रमुख, उप प्रमुख, जिला पार्षद, शहरी निकाय के मेयर, उप मेयर, वार्ड आयुक्त के साथ सिकरहना अनुमंडल के सभी पैक्स अध्यक्ष, सरपंच, वार्ड सदस्यों को पोस्ट के माध्यम से भेज दिया गया है। ताकि जन प्रतिनिधियों के सहयोग से वैसे परिवारों को सूचना के साथ आवेदन फार्म उपलब्ध हो सके। उन्होने कहा कि सामूहिक विवाह में ढाका विधानसभा सहित किसी भी क्षेत्र के वर-वधू पक्ष आवेदन कर सकते है। सामूहिक बारात बिसरहिया चौक से निकलकर हाई स्कूल ढाका के खेल मैदान पहुंचेंगे जहां 151 मंडपों में हिन्दू रीति रिवाज एंव मुस्लिम वर-वधू होने पर निकाह हेतू मंच की व्यवस्था किया जाएगा। वर- वधू पक्ष को पूजा-मटकोर आदि का विधि अपने घर से करके आना है। शादी से सम्बंधित सभी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा किया जाएगा।




# विश्व बैंक की रिपोर्ट– प्रवासियों से धन पाने में भारत शीर्ष पर बरकरार, मिले 125 अरब डॉलर

**नई दिल्ली ।**
भारत ने प्रवासियों से धन पाने में इस साल भी दुनिया में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। इस दौरान प्रवासी भारतीयों ने देश में अनुमानित 125 अरब डॉलर की रकम भेजी है। विश्व बैंक की प्रवासन एवं विकास रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के श्रम बाजार में सख्ती और यूरोप में रोजगार वृद्धि की वजह से प्रवासियों ने भारत में अनुमान से भी अधिक धन भेजा है।

रिपोर्ट में सबसे ज्यादा धन प्राप्त करने वाले भारत की महत्वपूर्ण स्थिति पर खास जोर दिया गया है। इसके मुताबिक, दक्षिण एशियाई क्षेत्र की बात करें तो प्रवासियों की ओर से भारत में भेजे जाने वाली राशि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसने दक्षिण एशियाई देशों को मिलने वाली रकम बढ़ाने में सकारात्मक योगदान दिया है, जिससे समग्र रूप से दक्षिण एशियाई देशों में 2023 में भेजी गई राशि में 7.2 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में निम्न एवं मध्य आय वाले देशों (एलएमआईसी) में प्रवासियों की ओर से भेजी जाने वाली राशि में निरंतर वृद्धि हो रही है। हालांकि, बीते वर्षों की तुलना में रफ्तार धीमी है।

### कम आय वाले देशों में 3.8 फीसदी वृद्धि

रिपोर्ट के मुताबिक, प्रवासी नागरिकों ने 2023 में निम्न एवं मध्य आय वाले देशों में अनुमानित 699 अरब डॉलर की रकम भेजी है। यह एक साल पहले की तुलना में करीब 3.8 फीसदी अधिक है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) देशों के लचीले श्रम बाजारों ने प्रवासियों की घर पैसे भेजने की क्षमता का समर्थन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### इन देशों में गिरावट

विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा, मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में लगातार दूसरे वर्ष प्रवासियों की ओर से भेजे जाने वाले धन में गिरावट देखी गई है। यूरोप और मध्य एशिया में भी प्रवाह 1.4 फीसदी घटा है, जबकि 2022 में तेजी दर्ज की गई थी। विश्व बैंक के प्रेषण मूल्य डाटाबेस से पता चलता है कि प्रवासियों की अपने देश में धन भेजने की लागत लगातार ऊंची बनी हुई है।

## न्यूज ब्रीफ

### शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 21 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपये, बजट अनुमान का 75 फीसदी




**नई दिल्ली ।** शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह चालू वित्त वर्ष में अब तक 20.66 फीसदी बढ़कर 13.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। एक साल पहले की समान अवधि में यह आंकड़ा 1,35,754 करोड़ रुपये रहा था। आयकर विभाग ने बताया कि 17 दिसंबर, 2023 तक 13,70,388 करोड़ रुपये के शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह में कॉरपोरेट कर (सीआईटी) की हिस्सेदारी 6.95 लाख करोड़ रुपये रही है। वहीं, 6.73 लाख करोड़ रुपये व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) से मिले हैं। इसमें प्रतिभूति लेनदेन कर भी शामिल है। 13.70 लाख करोड़ रुपये के साथ ही चालू वित्त वर्ष 2023-24 में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह बजट अनुमान के 75 फीसदी पर पहुंच गया है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा, चालू वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान प्रत्यक्ष करों से 18.23 लाख करोड़ रुपये जमा होने की उम्मीद है। इसमें व्यक्तिगत आयकर और कॉरपोरेट कर शामिल हैं। 2023-24 में 17 दिसंबर 2023 तक 2.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के रिफंड जारी किए जा चुके हैं। वित्त राज्य मंत्री भागवत कराड ने कहा कि सरकार चालू वित्त वर्ष 2023-24 में 5.9 फीसदी के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल कर लेगी।


### लोकसभा में पेश विधेयक को उद्योग जगत ने सराहा, डिजिटल कनेक्टिविटी में आएगी तेजी



**नई दिल्ली ।** लोकसभा में पेश दूरसंचार विधेयक का उद्योग जगत ने स्वागत किया है। सेलुलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (सीओएआई) ने कहा, दूरसंचार विधेयक अच्छी तरह से परिभाषित राइट ऑफ वे (आरओडब्ल्यू) ढांचे के जरिये मजबूत दूरसंचार नेटवर्क के लिए मार्ग प्रशस्त करता है। यह गैर-भेदभावपूर्ण तरीके से आरओडब्ल्यू देने के साथ दूरसंचार नेटवर्क को संपत्ति कर, लेवी, उपकर और शुल्क से छूट देना सुनिश्चित करता है। इसमें केंद्र सरकार के अधिकृत अधिकारी के आदेश के बिना मनमाने ढंग से शटडाउन/सीलिंग की रक्षा करने, केबल कॉरिडोर स्थापित करने, जिम्मेदार आवेदन प्रक्रिया और कुशल विवाद समाधान तंत्र पर जोर दिया गया है। खास बात है कि इस तरह के सकारात्मक उपायों से देश के हर नागरिक तक डिजिटल कनेक्टिविटी का लाभ पहुंचाने में काफी तेजी आएगी। एके भट्ट, महानिदेशक, भारतीय अंतरिक्ष संघ ने बताया कि उपग्रह आधारित संचार नेटवर्क में बहुत अधिक क्षमता है, जो भारत को डिजिटल व विकसित अर्थव्यवस्था में बदल सकती है। सैटकॉम के लिए प्रशासनिक पद्धति से स्पेक्ट्रम आवंटित कर भारत खुद को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बना सकता है। इससे वैश्विक उपग्रह बाजार में देश की स्थिति मजबूत होगी।

### सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट,सोने के वायदा भाव 62 हजार और चांदी के 74,300 रुपए

**मुंबई ।** सोने के वायदा भाव गिरावट के साथ खुले, जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई, लेकिन बाद में इसकी कीमतों में सुस्ती देखी जाने लगी।



सोने के वायदा भाव 62 हजार और चांदी के वायदा भाव 74,300 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 191 रुपये की गिरावट के साथ 62,100 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 214 रुपये की गिरावट के साथ 62,077 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट आज 55 रुपये की तेजी के साथ 74,465 रुपये के भाव पर खुला। फिलहाल यह कॉन्ट्रेक्ट 130 रुपये की गिरावट के साथ 74,280 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस महीने चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे। वैश्विक बाजार में सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेज और चांदी के वायदा भाव की शुरूआत सुस्त रही। कॉमेक्स पर सोना 20,41.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,040.50 डॉलर था। फिलहाल यह 4.90 डॉलर की गिरावट के साथ 2,035.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 24.08 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 24.10 डॉलर था।

# आईएमएफ ने आर्थिक मोर्चे पर भारत को स्टार परफॉर्मर बताया कहा– वैश्विक विकास में भारत का योगदान 16 प्रतिशत रहेगा

**नई दिल्ली ।**
अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने आर्थिक मोर्चे पर भारत को स्टार परफॉर्मर बताया है। आईएमएफ ने कहा कि डिजिटलीकरण और बुनियादी ढांचा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आर्थिक सुधारों के कारण मजबूत दर से वृद्धि करते हुए भारत एक स्टार परफॉर्मर के रूप में उभरा है। आईएमएफ के अनुसार वैश्विक वृद्धि में भारत का योगदान 16 प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान है। आईएमएफ में भारत के मिशन नाडा चौइरी ने एक साक्षात्कार में कहा, हम पिछले कुछ समय से देख रहे हैं कि भारत बहुत मजबूत दर से वृद्धि कर रहा है। जब आप दूसरे देशों से वास्तविक विकास के मोर्चे पर तुलना करें तो भारत एक स्टार परफॉर्मर रहा है। यह सबसे तेजी से बढ़ते बड़े उभरते बाजारों में से एक है और यह हमारे मौजूदा अनुमानों में इस साल वैश्विक वृद्धि में 16 प्रतिशत से अधिक का योगदान दे रहा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत पर वार्षिक आर्टिकल आईवी परामर्श जारी किया। इसके अनुसार विवेकपूर्ण वृहद आर्थिक नीतियों कारण इस साल भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने की राह पर है। चौइरी ने कहा कि फिर भी, अर्थव्यवस्था वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रही है, इसका कारण पूरी दुनिया में अलग-अलग क्षेत्रों में तनाव के कारण बढ़ रही मंदी है। चौइरी के अनुसार सरकार बुनियादी ढांचे में निवेश करने और विकास के लिए ठोस आधार के लिए आवश्यक रसद विकसित करने पर जोर दे रही है। उन्होंने कहा कि भारत में एक बहुत बड़ी और युवा आबादी है और इसलिए यदि संरचनात्मक सुधारों के माध्यम से इस क्षमता का उपयोग किया जाता है तो इसमें मजबूत दर से बढ़ने की क्षमता है।सरकार ने कई संरचनात्मक सुधार किए हैं, जिनमें से प्रमुख डिजिटलीकरण है। बीते वर्षों में इस पर काफी काम हुआ है और भविष्य में उत्पादकता व विकास में वृद्धि के लिहाज से यह देश को एक मजबूत मंच प्रदान करता है। आईएमएफ ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में सिफारिश की है कि नीतिगत प्राथमिकताओं को राजकोषीय बफर को फिर से भरने, मूल्य स्थिरता हासिल करने, वित्तीय स्थिरता बनाए रखने और ऋण स्थिरता को संरक्षित करते पर केंद्रित किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का एक महत्वपूर्ण चालक बनने के लिए महामारी से मजबूती से उबरी है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान वृद्धि के बाद, हेडलाइन मुद्रास्फीति में औसत रूप से कमी आई है। हालांकि यह अस्थिर बनी हुई है। इसमें कहा गया है कि रोजगार महामारी से पहले के स्तर को पार कर गया है और अनौपचारिक क्षेत्र का दबदबा बना हुआ है जबकि औपचारिकरण में प्रगति हुई है।




रिपोर्ट में कहा गया है, वित्तीय क्षेत्र लचीला रहा है, जो 2023 की शुरुआत में वैश्विक वित्तीय तनाव से काफी हद तक अप्रभावित रहा है। जबकि बजट घाटा कम हो गया है, सार्वजनिक ऋण ऊंचा बना हुआ है, और राजकोषीय बफर को फिर से बनाने की आवश्यकता है। वैश्विक स्तर पर, भारत की 2023 की जी-20 अध्यक्षता ने बहुपक्षीय नीति प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने में देश की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित किया है। रिपोर्ट के अनुसार राजनीतिक मोर्चे पर आम चुनाव अप्रैल 2024 में होने की उम्मीद है। वृहद आर्थिक नीतियां आंशिक रूप से आईएमएफ के पूर्व कर्मचारियों की सलाह के अनुरूप रही हैं। यदि व्यापक सुधारों को लागू किया जाता है तो भारत में अतिरिक्त श्रम और मानव पूंजी की मदद से उच्च विकास का स्तर हासिल करने की क्षमता है।

**भारत का सेवा निर्यात एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंचा, इससे शुद्ध निर्यात बढ़ा** - आईएमएफ ने कहा कि वित्त वर्ष 2022-23 में जीडीपी वृद्धि 7.2 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो वित्त वर्ष 2021-22 में 9.1 प्रतिशत थी। रिपोर्ट के अनुसार महामारी के कारण आउटसोर्सिंग की मजबूत वैश्विक मांग ने वित्त वर्ष 2022-23 में सेवा निर्यात वृद्धि को एक दशक के उच्च स्तर पर पहुंचा दिया, जिससे शुद्ध निर्यात में इजाफा हुआ। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2023-24 की शुरुआत में सेवा निर्यात में कुछ गति आई, जो मुख्य रूप से भागीदार देशों में मांग में मंदी को दर्शाता है। वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में जीडीपी वृद्धि 7.8 प्रतिशत पर मजबूत बनी रही, जिसे मजबूत घरेलू मांग का समर्थन मिला। एक सवाल के जवाब में चौइरी ने कहा कि निवेश और वृद्धि के लिए राजनीतिक स्थिरता महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, हमने कोई आंकड़ा बताने के लिए कोई मात्रात्मक विश्लेषण नहीं किया है, लेकिन बहुत सारे शोध हैं जो राजनीतिक स्थिरता और एक स्पष्ट नीतिगत माहौल के महत्व की ओर इशारा करते हैं। उन्होंने कहा कि आईएमएफ का मानना है कि श्रम सुधार की जरूरत है। इसलिए, हमारे विचार में, यह सुनिश्चित करने के लिए एक बहुत ही ठोस प्रयास होना चाहिए। इसका मतलब शिक्षा, कौशल और महिला श्रम बल की भागीदारी बढ़ाना है।

**चालू वित्त वर्ष में विकास दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान** - अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष 2023-24 और अगले वित्त वर्ष में 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है। आईएमएफ ने देश के मौजूदा और मध्यम अवधि के आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा करने वाली अपनी अनुच्छेद चार परामर्श रिपोर्ट में कहा है कि वृहद आर्थिक और वित्तीय स्थिरता के समर्थन से देश की वृद्धि मजबूत बने रहने की उम्मीद है।

# एलआईसी ने टाटा मोटर्स में अपनी हिस्सेदारी 5.11 प्रतिशत से घटाकर 3.09 प्रतिशत की, शेयर बाजार को दी जानकारी




**नई दिल्ली ।**
भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने घोषणा की है कि टाटा मोटर्स लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी 5.110 प्रतिशत से घटकर उसकी कुल चुकता पूंजी का 3.092 प्रतिशत हो गई है। कंपनी के पास पहले टाटा मोटर्स के 169,802,847 शेयर थे जो घटकर 102,752,081 इक्विटी शेयर हो गई है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) नियमन, 2015 के नियम 30 के तहत यह सूचित किया जाता है कि टाटा मोटर्स लिमिटेड में कंपनी की हिस्सेदारी 1,69,802,847 से घटकर 1,02,752,081 इक्विटी शेयर रह गई है।28 अगस्त, 2015 से 18 दिसंबर, 2023 की अवधि के दौरान एलआईसी की टाटा मोटर्स की होल्डिंग में 2 प्रतिशत की कमी आई। एलआईसी ने बताया कि 28 अगस्त, 2015 से 18 दिसंबर, 2023 की अवधि के दौरान 711.65 रुपये की औसत लागत पर होल्डिंग 5.110 प्रतिशत से घटकर 3.092 प्रतिशत हो गई, जो 2.018 प्रतिशत कम है। टाटा मोटर्स एक अग्रणी वैश्विक ऑटोमोबाइल निर्माता है। यह कंपनी बहु-राष्ट्रीय टाटा समूह का हिस्सा और यह दुनिया को कारों, स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहनों, ट्रकों, बसों और रक्षा वाहनों का एक विस्तृत और विविध पोर्टफोलियो प्रदान करता है।

### भारतीय जीवन बीमा निगम के शेयर

भारतीय जीवन बीमा निगम का शेयर फिलहाल 0.60 प्रतिशत की गिरावट के साथ 796.55 रुपये पर कारोबार करता दिख रहा है, जो इससे पिछले कारोबारी सेशन में 801.35 रुपये पर बंद हुआ था।

### एलआईसी ने डिक्सन टेक्नोलॉजीज में हिस्सेदारी घटाई

इससे पहले एलआईसी ने सूचित किया था कि डिक्सन टेक्नोलॉजीज इंडिया लिमिटेड में उसकी हिस्सेदारी 29,97,913 से घटकर 17,94,395 इक्विटी शेयर रह गई है, जिससे उसकी शेयरधारिता 5.012 प्रतिशत से घटकर उक्त कंपनी की चुकता पूंजी का 3 प्रतिशत रह गई है।

# स्पाइसजेट एयरलाइन ने गो फर्स्ट के अधिग्रहण की इच्छा जताई, समाधान पेशेवर से ये कहा

**नई दिल्ली ।**
नकदी संकट से जूझ रही विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने गो फर्स्ट के समाधान पेशेवर (आरपी) के समक्ष अधिग्रहण की रुचि दिखाई है। एयरलाइन ने पुष्टि की है कि वह जांच-पड़ताल के बाद अधिग्रहण का पेशकश करना चाहती है। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में एयरलाइन ने कहा कि अधिग्रहण प्रस्ताव का मकसद गो फर्स्ट को स्पाइसजेट के साथ संभावित गठजोड़ में एक मजबूत और व्यावहारिक एयरलाइन बनाना है। इससे पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि स्पाइसजेट ने दो अन्य कंपनियों शारजाह स्थित एविएशन कंपनी स्काई वन व अफ्रीका केंद्रित सफ्रिक इन्वेस्टमेंट्स के साथ दिवालिया हो चुकी विमानन कंपनी गो फर्स्ट के अधिग्रहण में दिलचस्पी दिखाई है। स्पाइसजेट ने कहा है, कंपनी के बोर्ड ने हाल ही में अपनी वित्तीय स्थिति को मजबूत करने और विकास योजनाओं में निवेश करने करने व संसाधन प्रदान करने के लिए लगभग 270 मिलियन अमेरिकी डॉलर की नई पूंजी जुटाने की प्रक्रिया को मंजूरी दी है। कंपनी ने सितंबर तिमाही के नतीजों में उसे 428 करोड़ रुपए के शुद्ध घाटे का एलान किया था जो एक साल पहले के 835 करोड़ रुपये के घाटे का आधा है। भारतीय




एयरलाइन को पूर्व प्रमोटर कलानिधि मारन को मध्यस्थता फैसले के बाद बकाया राशि का भुगतान भी करना है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों ने मीडिया को बताया कि गो फर्स्ट की कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन प्रोसेस (सीआईआरपी) को मैनेज करने वाले रिजॉल्यूशन प्रफेशनल (आरपी) शैलेंद्र अजमेरा को इन एंटिटीज से पिछले 10 दिनों के दौरान एयरलाइन्स की जांच पड़ताल करने के लिए रिक्वेस्ट मिली थी। गो फर्स्ट पर लेनदारों का 6,200 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और बैंक ऑफ बड़ौदा एयरलाइन क्रमश: 1,934 करोड़ रुपये और 1,744 करोड़ रुपये के बकाया के साथ शीर्ष दो लेनदार हैं।

# रंग-रूप में बदलाव के साथ एयर इंडिया की नई शुरुआत सोशल मीडिया पर नए लोगो का इस्तेमाल शुरू

**नई दिल्ली ।**
टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने अपने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और वेबसाइट पर अपने नए ब्रांड लोगो का इस्तेमाल शुरू कर दिया है। इसके साथ ही विमानन कंपनी ने पुरानी एयर इंडिया से नई एयर इंडिया में इसके पूर्ण परिवर्तन की घोषणा कर दी है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) और इंस्टाग्राम पर एयर इंडिया अब नए लुक में दिख रहा है। सोशल और वेबसाइट पर नए लोगों को लाइव किए जाने से एक दिन पहले देश भर के हवाई अड्डों पर यात्रियों ने भी एयर इंडिया के काउंटरों पर बदलाव का अनुभव किया। जहां उन्हें अलग-अलग जगहों पर विमानन कंपनी का नया लोगों देखने को मिला। एयर इंडिया का वेबसाइट नए लोगो के साथ कुछ ऐसा दिखा नए लोगों को अपनाने के साथ एयर इंडिया ने एक वीडियो पोस्ट किया और लिखा, एयर इंडिया के एक साहसिक, गर्म और जीवंत अध्याय में आपका स्वागत है। संभावनाओं की खिड़कियों के माध्यम से, हम भारतीय विमानन के एक नए युग में प्रवेश का स्वागत करते हैं। वीडियो कई प्रकार की खिड़कियों को दिखाता है जो संभावनाओं की खिड़की के रूप में उनके ब्रांड की सोच को दर्शाता है। नए लोगो का इस्तेमाल शुरू करने के साथ एयर इंडिया ने शेयर किया ये वीडियो अगस्त 2023 में नई ब्रांड आईडेंटिटी अपनाने की हुई थी घोषणा बता दें कि अगस्त 2023 में, एयर इंडिया ने एक नई ब्रांड आईडेंटिटी और एयरक्राफ्ट लाइवरी




(विमानों पर चिपकाने वाला स्टिकर) का अनावरण किया था। एयरलाइन ने कहा था कि नई एयरक्राफ्ट लाइवरी और डिजाइन में गहरे लाल, ऑबरगिन और गोल्डन हाइलाइट्स के साथ-साथ चक्र से प्रेरित पैटर्न है। एयर इंडिया ने कुछ दिन पहले केबिन क्रू की नई वर्दी का कराया था दीदार इसी महीने, एयर इंडिया ने अपने केबिन और कॉकपिट क्रू के लिए मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई वर्दी की भी पहली झलक दिखाई थी। एयर इंडिया के पहले एयरबस ए350 विमान के उड़ान भरने के बाद नई वर्दी अगले कुछ महीनों में चरणबद्ध तरीके से इस्तेमाल में लाई जाएगी। एयर इंडिया ने दावा किया कि नई वर्दी डिजाइन उसके चालक दल के प्रतिनिधियों और एयरलाइन की इन-फ्लाइट सेवा टीम के साथ गहन परामर्श के बाद विकसित किए गए हैं।

# सरकार ने कच्चे तेल और डीजल के निर्यात पर विंडफॉल टैक्स में की कटौती, हुआ ये बदलाव

**नई दिल्ली ।**
सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल और डीजल निर्यात पर लागू अप्रत्याशित लाभ कर में बड़ी कटौती की घोषणा की है। इस कदम से इन वस्तुओं पर लगाए गए विशेष अतिरिक्त उत्पाद शुल्क (एसएईडी) में उल्लेखनीय कमी दिखी है।

घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर एसएईडी की दर 5,000 रुपये प्रति टन से घटाकर 1,300 रुपये प्रति टन कर दी गई है। इसके साथ ही डीजल निर्यात पर एसएईडी को एक रुपये प्रति लीटर से घटाकर 0.50 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है।

हालांकि, इन कटौतियों के बीच सरकार ने एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर लेवी में इजाफा कर दिया है। इस पर पहले टैक्स नहीं था, लेकिन अब इसे 1 रुपये प्रति लीटर तय किया गया है। इसके अलावे, पेट्रोल पर एसएईडी शून्य बना रहेगा और हालिया परिवर्तनों से अप्रभावित रहेगा।



### पाक्षिक आधार पर होता है कर में संशोधन

अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल और उत्पाद की कीमतों में उतार-चढ़ाव के आधार पर अप्रत्याशित लाभ कर या विंडफॉल टैक्स में पाक्षिक संशोधन होता है। इससे पहले 1 दिसंबर को सरकार ने कच्चे पेट्रोलियम पदार्थों पर अप्रत्याशित लाभ कर को 6,300 रुपये प्रति टन से घटाकर 5,000 रुपये प्रति टन करने की घोषणा की गई थी। इसके अलावा, 16 नवंबर को पिछली समीक्षा के दौरान, सरकार ने क्रूड ऑयल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 3,500 रुपये घटाकर 9,800 रुपये प्रति टन से 6,300 रुपये प्रति टन किया था। यह फैसला वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में गिरावट के कारण लिया गया है।

### विंडफॉल टैक्स क्या है

भारत ने कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निपटने के लिए जुलाई 2022 में विंडफॉल टैक्स शुरू किया था। यह कर सरकार द्वारा उन उद्योगों पर लगाया जाता है जो अप्रत्याशित रूप से लाभ अर्जित करते हैं। घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित कर तब लगाया जाता है जब वैश्विक बेंचमार्क की दरें 75 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाती हैं। डीजल, एटीएफ और पेट्रोल के निर्यात के लिए, शुल्क तब लागू होता है जब उत्पाद में मार्जिन या मुनाफा 20 डॉलर प्रति बैरल से अधिक हो जाते हैं। यह मार्जिन कच्चे तेल (कच्चे माल) की लागत और तैयार पेट्रोलियम उत्पादों के मूल्य के बीच का अंतर है।

### वीजा और मास्टरकार्ड से भी कर सकते हैं यूपीआई पेमेंट




**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक ने रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई से लिंक करने की मंजूरी दे दी है। ऐसे में अब आप अपने रुपे क्रेडिट कार्ड की मदद से आसानी से यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। देश के कई बैंक जैसे एचडीएफसी बैंक कोटक महिंद्रा बैंक यस बैंक और फेडरल बैंक ने वर्चुअल रुपे क्रेडिट कार्ड शुरू किया है। अब वर्चुअल रुपे कार्ड की मदद से आसानी से यूपीआई पेमेंट किया जा सकता है। जिन ग्राहक के पास वीजा या मास्टरकार्ड है वो भी वर्चुअल रुपे क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन दे सकते हैं। रुपे क्रेडिट कार्ड की मदद से ग्राहक आसानी से यूपीआई के किसी भी ऐप से ट्रांजेक्शन कर सकते हैं। आपको बता दें कि अगर आपके पास वीजा या मास्टरकार्ड है तो आपको पहले यह चेक करना है कि आपता बैंक आपको वर्चुअल रुपे क्रेडिट कार्ड की सुविधा दे रहा है या नहीं। अगर बैंक आपको यह ऑफर दे रहे हैं तो आप आसानी से वर्चुअल कार्ड की मदद से यूपीआई पेमेंट कर सकते हैं। आपको बता दें कि वर्चुअल क्रेडिट कार्ड एक अतिरिक्त कार्ड है। आप वर्चुअल क्रेडिट कार्ड को अपने यूपीआई से लिंक कर सकते हैं। इसके बाद आप यूपीआई बेस्ड ऐप यानी गूगलपे , पेटीएम फोनपे से पेमेंट कर सकते हैं। वर्चुअल क्रेडिट कार्ड के जरिये ई-कॉम पेमेंट किया जा सकता है। इसके अलावा वीजा या मास्टरकार्ड पर मिलने वाली लिमिट की तरह ही रुपे कार्ड पर भी लिमिट मिलेगी।



# इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों के लिए वेस्टइंडीज टीम का ऐलान, विस्फोटक बल्लेबाज को किया गया बाहर

**नई दिल्ली।**

**वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 मैचों के लिए अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। चौंकाने वाला फैसला करते हुए दिग्गज बल्लेबाज शिमरोन हेटमायर को ड्रॉप कर दिया गया है। इसकी बजाय जॉनसन चार्ल्स को टीम में शामिल किया गया है, जो लंबे समय के बाद वापसी कर रहे हैं।**

उन्होंने आखिरी टी20 भारत के खिलाफ अगस्त में खेला था। तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को भी रेस्ट दिया गया है शिमरोन हेटमायर की अगर बात करें तो उनका हालिया फॉर्म उतना अच्छा नहीं रहा है। इसी वजह से उन्हें तीसरे टी20 मुकाबले में खिलाया भी नहीं गया था। वहीं पहले दो मैचों में वो बुरी तरह से फ्लॉप रहे थे। वनडे सीरीज की तीन पारियों में भी वो ज्यादा रन नहीं बना पाए थे और उन्होंने 32, 0 और 12 का स्कोर तीन पारियों में बनाया था। इसी वजह से उन्हें टीम से ड्रॉप कर दिया गया है।

वहीं दूसरी तरफ तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को रेस्ट दिया गया है। वेस्टइंडीज को 17 जनवरी से ऑस्ट्रेलिया का भी दौरा करना है और इसी वजह से टीम उनको लेकर कोई रिस्क नहीं लेना चाहती है। वेस्टइंडीज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मुकाबले खेलने हैं। अल्जारी जोसेफ की जगह आखिरी दो टी20 मैचों के लिए ओशेन थॉमस को टीम में शामिल किया गया है।

इंग्लैंड और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज इस वक्त खेली जा रही है, जिसमें वेस्टइंडीज की टीम 2-1 से आगे है। पिछले मैच में उन्हें इंग्लैंड से हार का सामना करना पड़ा था।

इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी दो टी20 के लिए वेस्टइंडीज की टीमरोवमैन पॉवेल (कप्तान), शाई होप, जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, मैथ्यू फोर्ड, जेसन होल्डर, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, काइले मेयर्स, गुडाकेश मोती, निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, शेरफेन रदरफोर्ड, रोमारियो शेफर्ड और ओशेन थॉमस।

## न्यूज ब्रीफ

### दुनियाभर में कमाल कर रहे हैं भारतीय मूल के ये 24 फुटबॉलर, जल्द टीम इंडिया में हो सकते हैं शामिल



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा है कि एआईएफएफ राष्टीय टीम में चयन के लिए भारतीय मूल के व्यक्तियों (पीआईओ) के चयन की संभावना पर गौर कर रहा है और जल्द ही ऐसे 24 खिलाड़ियों से संपर्क करेगा। पीआईओ और भारत के विदेशी नागरिक (ओसीआई) खिलाड़ियों का राष्टीय टीम में चयन लंबे समय से बहस का मुद्दा रहा है। राष्टीय टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमेच पहले ही भारतीय टीम में पीआईओ खिलाड़ियों के चयन की जरूरत की वकालत कर चुके हैं। लेकिन ऐसा करना आसान नहीं होगा क्योंकि भारतीय कानून दोहरी नागरिकता को स्वीकृति नहीं देता। अगर कोई पीआईओ खिलाड़ी भारत के लिए खेलना चाहता है तो उसे भारतीय नागरिकता लेनी होगी। नागरिकता के लिए आवेदन करने से पहले उस व्यक्ति को 12 महीने भारत में रहना होगा। चौबे ने खिलाड़ियों के नाम का खुलासा किए बिना कहा, 'हम 24 पीआईओ खिलाड़ियों से संपर्क करने पर विचार कर रहे हैं जो दुनिया भर में खेल रहे हैं। लेकिन आपको पता है कि दोहरी नागरिकता का मुद्दा है। इसलिए हमें देखना होगा कि केंद्र सरकार के नियमों के भीतर यह कैसे हो पाता है।

### आईएलटी20 ने नवीन उल हक पर लगाया प्रतिबंध

**मुम्बई।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन-उल-हक पर 20 माह का प्रतिबंध लगा दिया गया है।



नवीन पर ये प्रतिबंध इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) ने लगाया है। नवीन पर ये पाबंदी शारजाह वॉरियर्स के साथ अपने खिलाड़ी समझौते का उल्लंघन करने के लिए लगाया गया है। वॉरियर्स ने सीजन 1 के लिए नवीन से करार किया था। वहीं एक बयान के अनुसार, नवीन को वॉरियर्स द्वारा एक और साल के विस्तार की पेशकश की गई थी पर उन्होंने सीज़न 2 के लिए रिटेंशन नोटिस पर हस्ताक्षर करने से मना कर दिया। इसके कारण अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज ने शारजाह वॉरियर्स के साथ अपना करार समाप्त कर दिया। गौरतलब है कि नवीन ने जनवरी-फरवरी 2023 विंडो में शारजाह वॉरियर्स के लिए आईएलटी 20 के सीजन 1 में खेला था, जिसने इस साल की शुरुआत में उन्हें खिलाड़ी करार शर्तों के अनुसार समान नियमों और शर्तों पर रिटेंशन नोटिस दिया था। वहीं शारजाह वॉरियर्स ने इस विवाद में हस्तक्षेप करने के लिए आईएलटी 20 से संपर्क किया था। आईएलटी 20 की तीन सदस्यीय अनुशासन समिति लीग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डेविड व्हाइट, सुरक्षा और भ्रष्टाचार विरोधी प्रमुख कर्नल आजम और अमीरात क्रिकेट बोर्ड के सदस्य जायद अब्बास शामिल थे, ने दोनों पक्षों को अलग-अलग सुना। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने कहा कि सभी से अपेक्षा की जाती है कि वे अपनी अनुबंध संबंधी प्रतिबद्धताओं का पालन करें।

### हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेलेंगे, अन्य ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी उपलब्ध रहेंगे

**मुम्बई।** ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड मार्च और अप्रैल में आईपीएल नहीं खेले पायेंगे। वह



मई माह से ही इस लीग से जुड़ेंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने इस बारे में सभी आईपीएल टीम को जानकारी दे दी है। माना जा रहा है कि हेजलवुड अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आईपीएल में नहीं खेल पाएंगे। इस तेज गेंदबाज को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने पहले ही 'रिलीज कर दिया था। वहीं ऑस्ट्रेलिया के अन्य सात खिलाड़ी आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। इसके अलावा बांग्लादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्ताफिजुर रहमान भी 22 मार्च से 11 मई तक ही उपलब्ध रहेंगे। बांग्लादेश के ही तेज गेंदबाज तास्किन अहमद और शोरिफुल इस्लाम अगले साल होने वाले आईपीएल को मार्च और अप्रैल में श्रीलंका और जिंबॉब्वे के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए खेलना है इसलिए वह भी आईपीएल में इस समय उपलब्ध नहीं रहेंगे। वहीं श्रीलंकाई स्पिनर वानिंदु हसरंगा और तेज गेंदबाज दुष्मंथा चमीरा आईपीएल के पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे क्योंकि उन्हें टेस्ट टीम में जगह नहीं मिली है जबकि श्रीलंका की टेस्ट टीम में शामिल अन्य खिलाड़ी बांग्लादेश के खिलाफ तीन अप्रैल को समाप्त होने वाली श्रृंखला के बाद ही आईपीएल में खेलेंगे।

# चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल में बार्सिलोना-नेपोली में मुकाबला, एम्बाप्पे की पीएसजी को आसान ड्रॉ

**नई दिल्ली।**

**स्पेन के क्लब बार्सिलोना को यूईएफए चैंपियंस लीग में मुश्किल ड्रॉ मिला है। प्री-क्वार्टर में उसका मुकाबला इटली की मजबूत टीम नेपोली से होगी। नेपोली ने पिछले सीजन में इटली के लीग सीरी-ए को जीता था। स्विट्जरलैंड के शहर न्योन में चैंपियंस लीग के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी किया गया। प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले का पहला लेग 14, 15, 21 और 22 फरवरी को खेला जाएगा। दूसरे लेग के मुकाबले छह, सात, 13 और 14 मार्च को आयोजित किए जाएंगे। इटली के क्लब और पिछले साल की उपविजेता टीम इंटर मिलान को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। उसका मुकाबला स्पेन के क्लब एटलेटिको डी मैड्रिड से होगा। डिएगो सिमिओनी की कोचिंग वाली इस टीम को डिफेंस में काफी मजबूत माना जाता है। दूसरी ओर, इंटर मिलान लगातार हमले करने के लिए जानी जाती है।**



ऐसे में दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक होगा। गत विजेता मैनचेस्टर सिटी को आसान ड्रॉ मिला है। इंग्लैंड के इस क्लब का मुकाबला डेनमार्क के क्लब एफसी कोपेनहेगन से होगा।

### रियल मैड्रिड और लाइपजिग में होगी भिड़ंत

14 बार की विजेता रियल मैड्रिड को भी मुश्किल ड्रॉ मिला है। स्पेन के इस क्लब का मुकाबला जर्मनी के क्लब आरबी लाइपजिग से होगा। लाइपजिग की टीम अपने प्रदर्शन से किसी को भी चौंकाने की क्षमता रखती है। इंग्लैंड के आर्सेनल के सामने पुर्तगाल के एफसी पोर्तो की चुनौती होगी। जर्मनी के बोरूसिया डॉर्डमंड का मुकाबला नीदरलैंड के क्लब पीएसवी आइंडोवेन से होगा।

### पीएसजी के सामने रियल सोसिदाद की चुनौती

फ्रांस के स्टार फुटबॉल किलियन एम्बाप्पे की टीम पेरिस सेंट जर्मेन का मुकाबला स्पेन के रियल सोसिदाद से होगा। माना जा रहा है कि यह मैच एम्बाप्पे की टीम को आसान हो सकता है। वहीं, जर्मनी के बायर्न म्यूनिख के सामने इटली के लाजियो की चुनौती होगी।

### यूरोपा लीग का भी ड्रॉ जारी

यूईएफए यूरोपा लीग के प्लेऑफ राउंड का ड्रॉ भी जारी कर दिया गया। इटली के क्लब एएस रोमा का मुकाबला नीदरलैंड के फेयेनोर्ड से होगा। इटली के ही एसी मिलान के सामने फ्रांस के रेनेस की चुनौती होगी। रोमा के कोच दिग्गज जोस मॉरिन्हो हैं। यूरोपा लीग में प्लेऑफ के मुकाबले का पहला लेग 15 फरवरी और दूसरा लेग 22 फरवरी को खेला जाएगा। प्लेऑफ के नतीजों के बाद 23 फरवरी को प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का ड्रॉ जारी होगा। प्लेऑफ जीतने वाली आठ और ग्रुप दौर में पहले स्थान पर रहने वाली आठ टीमों को मिलाकर ड्रॉ जारी किया जाएगा। उसके बाद प्री-क्वार्टर फाइनल का पहला लेग सात मार्च और दूसरा लेग 14 मार्च को खेला जाएगा।

प्री-क्वार्टर फाइनल का ड्रॉ
फेयेनोर्ड बनाम रोमा
एसी मिलान बनाम रेनेस
लेंस बनाम फ्रीबर्ग
यंग बॉयज बनाम स्पोर्टिंग सीपी
बेनफिका बनाम टूलूज
एससी ब्रागा बनाम काराबाग एफके
गैलाटसराय बनाम स्पार्टा प्राहा
शख्तार डोनेस्क बनाम मार्सिले।

# क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने जॉनसन के खिलाफ लिया एक्शन



**नई दिल्ली।**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने अपने कॉलम के जरिए डेविड वार्नर पर हमला बोला था। जिसके बाद क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने इस मामले पर एक्शन लेते हुए जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं करने का फैसला लिया। पाकिस्तान और ऑस्ट्रेलिया के बीच पर्थ में खेले गए पहले टेस्ट में मिचेल जॉनसन को ऑप्टस स्टेडियम में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं होने दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने फैसला किया कि वह पर्थ टेस्ट के दौरान जॉनसन को गेस्ट के रूप में शामिल करने की अपनी प्रतिबद्धता का सम्मान नहीं कर सकता। उन्होंने द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन के लिए अपने विवादास्पद कॉलम में वार्नर और बेली की आलोचना की थी। सीए के प्रवक्ता ने बताया, मिचेल ऑस्ट्रेलिया के सबसे प्रसिद्ध गेंदबाजों में से एक हैं, लेकिन इस अवसर पर हमने महसूस किया कि यह सभी के हित में था कि वह सीए समारोह में गेस्ट स्पीकर के तौर पर शामिल नहीं रहें।

रिपोर्ट में बताया गया है कि ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी माइक हसी कथित तौर पर जॉनसन की जगह दोपहर के लंच के कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकर के रूप में शामिल हुए। जॉनसन ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले वार्नर पर निशाना साधते हुए कहा था कि वह 2018 में सैंड पेपरगेट में अपनी भूमिका के कारण एससीजी में हीरो की विदाई के लायक नहीं हैं। हालांकि, वार्नर ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के शुरुआती दिन 211 गेंदों पर 164 रनों की तूफानी शतकीय पारी खेलकर आलोचकों का मुंह बंद कर दिया। अपनी अविश्वसनीय पारी के दौरान, वार्नर मैथ्यू हेडन और माइकल क्लार्क को पीछे छोड़ते हुए टेस्ट क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शीर्ष पांच खिलाड़ियों में शामिल हो गए। इसके अलावा, सर्वकालिक सूची में उनकी इस शतकीय पारी ने उन्हें सर विव रिचर्ड्स और वीरेंद्र सहवाग से आगे निकलने में मदद की।

# मैनचेस्टर सिटी पर लगा 1.5 लाख डॉलर का जुर्माना

**लंदन।**

फुटबॉल एसोसिएशन (एफए) ने प्रीमियर लीग में टोटेनहम के साथ इस महीने खेले गए 3-3 से ड्रा के अंत में मैनचेस्टर सिटी पर उनके खिलाड़ियों द्वारा रेफरी के साथ असहमति जताने के लिए 1.5 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया है।

मैच के एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम क्षणों में हालैंड को टोटेनहम के खिलाड़ी ने रोकते हुए फाउल किया। हालांकि, हालैंड गिरने के बावजूद गेंद को गोल की तरफ तेजी से पास करने में सफल रहे, लेकिन रेफरी साइमन हूपर ने अप्रत्याशित रूप से खेल रोक दिया।

इस फैसले से सिटी के खिलाड़ियों और उनके समर्थकों में गुस्सा नजर आया। जिनका मानना था कि लाभ के अवसर को गलत तरीके से नकार दिया गया है।

फिर, हालैंड सहित सीटी के कई खिलाड़ी हूपर के फैसले से नाराज नजर आए। वे रेफरी पर अपना गुस्सा जाहिर करने के लिए उनसे बातचीत करने लगे, साथ ही नॉर्वेजियन अधिकारी पर चिल्लाते हुए दिखाई दिए।

एफए के एक बयान में कहा गया, रविवार 3 दिसंबर को टोटेनहम एफसी के खिलाफ प्रीमियर लीग मैच में खिलाड़ियों द्वारा एक मैच अधिकारी को घेरने के बाद मैनचेस्टर सिटी एफसी पर 1.5 लाख डॉलर का जुर्माना लगाया गया है। मैनचेस्टर सिटी एफसी ने स्वीकार किया कि वे यह सुनिश्चित करने में विफल रहे कि उनके खिलाड़ियों ने मैच के दौरान अनुचित व्यवहार नहीं किया।

हालैंड ने मैच के बाद अपने सोशल मीडिया पर फैसले पर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कई पोस्ट भी प्रकाशित किए, लेकिन बयानों के लिए शासी निकाय द्वारा उन पर कोई आरोप नहीं लगाया गया।

# राजस्थान को रोवमैन पॉवेल 7.4 करोड़ रुपये में मिले, ट्रैविस हेड को हैदराबाद ने 6.8 करोड़ में खरीदा

**दुबई।**

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 की मिनी-नीलामी के लिए यहां राजस्थान रॉयल (आरआर) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बीच बोली की जंग शुरू हो गई, जिसमें वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रोवमैन पॉवेल की सेवाएं हासिल की गई। नीलामी के पहले सेट में, जिसमें कैप्ड बल्लेबाज शामिल हैं, पहला खिलाड़ी वेस्टइंडीज के टी20 कप्तान रोवमैन पॉवेल हैं, जिनका बेस प्राइस 1 करोड़ है। आरआर के मैदान में कूदते ही केकेआर ने पॉवेल के लिए बोली शुरू कर दी और दोनों फ्रेंचाइजियों के बीच पैडल युद्ध शुरू हो गया, इससे पहले कि राजस्थान ने शुरुआती दौर में 7.4 करोड़ रुपये में विंडीज बल्लेबाज की सेवाएं हासिल कीं।**

पॉवेल, जो सीपीएल में बारबाडोस रॉयल्स के कप्तान भी हैं, को राजस्थान ने 7.4 करोड़ रुपये में खरीदा, नीलामी के लिए छोड़े गए 14.50 करोड़ में से लगभग आधा पैसा खर्च कर दिया।

आईसीसी पुरुष एकदिवसीय विश्व कप फाइनल के हीरो



ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज ट्रैविस हेड, जो 2 करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ गहन बोली युद्ध के बाद सनराइजर्स हैदराबाद ने 6.80 करोड़ रुपये में खरीदे।

### हेड अतीत में डीसी और आरसीबी का हिस्सा रह चुके हैं।

दूसरी ओर, 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को दिल्ली कैपिटल्स ने 4 करोड़ में खरीदा।

दक्षिण अफ्रीका के रिली रोसौव, भारत के करुण नायर और मनीष पांडे के साथ पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान स्टीव स्मिथ पहले सेट में अनसोल्ड रहे।

गावस्कर का दावा

# मुंबई इंडियंस में नई सोच लेकर आएंगे हार्दिक पांड्या

**नई दिल्ली।**

दिग्गज भारतीय बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने दावा किया है कि मुंबई इंडियंस के नए कप्तान हार्दिक पांड्या इस टीम में नई सोच लेकर आएंगे। उन्होंने कहा कि रोहित थके हुए नजर आ रहे थे और पिछले कुछ वर्षों से उन्होंने बल्लेबाजी में पर्याप्त योगदान नहीं दिया। बता दें कि भारत की टी20 टीम के कप्तान हार्दिक को मुंबई इंडियंस ने दुबई में होने वाली आईपीएल नीलामी से पहले अपनी टीम से जोड़ा। मुंबई ने बाद में उन्हें अपना नया कप्तान नियुक्त किया। रोहित और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी आईपीएल के सबसे सफल कप्तानों में शामिल हैं। इन दोनों की अगुवाई में उनकी टीम ने पांच-पांच खिताब जीते हैं। हालांकि मुंबई इंडियंस 2021 के बाद खिताब नहीं जीत पाया और 2022 में वह अंतिम स्थान पर रहा था। गावस्कर ने कहा कि ऐसा रोहित के थके हुए होने के कारण हो सकता है क्योंकि वह लगातार सिर्फ आईपीएल टीम ही नहीं, भारत के कप्तान की भूमिका भी निभा रहे थे।



गावस्कर ने कहा कि हमें हार्दिक को मुंबई इंडियंस का कप्तान बनाना सही या गलत के रूप में नहीं देखना है। उन्होंने यह फैसला टीम के फायदे के लिए लिया है। रोहित का यहां तक कि बल्लेबाजी में भी योगदान थोड़ा कम हो गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले रोहित बल्लेबाजी में काफी योगदान देते थे लेकिन पिछले कुछ वर्षों में वे नौवें या दसवें नंबर पर रहे हैं। पिछली बार उन्होंने प्लेऑफ में जगह बनाई, लेकिन मुंबई इंडियंस में जो जोश पहले दिखाई देता था वैसा नहीं दिखाई दिया। ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि रोहित लगातार क्रिकेट खेलता रहा है जिससे वह थक गए होंगे। वह लगातार भारतीय टीम और फिर मुंबई इंडियंस की कप्तानी कर रहे थे। बता दें कि हार्दिक की अगुवाई में गुजरात टाइटंस ने 2022 में अपने शुरुआती सत्र में ही खिताब जीता था जबकि इस साल उसकी टीम उप विजेता रही थी। हालांकि क्रिकेटर से कमेंटेटर बने गावस्कर का मानना है की हार्दिक ने गुजरात की टीम के साथ खुद को साबित किया है और मुंबई इंडियंस में उनकी वापसी से टीम में नई सोच जुड़ेगी। उन्होंने कहा कि मुंबई ने यह फैसला कर लिया है। वह कप्तानी के मामले में युवा खिलाड़ी है जो गुजरात टाइटंस को दो बार फाइनल में पहुंचाकर और एक बार खिताब दिलाकर खुद को साबित कर चुका है। इस पर गावस्कर ने कहा कि उन्होंने इसी नई सोच के साथ उसे टीम का कप्तान बनाया है।

### एसए20 के जरिए भारतीय फैंस के साथ रिश्ता मजबूत करना है : ग्रीम स्मिथ



**नई दिल्ली।** एसए20 लीग कमिश्नर और पूर्व प्रोटियाज कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट दर्शकों से जुड़ने के लिए लीग की आकांक्षाओं और इस रिश्ते में डिजिटल जुड़ाव के रणनीतिक जोर पर अपने विचार साझा किए। ग्रीम स्मिथ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के खेल के प्रति जुनून की सराहना की। स्मिथ ने कहा, भारतीय प्रशंसक हमेशा क्रिकेट के प्रति जुनूनी रहे हैं। एसए20 शाम के मनोरंजन के लिए बेस्ट होगा, जहां हर कोई अपने परिवार के साथ इस खेल का लुत्फ उठा सकता है। ऐसे कई भारतीय प्रशंसक हैं, जो अभी भी दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के सुनहरे दिनों को याद करते हैं और हम चाहते हैं कि प्रशंसक उस पुरानी यादों को पुनर्जीवित करें। उन्होंने एसए20 के लिए एक रणनीतिक उद्देश्य के बारे में भी बात की। स्मिथ ने कहा, हमारा उद्देश्य एसए20 को नए क्षेत्रों में विकसित करना है। उन क्रिकेट प्रशंसकों का दिल जीतना है, जो एक रोमांचक टी20 अनुभव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। लीग अपनी डिजिटल उपस्थिति पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित करने के लिए तैयार है। लीग का दूसरा सीजन 20 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न केप और जॉबर्ग सुपर किंग्स के बीच गकेबरहा के सेंट जॉर्ज पार्क में भिड़ंत के साथ शुरू होगा।

घर संसार

# पार्टी में जाने से पहले नहीं भूलनी चाहिए ये बात..



लड़कों के लिए सुबह ऑफिस जाकर आठ घंटे काम करने के बाद शाम को पार्टी अटैंड करना सचमुच किसी चुनौती से कम नहीं होता है। ऐसे में जब वह किसी पार्टी मे जाते हैं तो बिना किसी खास तैयारी के ही पहुंच जाते हैं।

आज हम आपको बताएंगे कुछ ऐसी बात जो लड़को को पार्टी में जाने से पहले नहीं भूलनी चाहिए। जब आप पूरा दिन दफ्तर में काम करने के बाद पार्टी में जाते हैं तो आपके फेस पर थकान साफ नजर आती है। ऐसी सिचुएशन में आपको कुछ ही समय में होने वाले एनर्जाइजिंग स्क्रब की जरूरत होती है। यह चेहरे से गंदगी और मृत कोशिकाओं को हटाने के लिए सबसे आसान तरीका है। इसके बाद आपके चेहरे पर पार्टी में अलग ही चमक आएगी।

### * बालों पर दें ध्यान



अगर आपको कुछ घंटो के बाद किसी पार्टी में जाना है तो आप ड्राई शैम्पू कर सकते हैं। बालों को गीला दिखाने के लिए आप जेल या क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं। पार्टी चाहे कोई भी हो रूखे और बेजान बाल दिखना कोई अच्छी बात नहीं है। अगली बार किसी भी पार्टी में जाने से पहले अपने बालों पर ध्यान जरूरी दें।

### * परफ्यूम का स्प्रे करना ना भूलें

अगर आपने डिओडोरेंट का उपयोग कर रखा तो फिर भी बॉडी पर परफ्यूम का स्प्रे करना ना भूलें। अक्सर लोग स्प्रे केवल अपनी गर्दन पर करते हैं। लेकिन हमारी आपको सलाह है कि आप स्प्रे चेस्ट और अंडर आर्म्स पर इसका उपयोग करें। क्योंकि शरीर के ये भाग अधिक गंध से ग्रस्त होते हैं।

### नाखूनों पर दें विशेष ध्यान

लड़कों को पार्टी में जाने से पहले अपने नाखूनों पर भी विशेष तौर पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि पार्टी में अक्सर खाने की प्लेट और ग्लास पकड़कर बातें करने के ज्यादा मौके आते हैं। इन मौकों पर सामने वाले व्यक्ति का ध्यान आपके हाथों और नाखूनों पर जाना लाजमी है। इसलिए पार्टी में जाने से पहले अपने नाखूनों की साफ सफाई पर जरूर ध्यान दें। बालों पर आप जेल या क्रीम का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### माउथवॉश हमेशा रखें पास

अगर आपकी सांस में से बदबू आती है तो आपको अपने साथ हमेशा माउथवॉश रखना चाहिए। इसके अलावा इलायची या सौंफ बीज के चबाने से भी सांस की बदबू से निपटने में मदद कर सकते हैं।

# फैशनेबल और ट्रेंडी दिखना है तो बोहो को अपनाएं



बोहेमियन, यह शब्द कहते ही दिमाग में लूज और ग्रेसफुल ड्रेसेज या टॉप्स की तस्वीर उभरती है जिसमें लेयर्स और सिल्वेट होते हैं और उन्हें पहनकर बेहद कंफर्टेबल महसूस होता है। बोहेमियन फैशन, वेस्टर्न और इंडियन स्टाइल्स के बीच लयबद्ध लिंक की तरह है। डिजाइनर साक्षा भट्ट कहते हैं, इस ट्रेंड में भारत के फ्लोरल नोमैडिक प्रिंट्स को वेस्टर्न फ्लोइ सिल्वेट और कट्स के साथ फ्यूजन कर बनाया जाता है।

**बोहो लुक्स के लिए आप इन 7 तरीकों को आजमा सकते हैं-**

1. **काफ्तान-** लूज, कलरफुल और कंफर्टेबल काफ्तान भी बोहेमियन लुक का हिस्सा है। आप चाहें तो पुराने शॉल या स्टोल का इस्तेमाल कर काफ्तान बना सकती हैं। अपने इस लुक को झोला, कोल्हापुरी और ब्राइट कलर के बीड्स के साथ फिनिश करें।

2. **ईकाट-** मिट्टी के रंग के ईकाट फैब्रिक या कॉटन फैब्रिक का इस्तेमाल करें। इसे आप फुलर पैंट्स या मैनस्कर्ट्स के साथ पेयर करके पहन सकती हैं।

3. **पैच करें-** आप चाहें तो साड़ी में भी बोहो लुक को अपना सकती हैं। इसके लिए पैचवर्क साड़ी का इस्तेमाल करें।


4. **लेयर्स यूज करें-** स्कार्फ, दुपट्टा, जैकेट, श्रग या लॉन्ग शर्ट का इस्तेमाल कर आप अपने कपड़े में मल्टिपल लेयर्स बना सकती हैं।

5. **ओवरसाइज-** आप चाहें तो कोई ओवरसाइज्ड सिल्वेट पहन सकती हैं। इस स्टाइल के लिए ओवरसाइज्ड पैंट्स के साथ फिटेड टॉप या फिटेड पैंट्स के साथ ओवरसाइज्ड टॉप का इस्तेमाल भी कर सकती हैं।

6. **स्कार्फ का करें इस्तेमाल-** किसने कहा कि आप स्कार्फ को सिर्फ गले पर बांध सकती हैं। आगे बढ़े और इसे सिर पर बांधकर और भी स्टाइलिश बन जाएं।

7. **प्रिंट्स को करें मिक्स-** अलग-अलग तरह के प्रिंट्स को मिक्स करना भी क्लासिक बोहेमियन ट्रिक है। हालांकि इसमें एक जैसे कलर टोन ही रखें। एक्सट्रा इफेक्ट के लिए अक्सेसरीज का ध्यान रखें।

# 5 मिनट में तरोताजा हो जाएगा थका हुआ चेहरा



अगर आपके पास अपनी थकी हुई स्किन को दोबारा तरोताजा बनाने के लिए ढेर सारे ब्यूटी प्रॉडक्ट्स और समय नहीं है तो हम आपको बता रहे हैं बेहद आसान ट्रिक जिसका इस्तेमाल कर महज 5 मिनट में आपका थका हुआ चेहरा फिर से फ्रेश हो जाएगा...

### 1. गुलाब जल

गुलाब जल यानी रोज वॉटर में हाइड्रेटिंग और ब्राइटनिंग प्रॉपर्टी होती है। रूई को गुलाब जल में भिगोएं और उससे अपना चेहरा साफ करें। आप देखेंगे कि ऐसा करते ही आपका चेहरा तुरंत रिफ्रेश लगने लगेगा। साथ ही गुलाब जल की खुश्बू, दिन की थकान को भी दूर कर देती है।

### 2. शहद का फेसपैक

शहद में मौजूद विटमिन बी और सी स्किन को पोषण देते हैं। शहद की कुछ बूंदों से चेहरे को धोएं और फिर ठंडे पानी से चेहरा साफ कर लें, आप देखेंगी कि शहद की वजह से चेहरे से थकान तुरंत गायब हो जाएगी। इंस्टेंट फ्रेशनेस के लिए आप दही और शहद का पैक बनाकर चेहरे पर 5 मिनट तक लगाकर रखें और फिर पानी से धो लें।

### 3. लेमन बेस्ड फेसवॉश

ज्यादातर लेमन बेस्ट फेसवॉश में ऐसी प्रॉपर्टीज होती है जो आपकी स्किन को एनर्जाइज करते हैं। साथ ही नींबू की साइट्रस सुगंध भी आपको फ्रेश फील करने में मदद करती है।

### 4. पेट्रोलियम जेली

आंखों की आइलिड्स और चेहरे के चीक बोन्स पर थोड़ा सा पेट्रोलियम जेली लगाएं और चेहरे को इंस्टेंट फ्रेश बनाएं। पेट्रोलियम जेली लगाने से चेहरा ग्लॉसी और फेशल कराया हुआ जैसा भी दिखने लगेगा।

### 5. मस्कारा यूज करें

सबसे पहले ट्रांसपेरेंट आईलाइनर लगाएं, फिर अपनी पलकों पर थोड़ा सा इशेंल ऑयल लगाएं और फिर पलकों पर ढेर सारा मस्कारा लगा लें। पहला कोट सूख जाए फिर मस्कारा का दूसरा कोट लगाएं ताकि आपकी पलकें मोटी दिखें। इससे भी चेहरे की थकान गायब हो जाएगी।

स्वास्थ्य टिप्स

# सर्दी के मौसम में एलर्जी से ऐसे रहें दूर, अपनाएं ये टिप्स



सर्दियों के दौरान मौसम में अचानक बदलाव होने से सर्दी, जुकाम से परेशान और त्वचा पर चकत्ते से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ जाती है। साथ ही मौसम में एलजी के मामले भी अधिक देखने को मिलते हैं। कुछ लोगों को सांस लेने की समस्या और शरीर में खुजली की समस्या का भी सामना करना पड़ता है।

इंडस हेल्थ प्लस में प्रिवेन्टिव हेल्थकेयर स्पेशलिस्ट कंचन कहती हैं कि सर्दियों में लोग घरों के अंदर इनडोर एलर्जी के शिकार हो जाते हैं, जैसे धूल कण, सूक्ष्म जीवाणु और फफूंदी से जुड़ी एलजी क्योंकि इस मौसम में वे ज्यादा समय घरों में रहते हैं। फफूंदी और घरों की गंदगी दमा रोग बढ़ाती हैं। इससे खांसी, गले में घरघराहट और सांस लेने में तकलीफ होती है। शहरों में प्रदूषण के बड़े स्तर को भी देखा गया है। इस तरह की एलर्जी को रोकने के लिए घर और आसपास की जगह को साफ-सुथरा रखना चाहिए।

### एलर्जी को रोकने के संबंध में सुझाव

1. घर में धूल व गंदगी से कालीन और बिस्तर पर सूक्ष्म रोगाणु पनपने लगते हैं। जो एलर्जी का कारण बनते हैं। एलर्जी के कारण की पहचान के लिए एक खास खून जांच है, जिसका नाम है कॉम्प्रीहेन्सिव एलर्जी टेस्ट। एक बार एलर्जी का कारण पता चल जाता जाने पर इलाज को शुरू किया जा सकता है।

2. धूल कणों और सूक्ष्म रोगाणुओं से बचाव के लिए घर के अंदर हवा के प्रवाह में सुधार लाएं और रसोईघर, गुसलखाने व कमरों को साफ-सुथरा रखें। घर और कालीन की नियमित रूप से सफाई करें।

3. एलर्जी से पीड़ित लोग खुद को धूल और गंदगी से दूर रखें। दमा और गले की सूजन से पीड़ित लोगों को डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। त्वचा की एलर्जी या चकत्ते से पीड़ित लोगों को भी डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

# पपीता में कई रोगों का इलाज, अपनी डाइट में करें शामिल

पपीता आसानी से हजम होने वाला फल है। पपीता भूख व शक्ति को ब?ाता है। यह कई रोगों को समाप्त करता है।

पेट के रोगों को दूर करने के लिए पपीते का सेवन करना लाभकारी होता है। पपीते के सेवन से पाचनतंत्र ठीक होता है।

पपीते का रस अरूचि, नींद का न आना, सिर दर्द, कब्ज व आंवदस्त आदि रोगों को ठीक करता है।

पपीते का रस सेवन करने से अम्लपित्त (खट्टी डकारें) बंद हो जाती है। पपीता पेट रोग, हृदय रोग, आंतों की कमजोरी आदि को दूर करता है।

पके या कच्चे पपीते की सब्जी बनाकर खाना पेट के लिए लाभकारी होता है।

पपीते के पत्तों के उपयोग से उच्च रक्तचाप में लाभ होता है और हृदय की ध?कन नियमित होती है।

पपीता वीर्य को ब?ाता है, पागलपन को दूर करता है एवं वात दोषों को नष्ट करता है।

इसके सेवन से जख्म भरता है और दस्त व पेशाब की रुकावट दूर होती है।

कच्चे पपीते का दूध त्वचा रोग के लिए बहुत लाभकारी होता है।

पपीते के बीज की? को नष्ट करने वाला और मासिक-धर्म को नियमित बनाने वाला होता है।

# कच्चे आहार और उनके फायदों के बारे में जानें



सबसे अधिक कच्चे खाद्य पदार्थ अक्सर सिर्फ शाकाहारी होते हैं। लेकिन कुछ कच्चे खाद्य पदार्थ में गैरपाश्चुराईज डेयरी उत्पाद, कच्चा मांस, कच्चे अंडे, और सुशी (जापानी भोजन) भी खाये जाते हैं । अधिकांश लोगों मानते है कि खाद्य पदार्थ पकाया जाना चाहिए या 116 से 118 ए फॉरेनहाइट तक गर्म हो, लेकिन जो लोग कच्चे खाद्य पदार्थ के विचार में विश्वास करते हुए मानते हैं कि पकाने से खाद्य पदार्थ के एंजाइमों नष्ट हो जाते हैं और इसमे कई पोषण संबंधी लाभ है। कच्चे खाद्य पदार्थ के समर्थको का कहना कि बिमारियों के जोखिम जैसे मधुमेह और उच्च रक्तचाप में प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, पशु उत्पादों, पाश्चयुराईजड खाद्य पदार्थ और रासायनिक योजक के साथ खाद्य पदार्थ को खाने से वृद्धि होती है।

### क्या खा सकते हैं आप

फल और सब्जियां, बादाम, अनाज और बीज वाले खाद्य पदार्थ, जडी बूटी और मसाले कुछ गैरपाश्चयुरीकृत डेयरी उत्पाद, कच्चे मांस, कच्चे अंडे,और सुशी भी खाये जा सकते है। कुछ कच्चे खाद्य पदार्थ जैसे उबला हुआ पास्ता या एक बेक्ड आलू को सीमित मात्र में पकाया जाता है। लेकिन ये खाद्य पदार्थ आपके कुल दैनिक खाद्य पदार्थ से कम से कम 25 होना चाहिए। कच्चे खाद्य पदार्थ में कच्चे मांस आमतौर पर मछली या चिकन है। आहार के इस प्रकार में खाद्य पदार्थ मिश्रण, सूखे चूर्ण या जूस हो सकता है। यदि आप अपने भोजन के कच्चे खाद्य पदार्थ ही खा रहे तो आपके भोजन का कम से कम 75 प्रतिशत हिस्सा बिना पका या कच्चा होना चाहिए। कच्चे खाद्य पदार्थ का सिद्धांत है कि यदि आप कच्चे खाद्य पदार्थ को जरुरत से अधिक खाते है तो यह पचाने में मुश्किल होता है। कच्चे या शाकाहारी भोजन को आप अपनी आवश्यकता के अनुसार ही खाएं।

### कच्चे खाद्य पदार्थ अल्पावधि के लिए अच्छा हैअल्पकालिक-दीर्घकालिक प्रभाव

कच्चे खाद्य पदार्थ अल्पावधि के लिए अच्छा है क्योंकि इसमें कम मात्र में कैलोरी होती है, अच्छी मात्र में पोषक तत्व और भरण-पोषण शामिल होता है। लेकिन आहार का यह एक प्रकार जोकि दीर्घ समय तक बनाए रखना मुश्किल होता है,ऐसे बहुत से खाद्य पदार्थ जिसे आप खा सकते हैं, लेकिन एक लंबी अवधि के लिए रखने में यथार्थवादी विकल्प नहीं है। बहुत ही सीमित समय तक रख सकते है और कच्चे खाद्य पदार्थ खाने में बहुत स्वादिष्ट नहीं होते है। कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि आप एक अल्पावधि के लिए कच्चे खाद्य आहार को अपनाकर या खाकर अपना वजन कम कर सकते हैं और फिर धीरे धीरे पौष्टिक, अधिक परंपरागत भोजन (जो आप रोज खाते है)।

रेसिपी

## पनीर पराठा




### सामग्री

पनीर- 220 ग्राम, हरी मिर्च- 1 टेबलस्पून, धनिया- 2 टेबलस्पून, अजवाइन- 1/2 टीस्पून, गरम मसाला- 1/2 टीस्पून, नमक-1/2 टीस्पून, (आटे के लिए), मैदा- 120 ग्राम, नमक-1/2 टीस्पून, तेल- 1 टीस्पून, पानी- 100 मि.ली, घी

### विधि

एक बाउल में पनीर, हरीमिर्च, धनिया, अजवाइन, गरम मसाला और नमक डालकर अच्छे से मिक्स करके साइड पर रख दें। (आटे के लिए) एक बाउल में मैदा, नमक, तेल और पानी डालकर अच्छे से मिलाएं और आटा गूंध लें। सबसे पहले थोड़ा-सा आटा लेकर मीडियम साइज बॉल बना लें। अब इसे रोटी की तरह बेल लें। फिर इस पर थोड़ा सा तैयार किया पनीर का मिक्सर डालें और अच्छे से फैलाएं। इसके बार इसके किनारों को सील करें और फिर से इसे गोल आकार दें। इसपर थोड़ा सा सूखा आटा छिड़कें और रोटी की तरह बेल लें। पराठा तैयार है। पैन को गर्म करें। फिर इसपर पराठा रखें और मध्य आंच पर पकाएं। इसे पलटें और घी लगाएं। ऐसे ही पराठे की दूसरी तरफ घी लगाएं और अच्छे से सेकें। इसे तबतक सेकें जबतक इसका रंग हल्का ब्राउन न हो जाएं। पनीर पराठा तैयार है, इसे दही के साथ सर्व करें।

## तवा आलू मसाला



### सामग्री

तेल -जरूरत अनुसार उबले आलू 500 ग्राम, नमक -1 टीस्पून हल्दी-1/4 टीस्पून लाल मिर्च पाऊडर -आधा टीस्पून धनिया पाऊडर 1 टीस्पून चाट मसाला पाऊडर आधा टीस्पून जीरा आधा टीस्पून प्याज -70 ग्रामद्व अदरक पेस्ट आधा टीस्पून लहसुन पेस्ट -आधा टीस्पून टमाटर पूरी 180 ग्राम गर्म मसाला पाऊडर-आधा टीस्पून मेथी -आधा टीस्पून धनिया गार्निशिंग के लिए

### विधि

सबसे पहले एक कढ़ाई में तेल डालकर मध्यम आंच पर गर्म करें। इसके बाद इसमें उबले हुए आलू, हल्दी, धनिया मसाला, चाट मसाला, नमक और लाल मिर्च पाऊडर डालकर अच्छे से पकाएं। जब आलू का रंग सुनहरा हो जाएं तो इसे आंच से हटा लें। अब एक पैन में तेल डालकर मध्यम आंच पर गर्म होने दें। फिर इसमें जीरा, लहसुन, अदरक और प्याज डालकर फाई कर लें। इसके बाद इसमें टमाटर प्यूरी डालकर 2 मिनट तक पकाएं। अब इसमें फाई किए हुए आलू, मेथी और गर्म मसाला डालकर कुछ मिनट तक कम आंच में पकाते रहे। आपका तवा आलू मसाला बनकर तैयार हैं। इसे धनिये के साथ गार्निश करके सर्व करें।

# पुरूषों की हर स्किन प्रॉब्लम का हल हैं ये फेस पैक



हमें स्किन की देखभाल करना बहुत जरूरी होता है। औरतों के मुकाबले पुरूषों की त्वचा सख्त होती है और जल्दी ही डैमेज भी होने लगती है। शेविंग क्रीम, धूल-मिट्टी, धूप आदि के कारण स्किन की नैचुरल नमी खो जाती है। इसी कारण त्वचा रूखी-सूखी और बेजान सी लगने लगती है। पुरूषों को अपनी त्वचा सॉफ्ट बनाएं रखने के लिए कई तरह की क्रीमों का इस्तेमाल करना पड़ता है लेकिन इनमें कई तरह के कैमिकल का इस्तेमाल किया जाता है, जिससे त्वचा पर ज्यादा असर दिखाई नहीं देता। आप घरेलू फेस पैक से भी त्वचा को सॉफ्ट बना सकते हैं।

**दूध-** दूध त्वचा को मुलायम बनाएं रखने का काम करता है। यह नेचुरल तरीके से त्वचा को गहराइयों का साफ करके डेड स्किन को दूर करने का काम करता है। एक कटोरी में 1 टेबलस्पून कच्चा दूध लेकर रूई की सहायता से इसे चेहरे पर लगाएं। 15-20 मिनट बाद चेहरे को ठंड़े पानी से साथ धो लें। लगातार इसके इस्तेमाल से स्किन सॉफ्ट होने लगेगी।

**पपीता-** पपीता से बना फेस पैक पुरूषों की स्किन के लिए बैस्ट होता है। पपीते का पेस्ट, 1 चम्मच नींबू का रस और 1 चम्मच दूध मिलाकर पैक तैयार कर लें और फेस पर लगाएं। सूख जाने के बाद इसे हल्के हाथों से रगड़ते हुए साफ कर लें।

**केला-** स्किन को सॉफ्ट बनाने के लिए केला और गुलाब जल डालकर पेस्ट तैयार कर लें। इसे चेहरे पर लगाएं और 20-25 मिनट बाद धो लें। चेहरे के दाग-धब्बे साफ हो जाएंगे।

मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश शर्मा द्वारा अजय त्यागी के लिए ईको प्रिंटिंग प्रेस, पोस्ट एवं पीएस : गड़चुक, कटाबाड़ी मस्जिद के पास, कामरूप (मेट्रो), गुवाहाटी-35 से मुद्रित एवं गुड लक पब्लिकेशंस, हाउस नं. 30, डी. नेउग पथ, डोना प्लैनेट के नजदीक, एबीसी, जीएस रोड गुवाहाटी-5 से प्रकाशित।
संपादक : राकेश शर्मा, मोबाइल : 94350-14771, 97070-14771 ● कार्यकारी संपादक : डॉ. आसमां बेगम ● फोन : 0361-2960054 (संपादकीय) e-mail : viksitbharatsamacharghy@gmail.com, (सभी विवाद सिर्फ गुवाहाटी न्याय क्षेत्र के अधीन)